



31:10:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 296 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, कृष्णपक्ष तृतीया, विक्रम संवत 2080

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## पलामू प्रमण्डलीय

# रोज़गार मेला

## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **5132** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड

**श्री सुनील कुमार सिंह**
माननीय सांसद, चतरा

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**सम्मानित अतिथि**

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डालटनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री वैद्यनाथ राम**
माननीय विधायक, लातेहार

**श्री कुशवाहा शशि भूषण मेहता**
माननीय विधायक, पांकी

**श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी**
माननीय विधायक, विश्रामपुर

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्री भानु प्रताप शाही**
माननीय विधायक, भवनाथपुर

**दिनांक : 31.10.2023 | समय : अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : पुलिस लाईन मैदान, डालटनगंज (पलामू)**

PR 310213 (Labour Employment and Traning) 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

उद्घाटन मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे दुमका, पूजा अर्चना के बाद किया

# झारखंड का सबसे लंबा पुल जनता को समर्पित

राष्ट्रीय खबर



**दुमका:** दुमका जिला में कुमरावाद के नजदीक मयूराक्षी नदी पर नव निर्मित उच्च स्तरीय सेतु लंबाई (2.34 किमी) का उदघाटन एवं अन्य पथ परियोजनाओं का शिलान्यास/उदघाटन समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गणमान्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आमजनों के लिए निरंतर कार्य कर रही है।कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार लोगों को सशक्त करने का कार्य कर रही है।सरकार राज्यवासियों को ध्यान में रखते हुए योजना बना रही है ताकि सभी वर्ग के लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना से सभी योग्य लाभुक जिनकी उम्र 60 वर्ष है साथ ही विधवा तथा विकलांग लोगों को आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है।हरा राशन कार्ड के माध्यम से राज्य सरकार सभी योग्य लाभुकों को अनाज उपलब्ध करा रही है।धोती साड़ी योजना के माध्यम से साल में 2 बार धोती साड़ी सभी योग्य लाभुकों को उपलब्ध करा रही है।राज्य सरकार गरीबों के लिए योजनाएं बनाती हैं तथा उन्हें इसका लाभ मिले इसके लिए भी सभी आवश्यक कार्य कर रही है।उन्होंने कहा सरकार आपके द्वार के माध्यम से जिला प्रशासन लोगों के द्वार पर पहुंच कर उनकी समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही है कहा कि राज्य सरकार गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना प्रारंभ कर रही है।जिसके तहत योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए आवास दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि नव निर्मित पुल के नामांकरण दिशोम गुरु श्री शिबु सोरेन सेतु से संबंधित माननीय कृषि मंत्री की मांग को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शिलापट लगाने का कार्य किया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कृषि मंत्री श्री बादल ने कहा कि आज संथाल परगना के साथ पूरे राज्य के विकास को देख कर लगता है झारखंड विकास की एक नयी गति पर चल चुका है।उन्होंने कहा कि इस उच्चस्तरीय पुल का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन सेतु रखा जाय।माननीय दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन के संघर्षों के परिणाम है कि हमें झारखंड के रूप में एक नया राज्य मिला।किसान,स्कूल की बच्चियों सहित पूरे राज्य के लोगों को कई योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया गया है।

राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि इंतजार खत्म हुआ अब लोगों का आवगमन सुलभ होगा।इस पूल के निर्माण से जिले को लोगों को काफी राहत मिलेगी।लोगों को विकास की योजनाओं से जोड़ना तथा उनके चेहरे पर खुशहाली लाना यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है।सर्वजन पेंशन के माध्यम से सभी को पेंशन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी।राशन के समस्या को हरा राशन कार्ड के माध्यम से दूर किया गया।सावित्री बाई फुले योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को आच्छादित किया गया है।योजना का लाभ लोगों तक पहुँचे इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत पूरे राज्य में किया गया।झारखंड अलग होने के बाद पहली बार लोगों को राज्य की प्राथमिकता देखने को मिली।व्यवस्था को सुधारने की सोच सरकार रखती है।पहली बार जेपीएससी, एसएससी की परीक्षाएं ससमय सम्पन्न हुई।पूर्व में परीक्षा तो हो जाती थी लेकिन फिर अभ्यर्थी कोर्ट का चक्कर लगाते रहते थे।पूरे राज्य में जिस प्रकार आधारभूत संरचना का निर्माण हो रहा है उससे यह प्रतीत होता है कि माननीय मुख्यमंत्री राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं लेकिन जानकारी के आभाव में लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।कहा कि योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए योजना का लाभ लें तभी राज्य सरकार की सभी योजनाएं सही मायने में सफल होंगी।

शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन ने कहा कि आमजनों की तकलीफ को जानने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेश पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी लोगों के घर तक पहुँचे और आमजनों की समस्याओं को तुरंत दूर किया गया।सरकार बनते ही कोविड-19 महामारी के कारण सभी कार्य धीमी पड़ गयी लेकिन सरकार ने निरंतर विकास कार्यों को गति देने का कार्य किया।कोविड महामारी के दौरान अन्य राज्यों में फसे लोगों को सरकार ने लोगों को हवाई जहाज से भी लाने का कार्य किया।इस पुल के निर्माण से दुमका जिला के विकास को गति मिलेगी और यह सेल्फी ब्रिज दुमका जिला आने वाले पर्यटकों का केंद्र होगा।कहा कि मलूटी के मंदिरों का संरक्षण आवश्यक है।मलूटी में और भी अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचे इसके लिए जरूरी कार्य किये जायें।पहाड़ी क्षेत्रों में बसे लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चत किया जाय।जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पिछले दिनों शिकारीपाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया था।उन्होंने कहा कि सरकार आमजनों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।लोगों को योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है।सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से राज्य सरकार ने 60 वर्ष के सभी लोगों के लिए पेंशन की व्यवस्था की है।साथ ही सभी दिव्यांग तथा विधवा महिलाओं के लिए भी सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से पेंशन की व्यवस्था की गयी है।

## मुड़मा जतरा का उद्घाटन बाबूलाल मरांडी ने किया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** दो दिवसीय झारखंड का ऐतिहासिक मूडमा जतरा का विधिवत उद्घाटन सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि हेमंत सोरेन होंगे। खेल तमाशे, बिजली चालित झूले, मौत का कुंआ सर्कस, झूला, जादू के खेल व मनोरंजन के कई अन्य साधन, पारम्परिक वाद्य यंत्र, कृषि उपकरण, अस्त्र शस्त्र, श्रृंगार प्रसाधन, खाने पीने व खेल खिलौने के सैकड़ों दुकान सज धज कर तैयार हो चुका । 30 अक्तूबर को सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा की अगुवाई में 40 पाड़हा के पाहन पुजार व धार्मिक अगुवा द्वारा द्वारा जतरा स्थल पर शक्ति खूंटा की पूजा अर्चना के बाद यह दो दिवसीय मेला विधिवत रूप से शुरू किया गया । जतरा के उदघाटन समारोह में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। 24 घंटे के इस जतरा में भारी भीड़ उमड़ती है। 30 से 40 लाख तक ग्रामीणों शामिल होने की उम्मीद है जतरा में देश के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल के भी लोग शामिल होते हैं। जतरा में शामिल होने वाली भीड़ को लेकर प्रशासन की ओर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मेला स्थल मे शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या मे दंडाधिकारियों के अलावा पुरुष व महिला पुलिस बल की तैनाती की गयी है। जतरा के हर कोने मे नजर रखने के लिए 15 वाच टावर बनाये गये हैं साथ प्रत्येक खास स्पॉट पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।

संगठन सशक्तिकरण अभियान मिशन में बोले मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

## माइनॉरिटी के अंदर नेतृत्व का विकास करना उद्देश्य

राष्ट्रीय खबर



**पलामू:** छतरपुर के परी मैरिज हॉल में सोमवार को झारखंड सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने संगठन सशक्तिकरण अभियान मिशन 2024 के तहत कार्यकताओं से रूबरू हुए और कार्यकताओं की स्थिति को जाना समझा कांग्रेस कार्यकताओं ने डॉ रामेश्वर उरांव का बुके व माला देकर स्वागत किया डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि ना दिल्ली में और ना ही राज्य में ना ही जिला में कांग्रेस का जन आधार था लेकिन बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में 18-19 वर्षों के बाद आज हमें कार्यकताओं में जोश दिखा है हमें बाहरी पकड़ को मजबूत नहीं करना हमें जड़ को मजबूत करना है जब से इंडिया पार्टी के गठन हुई है उसके बनने के बाद बीजेपी का पसीना छूट रहा है एसटी, एससी, ओबीसी माइनॉरिटी के अंदर हमें नेतृत्व का विकास करना है और यही हमारा उद्देश्य है हमें वोटर नहीं बनाना चार से पांच हजार किलोमीटर की पदयात्रा करने के बाद राहुल गांधी को लोग प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते हैं कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए ही सारे प्रखंड में ऐसे कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक जिला संयोजक लोकसभा प्रभारी भीम कुमार जिला उपाध्यक्ष 20 सूत्री प्रदेश प्रतिनिधि विमला कुमारी, राजन सिंह एआईसीसी मेंबर,ओबीसी जिला अध्यक्ष धनन्जय यादव, जिला सचिव खालिद रजा पप्पू पासवान विधानसभा प्रभारी मंडल अध्यक्ष चारों प्रखंड के अध्यक्ष नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में कांग्रेस कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। छतरपुर व नौडीहा प्रखंड के 512 पर शिक्षकों का अवैध करार देने के संबंध में पारा शिक्षक संघ ने मंत्री रामेश्वर उरांव को ज्ञापन सोपा पारा शिक्षकों ने राज्य परियोजना निदेशक के पत्रांक 3941 दिनांक 13 10 2023 के आलोक में कार्यरत 512 शिक्षकों का आदेश रद्द करवाने के संबंध में मंत्री को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश कुमार मिश्रा, सत्यदेव सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रेम शंकर शर्मा, रितेश कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार पासवान, राजेश जायसवाल,सहित अन्य पारा शिक्षक उपस्थित थे।

इसी क्रम में अनुमंडलीय अस्पताल के आउटसोर्स कर्मियों के द्वारा सुबे के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को ज्ञापन सौंप कर कार्य के अनुसार मानदेय की बढ़ोतरी की मांग की है बताते चले कि आउटसोर्स कंपनी बालाजी के द्वारा अन्य जिलों के अपेक्षा पलामू में आधे से भी कम मानदेय का भुगतान किया जा रहा है।

## आवास घेराव करने पहुंचे मनरेगा कर्मियों से मंत्री आलमगीर आलम ने की मुलाकात



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** वर्ष 2007 से रोजगार गारंटी योजना मनरेगा में सेवा दे रहे राज्यभर के करीब 5600 मनरेगा कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का आवास घेरने रांची पहुंचे थे। चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा के अनुसार आज मंत्री आवास घेरने पहुंचे मनरेगाकर्मियों के बीच जाकर ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने उनकी मांगों की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि सरकार मनरेगाकर्मियों की मांग पर सकारात्मक सोच रखती है।मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जल्द ही झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों और मनरेगा आयुक्त के साथ बैठक की जायेगी। आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार दो राज्यों राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी लेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को भी जल्द ही सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जायेगा। राज्य की वर्तमान सरकार के दौरान ही मनरेगा कर्मियों का मानदेय बढ़ाया गया और आगे भी सरकार उनकी बेहतरी के लिए काम करेगी।ग्रामीण विकास मंत्री से वार्ता के बाद संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि विभागीय मंत्री ने उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक बात कही है। ऐसे में आगे के लिए आंदोलन की क्या रणनीति होगी, इस पर संघ के पदाधिकारी मिल बैठकर जल्द फैसला लेंगे।

## सीएमपीडीआई के सीएमडी दिलायी सत्य निष्ठा की शपथ

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेर्शानुसार सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड में सोमवार से 5 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन सह शपथ ग्रहण समारोह में सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3 के सभी उपस्थित महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलायी। इसके अलावा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म जयंती के अवसर पर संस्थान के सीएमडी मनोज कुमार, निदेशक शंकर नागाचारी,निदेशक अजय कुमार, निदेशक सतीश झा,निदेशक अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा,महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

राजनीति प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर कांग्रेस का तंज, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

## चुनाव नजदीक आया तो विदेश की जगह देश की यात्रा करने लगे पीएम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातू जाएंगे। पीएम मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर राज्य में सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश दौरा बंद कर देश का दौरा करना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी को इस बात का एहसास हो गया है कि पहले पांच राज्यों में और फिर लोकसभा के चुनाव होने हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 नवंबर को संभावित झारखंड यात्रा को राजनीतिक यात्रा बताते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव नजदीक है। इसलिए पीएम मोदी धरती आबा बिरसा मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव को भी याद करेंगे। प्रधानमंत्री को झारखंड और झारखंड की जनता से कोई भावनात्मक लगाव नहीं है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शनिवार को धनबाद के बैंक मोड़ के पास एक व्यवसायी के साथ हुई घटना को दुखद बताते हुए कहा कि धनबाद पुलिस 24 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार करे। गौरतलब है कि रविवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने धनबाद घटना की निंदा करते हुए इसे राज्य में ध्वस्त कानून-व्यवस्था का नतीजा बताया था।प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और राज्य के सभी वर्गों के योग्य युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए पीसीसी झारखंड अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है और यह भविष्य में भी जारी रहेगा।झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां परिवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग भारतीय जनता पार्टी के चुनावी हथियार के रूप में काम कर रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि अभी झारखंड में चुनाव नहीं हो रहे हैं। वरना ईडी और आईटी की कुछ टीमें यहां भी पहुंच जातीं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं को पहचान चुकी है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को उसके झूठे चुनावी वादों का हिसाब लेगी।

## न्यूज फटाफट

### प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग ने जिला कमिटी की घोषणा की

रांची: झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष अभिलाष साहु की मौजुदगी में आज कांग्रेस भवन, रांची में रांची जिला ग्रामीण ओबीसी विभाग अध्यक्ष प्रदीप साहु ने जिला कमिटी की घोषणा कर दी है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, राजेश चन्द्र राजू, राजेश वर्मा उपस्थित थे। रांची जिला ग्रामीण ओबीसी विभाग अध्यक्ष प्रदीप साहु ने जिला कमिटी की घोषणा करते हुए बताया कि जिला कमिटी में उपाध्यक्ष-05, महासचिव-01, सचिव-04 एवं लापूंग, नगड़, नामकुम तथा तमाड़ प्रखंड कांग्रेस कमिटी ओबीसी का अध्यक्ष बनाया गया है। कमिटी में उपाध्यक्ष- सुनिल कुमार, अफरोज खान, मो मिराज शेख, पवन राम साहु, गणेश कुमार, महासचिव- रामस्वरूप कुमार, सचिव- विशाल कुमार साहु, तालेश्वर साहु, रामनाथ महतो, इरफान अहमद एवं लापूंग प्रखंड- रामकिशन साहु, नगड़ दीलिप महतो, नामकुम अमृत महतो तथा तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष- गौतम कुमार गंझू को बनाया गया है।

### देवघर-गोड्डा समेत 24 ठिकानों पर आईटी रेड

रांची: इनकम टैक्स पटना और धनबाद की टीम ने आज अहले सुबह देवघर और गोड्डा के दर्जनों ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान टीम ने बड़े-बड़े कारोबारी, नेता समेत कई के ठिकानों पर छापा मारा। आज सुबह 24 ठिकानों पर अचानक इनकम टैक्स की टीमें पहुंची और ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। मामला चारुशीला ट्रस्ट और फलेरिया कोठी की जमीन के साथसाथ शराब कारोबार से जुड़ा है। इसी मामले में देवघर नगर निगम के पूर्व मेयर राजनारायण खवाड़े उर्फ बबलू खवाड़े, उनके सहयोगी रहे उमाशंकर सिंह, रियल एस्टेट कारोबारी संजय मालवीय के कई ठिकानों पर भी रेड जारी है। बबलू खवाड़े के रितिक राज होटल सहित अन्य ठिकाने पर छापेमारी चल रही है। संजय मालवीय के होटल अंजुला मेंशन और उनके अपार्टमेंट पर भी आईटी की टीम ने छापा मारा है। देवघर में जमीन कारोबारी बृजेश राय के जसीडीह स्थित तीन ठिकाने सियाराम हॉस्पिटल, संत फ्रांसिस हॉस्पिटल वाली गली स्थित बृजेश राय के आवास और उसके सिमरिया स्थित आवास पर इनकम टैक्स की टीम छापेमारी चल रही है।

### मेडिकल हेल्थ बीमा लागू करने के लिए सरकार करेगी कर्मचारियों संग बैठक

**रांची:**राज्य के कर्मचारियों को मेडिकल हेल्थ बीमा लागू करने के लिए सरकार ने कर्मचारियों के साथ 31 अक्टूबर को बैठक बुलायी है। यह बैठक नेपाल हाउस सभागार में दोपहर बाद 3।30 बजे से होगी। बैठक में मेडिकल बीमा योजना के तहत चिकित्सा पैकेज तैयार करने को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ इस बैठक में स्वास्थ्य बीमा योजना राज्य कर्मियों के हित में केंद्र के अनुरूप हू-ब-हू लागू करने की मांग करेगा।बैठक में महासंघ की ओर से अध्यक्ष देव नारायण मुंडा, महामंत्री कुमार साह, उपाध्यक्ष कौशल प्रसाद सिन्हा, मुक्तेश्वर लाल, गणेश प्रसाद सिंह,संरक्षक आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### मनीष सिसोदिया की जमानत .. ..

में गिरफ्तार किया था।

अब उन्हें दो मामलों का सामना करना पड़ रहा है - एक-एक सीबीआई और ईडी द्वारा। श्री सिसौदिया ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। सीबीआई का तर्क है कि शराब कंपनियां अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति को तैयार करने में शामिल थीं, जिससे उन्हें 12 प्रतिशत का लाभ होता। एक शराब लॉबी जिसे साउथ ग्रुप कहा जाता था, ने रिश्वत का भुगतान किया था, जिसका एक हिस्सा लोक सेवकों को दिया गया था। उच्च न्यायालय ने 30 मई को सीबीआई मामले में श्री सिसौदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वह एक हाई-प्रोफाइल व्यक्ति हैं जो गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। 3 जुलाई को उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। आम आदमी पार्टी ने पहले कहा था कि श्री सिसोदिया की गिरफ्तारी शासन के दिल्ली मॉडल पर हमला थी। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने 28 फरवरी को कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। वह उस समय उत्पाद शुल्क विभाग सहित 18 विभाग संभाल रहे थे।

### भाजपा के बीस विधायक .. ..

पार्टी के ऑल इंडिया महासचिव अभिषेक बनर्जी का हाथ पकड़कर तृणमूल में शामिल हो गए हैं। इससे पहले मुकुल रॉय, सौमेन रॉय, कृष्णा कल्याणी, विश्वजीत दास, सुमन कांजीलाल और तन्मय घोष ने भाजपा का सिंबल जीतकर तृणमूल खेमे में अपना नाम दर्ज कराया है। तो कुणाल ने भाजपा खेमे में तीव्र विभाजन का संकेत दिया है। भाजपा विधायक मिहिर ने कहा, बिजली की भट्टियों पर लोग तभी जाते हैं जब उनके जीवन की रोशनी बुझ जाती है। इसलिए, ईमानदार लोग जो भाजपा के आदर्शों में विश्वास करते हैं, जो पारंपरिक राज्यवाद में विश्वास करते हैं, वे कभी भी तृणमूल नामक बिजली की भट्टी में नहीं जाएंगे।

### भारत-भूटान सीमा से हथियार .. ..

भीषण टक्कर में कई लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।शुरूआत में एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी जबकि अन्य को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि तीन और लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है या उन्नत उपचार के लिए अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित किया जा रहा है। इस भयानक दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान इस प्रकार की गई है: आसन अली - बोलेरो वाहन का चालक, जिसने टक्कर में अपनी जान गंवा दी। सफियार हक - एक यात्री जो दुखद रूप से दुर्घटना में बच नहीं पाया। असादुल इस्लाम - टक्कर में एक और यात्री की जान चली गई। अफसोस की बात है कि बोलेरो वाहन में एक अन्य यात्री का नाम अज्ञात है, क्योंकि तत्काल चिकित्सा देखभाल के लिए गुवाहाटी की एम्बुलेंस यात्रा के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।इस हादसे के बीच बोलेरो गाड़ी के एक अन्य यात्री फुइजल हक को उन्नत चिकित्सा उपचार के लिए रंगजुली अस्पताल से गुवाहाटी ले जाया गया। इसके अतिरिक्त, दो स्कूटी सवार, नितानंद दास और मधुस्मिता सूत्रधार, जो दुर्घटना में शामिल थे, को दुर्घटना की गंभीरता पर जोर देते हुए अधिक उन्नत चिकित्सा उपचार के लिए गुवाहाटी स्थानांतरित कर दिया गया है।अधिकारी घटना के कारणों का पता लगाने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए जांच कर रहे हैं।

### आंध्र प्रदेश में दो ट्रेनों की .. .. ..

मौत पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। मुख्यमंत्री ने विजयनगरम जिले में कंटकपल्ली ट्रेन दुर्घटना की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित राहत उपाय करने और यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि घायलों को शीघ्र चिकित्सा सेवाएं मिलें। मुख्यमंत्री ने विशाखापत्तनम और अनाकापल्ली के नजदीकी जिलों से अधिक से अधिक एम्बुलेंस भेजने और आसपास के अस्पतालों में चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था करने की सलाह दी। घटना के बारे में विवरण समय-समय पर उन्हें बताया जाना चाहिए। यह जोड़ा गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना पर मुख्यमंत्री को फोन किया।मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि बचाव दल दुर्घटनास्थल पर भेजे गए हैं और शिक्षा मंत्री बी सत्यनारायण, जिला कलेक्टर और एसपी राहत और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को आगे बताया कि घायलों के इलाज के लिए आसपास के अस्पतालों में सभी इंतजाम किए गए हैं। इस बीच विरोधी दलों ने इस हादसे के बाद फिर से रेल के कवच दुर्घटनारोधी पद्धति के इस ट्रेन में चालू नहीं होने पर सवाल उठा दिया है।



31:10:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 296 epaper.rashtriyakhabar.com कार्तिक, कृष्णपक्ष तृतीया, विक्रम संवत 2080

रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17.11 बजे
सूर्योदय (कल) » 05.53 बजे




## विदुर नीति

यथा मधु समादत्ते रक्षन् पुष्पाणि षटपदः।

तद्वर्थान्मनुष्येभ्य आदद्याविहिंसया॥

**भावार्थ** : राजा को चाहिए कि वह प्रजा को कष्ट पहुंचाये बिना ही उससे कर/लगान इस प्रकार ग्रहण करे, जैसे छह पैरों वाला जीव (मधुमक्खी) बिना फूलों को हानि पहुंचाये उनसे शहद/रस/ परागकण ग्रहण कर लेता है।

## टाला जा सकता है 2024 का चुनाव : प्रो यादव

**इटावा:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव ने आशंका जाताई है कि इस साल के आखिरी में होने जा रहे पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के नतीजों के बाद 2024 के संसदीय चुनाव टाले जा सकते है क्योंकि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह से हारने जा रही है। किसी भविष्यवक्ता की तरह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ने के.के डिग्री कॉलेज में सरदार पटेल विचार मंच की ओर से आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से पूर्व आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण सारे देश में डर का माहौल है,देशवासी डर के मारे मोदी के शासन को अच्छा बताने में जुटे हुए हैं। हालात इतने खराब बने हुए है कि न्यायपालिका भी डरी हुई है जब भी संसदीय चुनाव होगा, मोदी सरकार सत्ता से बाहर होगी। जब विधान सभा चुनावों का परिणाम आएगा तो कहीं ऐसा न हो की 2024 का लोकसभा चुनाव टाल दें।

## हाथी की गोली मारकर हत्या

**चेन्नई:** तमिलनाडु के होसुर में कावेरी उत्तरी वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले ज्वालागिरी वन क्षेत्र में एक वन्यजीव हाथी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हाथी के शव की उम्र करीब 15-16 साल बताई जा रही है। हाथी का शव रविवार शाम को वन विभाग की गश्ती टीम को मिला। पोस्टमार्टम से पता चला कि इसकी हत्या करीब दो-तीन दिन पहले गोली मारकर की गई थी। वन विभाग के सूत्रों ने हालांकि, सोमवार को बताया कि हाथी के दांत बरकरार पाए गए। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## जालंधर में धान की खरीद का लक्ष्य 51 प्रतिशत पूरा

**जालंधर:** पंजाब में जालंधर की अनाज मंडियों में चालू खरीफ विपणन सीजन के दौरान 10.58 लाख टन धान की खरीद होने की उम्मीद है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने सोमवार को बताया कि 29 अक्टूबर तक जिले की अनाज मंडियों में 563834-एमटी धान की आमद हो चुकी है, जिसमें से 544218-एमटी धान की खरीद हो चुकी है, जो धान के अनुमानित लक्ष्य से आधे से अधिक है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने अनाज के उठान और परिवहन की प्रक्रिया में और तेजी ला दी है, क्योंकि 29 अक्टूबर तक खरीदे गये 92 प्रतिशत से अधिक धान को अनाज मंडियों से पहले ही उठाया जा चुका है। सारंगल ने कहा कि अब तक विवरण के अनुसार, पनग्रेन द्वारा 204007-टन, मार्कफेड द्वारा 141152-टन, पनसप द्वारा 141832-टन, पंजाब स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन द्वारा 56176-टन और निजी व्यापारियों द्वारा 1052-टन धान की खरीद की गयी है। जालंधर में किसानों को 1118 करोड़ रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है।

## हमले में बीआरएस उम्मीदवार घायल

**सिद्दीपेट:** तेलंगाना में मेडक से सांसद और दुब्बाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति(बीआरएस) के उम्मीदवार कोटा प्रभाकर रेड्डी पर दौलताबाद मंडल के सुरमपल्ली गांव में सोमवार को चुनाव प्रचार के दौरान अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला किया। घायल सांसद को तत्काल चिकित्सा के लिए गजवेल अस्पताल ले जाया गया। पार्टी कार्यकर्ता अज्ञात हमलावर को पकड़ने में कामयाब रहे और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। तेलंगाना के राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने श्री रेड्डी पर हुए हमले पर गहन चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, मैं दौलताबाद मंडल के सुरमपल्ली में एक चुनाव अभियान के दौरान मेडक सांसद और बीआरएस दुब्बाक विधायक उम्मीदवार, कोठा प्रभाकर रेड्डी पर हुए दुर्भाग्यपूर्ण हमले से बेहद व्यथित हूं। लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है, और ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। उन्होंने कहा, मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए कामना करती हूं। राज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक को गहन जांच के लिए कड़े कदम उठाने और पूरे चुनाव अवधि के दौरान सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और प्रचारकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिये हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों को असुविधा के लिए हमें खेद है।

**आदेश** सुप्रीम कोर्ट ने कहा छह महीने में पूरी करे जांच

# मनीष सिसोदिया की जमानत नामंजूर

- अस्थायी रूप से 338 करोड़ रुपये का मनी ट्रेल स्थापित किया गया है: सुप्रीम कोर्ट
- अब उन्हें दो मामलों का सामना करना पड़ रहा है



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया छह महीने और जेल में रहेंगे क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने आज उन्हें दिल्ली शराब नीति मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि मामले में अस्थायी रूप से 338 करोड़ रुपये का मनी ट्रेल स्थापित किया गया है और आदेश दिया गया है कि मुकदमा 6-8 महीने में पूरा किया जाए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, अगर मुकदमा धीरे-धीरे आगे बढ़ता है तो श्री सिसौदिया तीन महीने बाद फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। अदालत ने फिर से यह भी दोहराया कि हमने तर्कों और कुछ कानूनी सवालों का हवाला दिया है लेकिन हमने उनमें से अधिकांश का उत्तर नहीं दिया है। विश्लेषण में, कुछ ऐसे पहलू हैं जो 338 करोड़ के हस्तांतरण के संबंध में संदिग्ध हैं, हस्तांतरण अस्थायी रूप से स्थापित है। हमने जमानत खारिज कर दी है , जस्टिस खन्ना ने कहा। सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि मनीष सिसोदिया को अनिश्चित काल तक जेल में नहीं रखा जा सकता है और आरोपपत्र दाखिल होने के बाद बहस शुरू होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में इस ताजा झटके पर आप ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इधर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा श्री सिसौदिया को जमानत देने से इनकार करने से यह स्पष्ट हो गया है कि आप नेतृत्व भ्रष्टाचार में शामिल है। श्री तिवारी ने कहा, आप के शीर्ष नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। अरविंद केजरीवाल को निश्चित रूप से गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि आप नेतृत्व पूरी तरह से भ्रष्टाचार में शामिल है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीर्ष सहयोगी श्री सिसौदिया को 26 फरवरी को कथित शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने भी उन्हें तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद 9 मार्च को केंद्रीय जांच

» पेज 2 भी देखें

राज्य में उल्टा ऑपरेशन कमल का टीएमसी का दावा

## भाजपा के बीस विधायक फिर पार्टी छोड़ेंगे !



राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** तृणमूल कांग्रेस की तरफ से किये गये एक दावा ने भाजपा को फिर से नाराज कर दिया है। तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने दावा किया कि भाजपा के 20 और विधायक तृणमूल के संपर्क में हैं। उन्होंने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया। शुक्रवार को दिल्ली में भाजपा सांसद दिलीप घोष ने टिप्पणी की, भाजपा इस राज्य में हारकर बुरी हालत में है। पिछले दिनों एक और भाजपा विधायक हाराधन प्रतिहार ने भी टीएमसी की सदस्यता ले ली है। इसके बाद ही यह टिप्पणी आयी है। याद दिला दें कि विधानसभा चुनाव के वक्त भाजपा यहां दो सौ सीट पार करने का दावा कर रही थी। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर एक मात्र व्यक्ति थे, जिन्होंने कहा था कि भाजपा यहां पर एक सौ सीटें भी नहीं जीत पायेगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा के हाथ में 77 विधायक थे, जो अब घटकर 67 हो चुके हैं। दो विधायक, निशिथ प्रामाणिक और जगन्नाथ सरकार केंद्र में मंत्री बनने के बाद इस्तीफा दे चुके थे। इन दोनों की खाली सीटों पर भाजपा चुनाव में पराजित हो गयी थी।

तृणमूल की तरफ से कहा गया है कि भाजपा के अन्य 20 विधायक इंतजार कर रहे हैं। देखिए कितने विधायक आते हैं। इस किस्म की टिप्पणी के जवाब में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य मिहिर गोस्वामी ने तृणमूल की तुलना बिजली की भट्टी से की। गौरतलब है कि विजय दशमी के अगले दिन ऑल इंडिया तृणमूल के एक्स हैंडल ने एक फोटो प्रकाशित कर बताया था कि कोतुलपुर के भाजपा विधायक हरकाली प्रतिहार

» पेज 2 भी देखें

## शिवसेना का मुद्दा 31 दिसंबर तक तय करे: सुप्रीम कोर्ट

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को शिवसेना और एनसीपी से अलग हुए विधायकों के खिलाफ दलबदल याचिकाओं पर फैसला करने के लिए समयसीमा दी है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिवसेना विवाद में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे खेमे के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर 31 दिसंबर, 2023 तक और राकांपा विवाद में उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाले अलग हुए गुट के खिलाफ 31 जनवरी, 2024 तक फैसला करना है।

सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को निर्देश दिया कि वह शिवसेना विवाद में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे खेमे के खिलाफ संविधान की दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 31 दिसंबर, 2023 तक फैसला करें। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने दसवीं अनुसूची के तहत एक न्यायाधिकरण के रूप में स्पीकर को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) विवाद में उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाले अलग गुट के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर 31 जनवरी, 2024 तक फैसला करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा, इसलिए हम स्पीकर को शिवसेना मामले में अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने के लिए दो महीने और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मामले में एक महीने का समय दे रहे हैं। यह उचित है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अयोग्यता की कार्यवाही समाप्त करने के लिए स्पीकर को बार-बार अवसर देने के बाद उन्हें समय सीमा से बांधने की जरूरत आ गई है। महाराष्ट्र विधान सभा सचिवालय के सचिव द्वारा हलफनामा दायर करने के बाद अदालत ने मामले को अपने हाथ में ले लिया कि अध्यक्ष केवल 29 फरवरी, 2024 तक ही निर्णय ले सकते हैं।

हम नहीं चाहते कि यह अगले चुनाव कार्यक्रम में शामिल होङ्क अगले चुनावों की घोषणा होने तक कार्यवाही में देरी नहीं हो सकती। इसे एक निश्चित तारीख के भीतर समाप्त करना होगा, मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान हलफनामे पर दृढ़ता से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि एक संविधान पीठ ने मई में विधानसभा अध्यक्ष को शिवसेना मामले में निष्कर्ष निकालने और अंतिम आदेश सुनाने का निर्देश दिया था।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने देरी की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारी संविधान पीठ का फैसला मई 2023 में था। घटना [शिवसेना विभाजन] 2022 में हुई थी। स्पीकर के समक्ष शिवसेना मामले में 34 और एनसीपी मामले में नौ अयोग्यता याचिकाएं लंबित हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से दीपावली की छुट्टियों और दिसंबर में 15 दिवसीय शीतकालीन सत्र के लिए विधानसभा के नागपुर में स्थानांतरित होने को ध्यान में रखते हुए स्पीकर को 31 जनवरी, 2023 तक का समय देने का आग्रह किया।

## मिजोरम में प्रधानमंत्री मोदी की सभा रद्द



**नईदिल्ली :** मिजोरम में विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा रद्द करने की सूचना है। मिजोरम भाजपा ने इसका फैसला लिया है। समझा जाता है कि मिजोरम के माहौल में मणिपुर की घटनाओं के असर को देखते हुए प्रदेश भाजपा ने ऐसा किया है। प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह मिजोरम में बैठक करने वाले थे। लेकिन भाजपा सूत्रों के मुताबिक मोदी उस बैठक में नहीं जाएंगे। उनकी जगह गृह मंत्री अमित शाह वहां जा सकते हैं। हालांकि, भाजपा ने प्रधानमंत्री की बैठक रद्द करने का कारण नहीं बताया।

हालांकि भाजपा ने आधिकारिक तौर पर इसकी वजह नहीं बताई है, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी राज्य मणिपुर के हालात के चलते ये फैसला लिया गया है। मणिपुर की जनता पहले से ही भाजपा से नाराज है। और मणिपुर की जनता का संपर्क मणिपुर की जनता के एक बड़े हिस्से से है। तो मणिपुर की तरह मिजोरम के लोग भी भाजपा से नाराज हैं। शायद इसीलिए भाजपा मोदी की सभा कराने का जोखिम नहीं उठाना चाहती। इसके पहले खुद मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने भी मणिपुर की वजह से नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करने से इंकार कर दिया है। इसके अलावा छोटे राज्य में प्रधानमंत्री की सभा स्थल पर लोगों को इकट्ठा करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। ईसाई बहुल मिजोरम में भी भाजपा का ज्यादा प्रभाव नहीं है।

ग्वालपाड़ा में तीन वाहनों की टक्कर में चार लोगों की मौत, कई घायल

## भारत-भूटान सीमा से हथियार और गोला-बारूद बरामद

- गुप्त सूचना के आधार पर सेना की कार्रवाई
- उत्तरी ईसलाखाता में हुई यह छापामारी
- गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ जारी है

भूपेन गोस्वामी




**गुवाहाटी :** उधर, असम से लगी भारत-भूटान सीमा से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज सुबह असम के चिरांग जिले में भारतीय सेना और पुलिस ने पड़ोसी देश भूटान की सीमा के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। खुफिया जानकारी के आधार पर, रानीखाता पुलिस और भारतीय सेना की चौकी की पुलिस टीम ने उत्तरी ईसलाखाता में छापा मारा जो सिदली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आता है। पुलिस टीम ने कमल बासुमतारी के आवास पर छापा मारा और वहां छिपाकर रखे गए हथियार और गोला-बारूद जब्त किए। पुलिस ने आवास से एक 7.65 एमएम पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किए। इस बीच, कमल बासुमतारी को हिरासत में ले लिया गया है और सिदली पुलिस स्टेशन में उनसे पूछताछ की जा रही है। इस दौरान दो एके-56, एक एम79 ग्रेनेड लॉन्चर, एक .22

» पेज 2 भी देखें

## आंध्र प्रदेश में दो ट्रेनों की टक्कर में नौ मरे चालीस घायल

राष्ट्रीय खबर



**विशाखापत्तनम:** रविवार को आंध्र प्रदेश में दो ट्रेनों की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई और 40 घायल हो गए। ईस्ट कोस्ट रेलवे के सीपीआरओ बिस्वजीत साहू ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार, 9 लोग हताहत हुए हैं और 29 लोग घायल हुए हैं। जिला प्रशासन ने घायलों का आंकड़ा 40 बताया है। विशाखापत्तनम से पलासा जा रही एक विशेष यात्री ट्रेन सिग्नल न होने के कारण कोथसावत्सला के पास अलामंदा और कंटाकपल्ले के बीच पटरियों पर रुकी थी, तभी विजाग-रायगढ़ पैसेंजर ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में पटरी से उतरे डिब्बे और आसपास भीड़ लगी हुई दिखाई दे रही है। रेलवे सूत्रों ने कहा कि यह हादसा मानवीय भूल का नतीजा था और लोको पायलट ने सिग्नलिंग पर ध्यान नहीं दिया। रेलवे सूत्र ने बताया कि दिल्ली रेल मंत्रालय का वॉर रूम स्थिति पर नजर रख रहा है।

ईस्ट कोस्ट रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। आंध्र के मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने दुर्घटना में लोगों की

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### पंसस ने बच्चों के बीच बांटे ड्रेस, स्वेटर और जुता

**बेरमो** :नावाडीह प्रखंड के पलामू पंचायत स्थित छोटकी कुडी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये स्कूल ड्रेस, जुता व स्वेटर का वितरण उक्त पंचायत कि पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे विधालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शनिचर मुर्मू स्कूल प्रभारी राज कुमार किस्कू, सुखलाल बास्के आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मुखिया ने आपसी विवाद को सहमति से सुलझाया

**एंकर** : दुर्गा पूजा में मेला घूमने के दौरान हुए आपसी विवाद को तेनुघाट पंचायत के मुखिया प्रतिनिधियों की मध्यस्थता से सुलझा लिया गया है। मामला । तेनुघाट पंचायत के राजेश यादव एवं मनोज यादव के बीच दुर्गा पूजा में मेला देखने के दौरान सड़क किनारे गाड़ी खड़ा करने को लेकर हुए विवाद के कारण उत्पन्न हुआ। मनोज यादव के भाई द्वारा मेला देखने के दौरान गाड़ी को रोड पर खड़ा कर चले जाने के बाद राजेश यादव के पुत्र भी गाड़ी लेकर आए और जगह नहीं होने के कारण अपनी गाड़ी को इस गाड़ी के सामने खड़ा कर दिया इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में काफी तू तू – मैं मै हुई और मामला थाना पहुंच गया। दोनों पक्षों के द्वारा तेनुघाट थाना में एक दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया गया था। मामले को लेकर थाने में विगत 5 दिनों से पड़ा आवेदन को । तेनुघाट पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार श्रीवास्तव और घरवाटार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र यादव के द्वारा आपसी सहमति से थाना में बैठकर सुलझा लिया गया। इस समझौता के बाद दोनों परिवार के लोग खुश हैं, वहीं पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा किए गए इस पहल का स्थानीय लोगों ने काफी सराहना किया। वही तेनुघाट थाना प्रभारी ने आपसी सद्भाव बनाए रखने को लेकर लोगों से अपील की है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### स्वच्छता के महत्व को अपनाने पर बल दिया:राजेश

**बेरमो** :भरत सिंह पब्लिक स्कूल में 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं विद्यालय में चित्रकला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता एवं स्वच्छता ही सेवा है विषय पर तीन नाटक विद्यालय में स्वच्छता का महत्व, अस्पताल में स्वच्छता का महत्व, कॉलोनी में स्वच्छता का महत्व का मंचन किया गया। निर्देशक शत्रुघ्न प्रसाद सिंह व सचिव राजेश कुमार सिंह ने विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए भविष्य में प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की सलाह दिया। साथ ही स्वच्छता के महत्व को अपनाने पर बल दिया। प्राचार्य शिखर चटर्जी ने कहा कि स्वच्छता की यह मुहिम अनवरत चलती रहनी चाहिए। तभी समाज और देश का चौमुखी विकास होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक रूबी चटर्जी,प्रवीण कुमार, मनीष कुमार, घर्मवीर चौधरी, अजीत कुमार ,शिव कुमार सिंह, मकसूद आलम, टीया विश्वास, बबीता सिंह, सरवन कुमार सहित सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

### तेनुघाट डैम का दो रेडियाल गेट खोला गया, दामोदर का जलास्तर बढ़ा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट** : शनिवार को तेनुघाट डैम के दो रेडियाल गेट को खोला गया है। डैम मे अत्यधिक पानी आने के करण दो रेडियल फाटक खोला गया। विभाग के द्वारा पत्राचार के द्वारा बताया गया की दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलशय का पानी लगभग 856.35 फीट बढ़ने की संभावना है जिसको देखते हुये जलशय का दो रेडियल गेट खोला गया है। जबकि जलाशय मे 865फीट पानी रखने की क्षमता है जबकि वर्तमान समय मे 852 फीट ही पानी को रखा जाता है वहीं 882 फीट खतरे की निशानी बताई गई है। वहीं दो गेट खोले जाने के बाद नदी मे पानी का बहाव लगभग 7579.036 /214.78 क्यूसेक/क्यूबीक मी प्रति सैकेंड की रफ़्तार से पानी नदी मे बहाव हो रहा है। वहीं नदी नहीं जाने की हिदायत दी गई है।

---

**अवैध खनन** बालू का खेल निराला है भैया, चोरी हो रही है या चोरी करवाई जा रही है

# भारी मात्रा में जब्त किया अवैध बालू का स्टॉक


- कुछ लोगों का नहीं पकड़ा जाता है वाहन
- कुछ लोग हो रहे हैं मालामाल
- थाना से जिनका है सम्पर्क, उनका नहीं पकड़ा जाता है वाहन
- पकड़ है उंची, नहीं पकड़ी जाएगी गाड़ी

**मनोज मिश्र**



**रामगढ़** : किस्मत का खेल निराला है मेरे भैया...। जिनका चला उनका बल्ले-बल्ले। उसी तरह रामगढ़ जिले में अवैध कारोबार का खेल है, जिसमें बालू का खेल एकदम निराला है। रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से डीसी अपने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का कई बार निर्देश देतें हैं, परन्तु नतीजा क्या होता है ? यह किसी से छुपा नहीं है। क्योंकि ये पब्लिक है... सब जानती है.. आगे देखते हैं कि प्रशासनिक कार्रवाई के तहत दो दिन पहले गोला थाना अंतर्गत हेसापोड़ा, परसाडीह बालू घाट व अन्य क्षेत्रों में चलाए गए । छापेमारी अभियान के दौरान पिपराटांड़ क्षेत्र से कुल 9000 घन फिट अवैध रूप से बालू के स्टॉक को जप्त किया गया है। उसके दूसरे दिन गुप्त सूचना के आधार पर रजरप्पा प्रोजेक्ट थाना क्षेत्र के दुलमी के पास पुलिस द्वारा बालू लदा एक ट्रेक्टर पकड़ा गया, परन्तु ट्रेक्टर गोला थाना के खास व्यक्ति के रहने के कारण पोटमदगा पुलिया के पास ट्रेक्टर मालिक और पुलिस के बीच सेटिंग हो गया। उन खास ट्रेक्टर मालिक का दावा है कि सभी गाड़ी पकड़ी जाएगी, परन्तु मेरी गाड़ी नहीं पकड़ी जाएगी। क्योंकि मैं ऊँची पकड़ रखता हूं। इस गजब के खेल में कुछ लोग मालामाल हो रहे हैं। अब आगे क्या? आप खुद सब जान रहे हैं। क्योंकि आप पब्लिक है... सब जानते हैं। नहीं जानते हैं, तो बता दें कि बालू कारोबारी का कहना है कि जिसको जो छापना है छापे। हम लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता। बल्कि छपने से हम लोगों को फायदा ही होता है। बालू का रेट बढ़ जाता है। पब्लिक को जरूरत है तो वह ज्यादा रेट देकर बालू खरीदेगा ही।

## डी ए भी पब्लिक स्कूल तेनुघाट की ओर से तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया



**तेनुघाट** : डी ए भी पब्लिक स्कूल तेनुघाट की ओर से तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर प्राचार्या – स्तुति सिन्हा के निर्देश पर पीटी शिक्षक मुरारी कुमार में बताया कि तेनुघाट डी ए भी पब्लिक स्कूल के सामने तथा तेनु डैम गेट के पास स्वक्षता अभियान चला कर लोगों को प्रेरित किया गया। ताकि लोगों के प्रति एक संदेश जय की स्वच्छ वातावरण में रहने से मानसिक और शारीरिक स्वस्थ रहता है। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक – द्रविण कुमार , शिक्षिका – बंदनी महतो, खेल शिक्षक–तथा विद्यालय के कर्मचारी – नुनुचंद,नरेश यादव, ईमतीआज, दीपक राम, कुंती देवी मौजूद थे।

## पंसस ने पीसीसी रोड कार्य का किया उद्घाटन



**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : डॉ. भीम राव अम्बेडकर फाउंडेशन संस्था के सौजन्य से रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत इचाकडीह में पीसीसी रोड रमेश रजवार के घर से बालेश्वर रजवार के घर तक पंचायत समिति सदस्या छाया कुमारी रजवार ने निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल फोड़कर रविवार को किया। मौके पर समिती के अध्यक्ष कुंजलाल मुंडा, लखन रजवार, स्नेहा देवी, पूर्व मुखिया विनोद रजवार, पंचायत समिति प्रतिनिधि रवि रजवार, पंकज रजवार समेत सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौजूद थे।

## सारंडा में सड़क किनारे लगे लोहे की गार्डवाल की हो रही चोरी



**राष्ट्रीय खबर**

**गुवा** : सारंडा घाटी में मुख्य सड़क पर तीखा मोड़ क्षेत्र में पथ निर्माण विभाग द्वारा लगाया गया लोहे का जीवन रक्षक गार्डवाल की चोरी कर ली जा रही है। 700 पहाड़ियों की घाटी के नाम से एशिया का प्रसिद्ध सारंडा जंगल से एक मुख्य सड़क तथा मुख्य सड़क के बीच सलाई चौक से गुवा होते एक दूसरी एप्रोच सड़क गुजरी है। इस सड़क मार्ग पर सैकड़ों स्थानों पर तीखा मोड़ एवं गहरी खाई है। सड़क से गुजरते समय वाहन अनियंत्रित व दुर्घटना का शिकार होकर गहरी खाई में ना गिरे, इसके लिए हर खतरनाक मोड़ पर कंक्रीट अथवा लोहे का लंबा गार्डवाल लगाया गया है। यह गार्डवाल अब तक सैकड़ों वाहन सवार की जिंदगी बचा चुका है। लेकिन स्क्रैप माफिया अपने निजी स्वार्थ के लिए सड़क किनारे लगे लोहे के इस गार्डवाल को खोल एवं जमीन में गड़ा उसका पिलर उखाड़ कर चोरी कर ले जा रहे हैं। इससे यात्रियों व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। सारंडा के दोदारी व दुईया गांव के बीच सड़क किनारे के गार्डवाल को भी खोलकर चोर ले गए हैं तथा कुछ खोलकर ले जाने के लिए रखे हुये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह गार्डवाल ट्रैक्टर से ढोकर ले जाया गया था। ग्रामीण सोचें कि पथ निर्माण विभाग इसे कहीं अन्यत्र लगाने हेतु ले जा रही है। इससे पहले किरीबुरु-बड़ाजामदा मुख्य मार्ग के किनारे लगी गार्डवाल की चोरी का प्रयास किया गया था। सारंडा में पिछले कुछ महीनों से स्क्रैप चोरों का आतंक चरम पर है।

कब लगेगा कथारा ओपी क्षेत्र में लोहा चोरो पर अंकुश

## पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर लगभग 3 टन चोरी के स्क्रैप को किया जप्त



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /कथारा** : बीते लगभग चार पांच वर्षों से सीसीएल कथारा रेलवे कॉलोनी के समीप स्थित केपटी पावर प्लांट लगातार गर्दिश मे चल रहा है। प्लाट बंद होने के बाद सबसे पहले प्लांट में भीषण आग लगी जिसमे प्लांट का लगभग तीन चौथाई भाग और सामान जल कर राख होगा। इस घटना के बाद सीसीएल द्वारा इसकी सुरक्षा के प्रति कोई सख्ती नही दिखाई जिस कारण लोहा चोरो के लिए यह एक चारागाह बन गया और रात तो रात दिन के उजाले में भी लोहा चोर प्लांट का दिवार तोड़ तथा गैस कटर से प्लांट के बड़े बड़े मशीनों को टपाना शुरू कर दिया। यदाकदा सीसीएल कथारा एरिया सुरक्षा कर्मी व स्थानीय कथारा ओपी पुलिस द्वारा छापामारी अभियान चलाकर चोरी के छुपाकर रखे स्क्रेप को बरामद करने के साथ कई बाइक व वाहन के अलावे गैस सिलेंडर और गैस कटर भी जप्त किया है मगर आज तक एक भी लोहा चोर पकड़ा नही गया ।इसी क्रम में रविवार को अहले सुबह सीसीएल महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार क्षेत्रीय रात्री गस्ती दल एवं कथारा ओ०पी के गस्ती दल ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से सी पी पी (केपटी) प्लांट के पीछे छापामारी की । छापेमारी में एक पिकअप वैन जिसकी रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच10सीएच - 5412 लावारिस अवस्था में लोहा स्क्रैप लदा पाया गया जिसमे लगभग 2 टन लोहा जप्त किया साथ ही चोरों द्वारा जमा किया गया स्क्रैप लोहा जो लगभग 1 टन के आसपास बताया गया। जिसको ट्रैक्टर में लाद कर कथारा ओ पी के सुपुर्द कर दिया गया। इस छापमारी दल मे कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, पाठक जी, तथा थाने के शस्त्र बल के अलावे सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों मे इबरार हुसैन क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी, नागेश्वर नोनिया अररक, देवांसु कुमार ्लरऋ, अशोक कुमार रात्री पाली गस्ती सुपरवाइजर, राजेंद्र उरव , झारखण्ड होम गार्ड आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## भाजपा नेता ने 3 जरूरत मंद बच्चों को पढ़ाने का लिया ज़िम्मेदारी



**बेरमो** : भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने सोमवार को डीएवी भंडारीदह मे बेरमो विघान सभा क्षेत्र के चन्द्रपुरा, टुपकाडीह और कुरपनीया के तीन जरूरत मंद बच्चों की पढ़ाई का ज़िम्मेदारी लिया। इनमें से एक बच्चे के पिता का देहांत कुछ महीने पूर्व सडक दुर्घटना में हो गया था। इस बात की जानकारी मिलने के बाद प्रकाश कुमार सिंह ने डीएवी भंडारीदह ,बेरमो के प्रिंसिपल राजेश कुमार सिह से मुलाकात किया एवं अपने निजी मद से 1 लाख रुपए चेक के माध्यम से प्रिंसिपल को सौपा। इस अवसर पर प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि बेरमो के जरूरत मंद बच्चों की शिक्षा पैसे के आभाव में बाधित नहीं होगा। विदित है कि प्रकाश कुमार सिंह ने अब तक बेरमो के सैंकड़ों बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अपने निजी मद से सहयोग कर रहे हैं। हाल हीं में प्रकाश कुमार सिंह ने बेरमो में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक शामिल हुए थें। इस अवसर पर भाजपा फुसरो मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी, जनता मजदूर संघ ढ़ोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय,पत्रकार नंदलाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

सीसीएल कथारा क्षेत्र में मात्र दो वर्षों में ही खुली कायाकल्प योजना की पोल

## मजदूरों के आवासीय कॉलोनी के बिल्डिंग का छज्जा गिरा, बाल बाल बचे सीसीएल कर्मी



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /कथारा** : मुस्किल से अभी सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा रेलवे कॉलोनी के ब्लाक नबंर मे कायाकल्प योजना के तरह मरम्मती के कार्य हुए लगभग तीन वर्ष ही गुजरे होगे इसी बीच कायाकल्प योजना मे संवेदकों द्वारा इस्तेमाल किए मटेरियल की पोल पट्टी उस समय खुल कर सामने आ गई जब एकाएक मजदूरो उक्त बिल्डिंग का निचला तक्का का छज्जा का मोटा प्लास्टर भर भरा कर गिर गया सौभाग्य से उस समय वहां पर कोई नही था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता है जबकि इस बिल्डिंग मे मजदूर अपने सपरिवार रहते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना से चन्द मिनट पुर्व ठीक उसी स्थान पर कथारा सीसीएल कर्मी रुद्र कुमार कुर्सी लगाकर बैठा हुआ था और वहां से जैसे हटा उक्त घटना घट गई। बताया जाता है कि वह सीसीएल कर्मी सीसीएल कथारा क्षेत्र के स्कुटिव हास्टल मे रसोईया का कार्य करता है। इस घटना के बाद पुरे ब्लाक में रहने वाले मजदूर और उसके परिवार दहशत जदा है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो वर्ष पूर्व ही इस ब्लाक मे सीसीएल द्वारा लाखो लाख खर्च कायाकल्प योजना के तरह मकानों की मरम्मती का काम करवाया गया था जो संवेदक द्वारा किया गया था। घटना के बाद यह सवाल उठना लाजमी है कि लाखों खर्च के बाद भी अगर मजदूरो के आवास की दशा जर्जर हो तो निश्चित ही यहां के कार्यो के दौरान संवेदक और अधिकारियों की मिली भगत हावी रही। बहरहाल मामला कुछ भी हो मगर इस घटना के बाद यहां रहने वाले मजदूरों की जान पर सामत आई हुई है ।

## सर्तकता जागरुकता सप्ताह का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /कथारा** : सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र में इन दिनों सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मनाया जा रहा है। सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र ने इस वर्ष की थीम है-भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाती है। उनके स्मरण में प्रति वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा सभी को दिलाई गई। जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखण्डता और सत्यनिष्ठा को बढावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप्ताह भ्रष्टाचार के विरूद्ध केन्द्रीय सतर्कता आयोग की जन भागीदारी सतर्कता के पहलुओं में से एक है। इसका उद्देश्य शासन और जन प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है।मौके पर सीसीएल मुख्यालय के सतर्कता विभाग से आये ओम प्रकाश , मुख्य प्रबंधक (सतर्कता ) ने सभी लोगो को जनहित प्रकटीकरण और मुखबिरों के संरक्षण के संकल्प के तहत की गई शिकायतों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहना चाहिए व अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने सतर्कता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मौके पर उपस्थित अधिकारियों व सीसीएल कर्मियों ने संयुक्त रूप से भष्ट्राचार मुक्त भारत निर्माण की शपथ ली। भ्रष्टाचार को ना कहें और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे की बात कही।सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) डीके गुप्ता की अध्यक्षता में क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के तहत भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता सह संगोष्ठी में जीएम गुप्ता ने कहा कि हम सभी की जिम्मेवारी है कि वे जो भी काम करें, पारदर्शिता के साथ करें। भ्रष्टाचार का अर्थ भ्रष्ट आचरण अर्थात अपने कर्तव्यों का पालन न करना तथा अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए उल्टे-सीधे काम करना है।क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार दूर करने का हर व्यक्ति का प्रयास अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अच्छे नागरिक के कारण ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण संभव है। इसके लिए सबों को इस पर पहल करने की जरूरत है। सतर्कता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद सतर्कता जागरुकता रैली भी निकाली गयी जिसमें सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया।

**समारोह** झारखंड इंटर महाविद्यालय का मनाया गया 28 वां स्थापना दिवस

# शिक्षा अनमोल संपत्ति एवं सफल जीवन की कुंजी है : सुधांशु पांडेय

- महाविद्यालय की स्थापना काबिले तारीफ है

**राष्ट्रीय खबर**



**गिद्दी** :झारखंड इंटर महाविद्यालय होसिर का 28वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि अरगड्डा क्षेत्र के महप्रबन्धक सुधांशु कुमार पांडेय, बीडीओ सह सीओ डाड़ी एन अंबर मौजूद थे।कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।ततपश्चात मुख्य अतिथि आदि का स्वागत बुके देकर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सुधांशु पांडेय ने कहाकि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की पहल पर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों खासकर लड़कियों की उच्चतर पढ़ाई और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए ऐसे महाविद्यालय की स्थापना काबिले तारीफ है।क्योंकि शिक्षा एक अनमोल रत्न है और सफल जीवन की कुंजी है।

शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय को जो भी आवश्यक जरूरते होंगी।उसे सीसीएल प्रबंधन द्वारा पूरा करवाया जाएगा।इस मौके पर कुमेश्वर महतो, जीप सदस्य डाड़ी भाग एक सर्वेश कुमार सिंह, जिला पार्षद डाड़ी भाग दो श्रीमती पिंकू देवी, प्रखंड प्रमुख दीपा देवी, उपप्रमुख सुमन देवी मुखिया कनकी पंचायत श्रीमती लक्ष्मी देवी, भूमि दाता चुकंदर महतो, युगल किशोर महतो, दौलत महतो, हुकुमनाथ महतो, प्रितलाल महतो, सीमा देवी, पतीलाल मरांडी तूफानी राम, सुभाष राजभर, गणेश महतो, रिंकी कुमारी, संजय राम आदि उपस्थित थे।

## कोल्हान जंगल में पुलिस की दबिश से घबराकर सारंडा में आ रहे नक्सली

**राष्ट्रीय खबर**

**गुवा** : कोल्हान जंगल में पुलिस व सीआरपीएफ की दबिश व मजबूत घेराबंदी से घबराकर भाकपा माओवादी नक्सलियों के शीर्ष नेता अपने-अपने दस्ते के साथ कोल्हान जंगल से भागकर एक बार पुनः सारंडा जंगल में घुस रहे हैं। सारंडा स्थित कुमडीह क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों का एक दस्ता के प्रवेश करने की खबर के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त है। सूत्रों के अनुसार नक्सली अपने संगठन में नये युवकों और बच्चों को शामिल कराने के लिए कुछ गांवों में गए। इससे घबराकर उक्त गांवों के कई बच्चे गांव से भागकर शहरी क्षेत्रों में अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लिये हुये हैं। उल्लेखनीय है कि सारंडा के ग्रामीण लगभग 15 वर्षों तक नक्सलियों का आतंक व दंश झेले हुये हैं। इस दौरान उनके सैकड़ों अपने नक्सली घटना में मारे गये अथवा नक्सलियों के सहयोग करने के आरोप में जेल भेजे गये थे। भले ही नक्सलियों से सारंडा को मुक्त कराने में पुलिस व सीआरपीएफ ने लंबी लड़ाई लड़ी व शहादतें दी थीं। दर्जनों ग्रामीण भी पुलिस मुखबीर होने के आरोप में नक्सलियों के हाथों मारे गये थे। 15 वर्षों तक विकास कार्य अलग से प्रभावित रहा था। ग्रामीण अपने बच्चों को शिक्षित कर नेक इंसान बनाना चाहते हैं। यही वजह है कि नक्सलियों के गांव क्षेत्र में आने की खबर के बाद गांव के बच्चे गांव छोड़ भाग रहे हैं। वे अपना भविष्य बर्बाद करना नहीं चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि सारंडा में कुमडीह, बहदा, कुदलीबाद, कोलायबुरु, तितलीघाट, उसरुईया, हतनाबुरु, नवागांव, बिटकिलसोय गांव के आसपास के जंगलों को काटकर जहां नयी बस्ती बसाया गया है, उसे झारखंड गांव या झारखंड गोड़ा भी कहते हैं। उसी क्षेत्र में नक्सली शरण लेते हैं। आज भी नक्सलियों के कुछ समर्थक अथवा सहयोगी इन गांवों में रहते हैं जो उनकी निरंतर मदद करते हैं। नक्सलियों को पहले से आभास हो गया था कि पुलिस अब उसे कोल्हान जंगल से खदेड़ देगी। इसी वजह से उनकी महिला व पुरुष टीम महीनों पूर्व से सारंडा में सादे लिबास में आकर अपने पुराने साथियों की तलाश व नये लोगों को संगठन से जोड़ने के कार्य में लगे थे। हालांकि सारंडा क्षेत्र में पहले से लगभग एक दर्जन सीआरपीएफ व अन्य बलों का कैंप है। पुलिस भी सारंडा में नक्सलियों के प्रवेश की खबर के बाद चौकस है। जल्द ही सारंडा में भी नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्यवाही देखने को मिल सकती है।

संपादकीय

# ईडी का राजनीतिक उपयोग अधिक

आम तौर पर चुनाव के वक्त इस किस्म की छापामारी पहले सिर्फ आयकर विभाग किया करती थी ताकि चुनाव में इस्तेमाल होने वाले काला धन को पकड़ा जा सके। अब ईडी द्वारा एक साथ कई राज्यों में इस किस्म की छापामारी की जा रही है। जहां तक पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक की गिरफ्तारी का सवाल है तो उनसे जुड़ी संपत्ति का खुलासा ईडी के द्वारा अनधिकृत तौर पर किया जा रहा है। आम लोग भी इनमें से कई संपत्ति के बारे में जानते हैं। इसलिए इस छापामारी को सिर्फ राजनीतिक बदला नहीं करार दिया जा सकता। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत रद्द होने के बाद भी जनता की नजरों में मनीष सिसोदिया के पास से जब्त रकम शून्य है। सिर्फ अदालत ने ऐसा पाया है कि पैसे का एक रास्ता मनीष सिसोदिया के माध्यम से होकर गुजरा है। फिर भी अदालत ने अगले छह महीनों में यह जांच पूरी करने की बात कही है। जो यह साबित करेगी कि वाकई ऐसा कोई घोटाला हुआ भी था या नहीं। इसी मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी इनदिनों जेल में बंद हैं।




उधर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मौजूदा विधानसभा सदस्य (एमएलए) और नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में सीकर के लक्ष्मणगढ़ से पार्टी के उम्मीदवार गोविंद सिंह डोटासरा और निर्दलीय विधायक ओम प्रकाश हुडला के परिसरों की तलाशी ली गई, जिन्हें मैदान में उतारा गया है। इस बार महुआ से कांग्रेस ने एक बार फिर केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर ध्यान केंद्रित किया है, जिस पर विपक्षी नेताओं को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाने का आरोप है। ईडी की मनी-लॉन्ड्रिंग जांच वरिष्ठ शिक्षक ग्रेड क्कप्रतियोगी परीक्षा (2022) के सामान्य ज्ञान के पेपर के कथित लीक की जांच के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा स्थापित मामलों पर आधारित है, जिसे राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा रद्द और पुनर्निर्धारित किया गया था। ईडी ने कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को भी तलब किया है। राजस्थान में आमतौर पर मौजूदा सरकारें सत्ता से बाहर हो जाती हैं, लेकिन श्रीमान।।। इस बार कई नई कल्याणकारी योजनाओं और प्रचार अभियान के जरिए गहलोत ने उस धारणा को प्रभावी ढंग से चुनौती दी है। कांग्रेस में गुटबाजी पर काबू पा लिया गया है और श्रीमान।।। गहलोत और पार्टी सहयोगी सचिन पायलट एकजुट हैं। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी अपने खेमे में बढ़ती खींचतान से जूझ रही है। कांग्रेस ने चुनावी राज्य में ईडी की कार्रवाई को बीजेपी की हताशा का संकेत बताया है। भाजपा का यह दावा कि ईडी की सभी कार्रवाइयां पूरी तरह से भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए हैं, केवल तभी अंकित मूल्य पर लिया जा सकता था यदि वे समतापूर्ण और निष्पक्ष होते। ईडी की कार्रवाई और निष्क्रियता का पैटर्न ऐसे किसी भी अनुमान की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ता है। राजनीतिक भ्रष्टाचार को आगे बढ़ाने में ईडी का उत्साह उतार-चढ़ाव वाला है। यह भी बहुत बड़ा संयोग है कि ईडी को केवल विपक्ष शासित राज्यों और भाजपा के विरोधी नेताओं पर ही भ्रष्टाचार का संदेह है। बहुत कम लोग इस तर्क को स्वीकार करेंगे, अगर भाजपा या ईडी ऐसा कोई तर्क दे रही है कि पार्टी या उसके नेताओं द्वारा शासित राज्यों में कोई भ्रष्टाचार नहीं है। हाल के वर्षों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के बड़े पैमाने पर दलबदल से भाजपा एकमात्र लाभार्थी रही है। कोई भी यह तर्क नहीं दे सकता कि एजेंसियों को अपना काम नहीं करना चाहिए और कानून लागू नहीं करना चाहिए। लेकिन जब राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कानून के शासन को हथियार बनाया जाता है तो शासन और लोकतंत्र दोनों कमजोर हो जाते हैं, जब चुनाव के बीच में राजनीतिक खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, तो यह संभावित रूप से तराजू को झुका सकता है। भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए मौजूदा कानूनी व्यवस्था - और उस मामले में आतंकवाद के खिलाफ भी - तेजी से उन लोगों की मनमानी नजरबंदी में बदल रही है जो सत्तारूढ़ दल के लिए असुविधाजनक हैं। इसे खत्म करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने भी पीएमएलए कानून के तहत होने वाली गिरफ्तारी पर विचार करने की बात कही है। इससे साफ है कि अब भारतीय समाज भी ईडी की इन कार्रवाइयों को लेकर संदेह भरी नजरों से केंद्र सरकार को देखने लगी है। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि खुद मोदी की नजरों में जो भ्रष्टाचारी लोग थे, वे भाजपा की वाशिंग मशीन से गुजरने के बाद पाक साफ कैसे हो गये, यह बड़ा सवाल अब जनता के बीच है। सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है क्योंकि अडाणी पर उठ रहे प्रश्नों का कोई संतोषजनक उत्तर ना तो सरकार और ना भाजपा दे पा रही है। जाहिर है कि आने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में इसका कुछ तो असर हमें देखने को मिलेगा।

# राष्ट्रीय एकता के संकल्प का दिन



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के विचारों और कार्यों को लेकर पूरा देश दो विचारधाराओं में बट जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस को पूरा देश राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रुप में मनाता है, परंतु क्या हम किसी विशेष अवसरों पर भारतीय इतिहास के पुरोधाओं का जिक्र करते हुए अपने उतरदायित्व से बच सकते हैं, क्या हम 31 अक्टूबर 1984 के दिन के अपने संकल्प के मायने भूल गए हैं, क्या राष्ट्रीय एकता और अखंडता का हमारा संकल्प केवल एक संकल्प हैं, आदि अनेक ऐसे प्रश्न है जो भारतीय जनमानस के मन मस्तिष्क को उद्देलित करते हैं। आज की तारीख का इतिहास में अपना एक विशिष्ट स्थान है, आज हम राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले अपने दो महान व्यक्तित्वों को याद कर रहे हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल आजादी के बाद बिखरे और 584 अलग अलग रियासतों में बटे भारत को अखण्ड और पूर्ण भारत बनाने का संकल्प लिया, सरदार वल्लभ भाई पटेल के दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर यह कार्य महज दो वर्षों में पूर्ण हो गया। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वाधीन हुआ तब भारत में 9 प्रान्तों के अतिरिक्त 584 रियासते थीं, इन रियासतों में तीन रियासते आकर और आबादी में बड़ी थी जो पृथक राज्य का रुप धारण कर सकती थीं तथा 202 रियासते बहुत छोटी थी। महात्मा गांधी ने रियासतों के विलय के संकट को देखते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को पत्र लिखा कि कि रियासतों की समस्या इतनी जटिल है कि केवल तुम ही हल कर सकते हो। सरदार पटेल अपनी ईमानदारी एवं कड़ी मेहनत के बदौलत महात्मा गांधी और समस्त देशवाशियों के विश्वास पर खरे उतरे।



**डॉ रामेश्वर मिश्र**
स्तंभकार

15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वाधीन हुआ तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की उम्र 20 साल थी, बतौर गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल से इंदिरा जी का रिश्ता पारिवारिक था। इंदिरा जी को महत्वपूर्ण राजनैतिक निर्णयों के विषय में अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी सुनने और समझने का अवसर मिला था। वह सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व को भली भांति समझती थी। भारत की प्रधानमंत्री बनने के पश्चात उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भारत देश में उस समय अनेक असमानताएं विद्यमान थीं। यद्यपि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बिखरे और विखंडित भारत का एकीकरण किया था परन्तु भारत के अन्दर विद्यमान असमानता और अनेकता के एकीकरण का संकल्प इंदिरा जी ने लिया। भारत देश में उस समय बैकिंग क्षेत्र में पर्याप्त असमानता थीं, बैकिंग व्यवस्था में उस समय कुछ विशेष परिवार का अधिकार था जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में विशेष असमानता थी, इस असमानता को दूर करने के लिए 19 जुलाई 1969 को 14 बैकों का राष्ट्रीयकरण इंदिरा जी ने कर दिया जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय सम्पत्ति में 800 प्रतिशत की वृद्धि हुई और देश भर में बैक शाखाएं 8200 से बढ़कर 62 हजार हो गई, बैकों की सर्वाधिक शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में खोली गई।


बैकिंग क्षेत्र में व्याप्त असमानता को दूर करने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने गरीबी और असमानता को दूर करने का निर्णय लिया जिसको को पूरा करने के लिए 1971 में कोयला, तांबा, रिफाइनरी, कपास, कपड़ा और बीमा क्षेत्र का राष्ट्रीय एकीकरण कर दिया। इसी क्रम में इंदिरा गांधी ने देश में समानता के विचार को और मजबूत बनाने के लिए राजा-महाराजाओं को मिलने वाले वित्तीय लाभ यानी प्रिवीपर्स को बंद करने का फैसला लिया। 1971में संविधान संशोधन के द्वारा इंदिरा जी ने राजा-महाराजाओं को मिलने वाली सुविधाओं को भी समाप्त कर दिया जिससे भारत में राजाओं एवं आम भारतीयों के बीच का अन्तर समाप्त हुआ।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के निर्णय और कार्य करने की रणनीति कुशलता का जिक्र करते हुए हेनरी किंसिजर ने अपनी पुस्तक में लिखा कि श्रीमती गांधी मजबूत व्यक्तित्व की थीं जो भारत के राष्ट्रीय हितों के एक मात्र लक्ष्य के लिए सूझ बूझ और चतुराई से काम करती थी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन के दौरान तेल कम्पनियों ने ईधन उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया था, इस समस्या से निपटने के लिए 1973 में तेल कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इंदिरा गांधी जी सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण के कार्य को भारत की आन्तरिक व्यवस्था में विद्यमान असमानता और एकाधिकार को समाप्त करके भारत की अस्मिता और अखण्डता को सुदृढ करने का कार्य किया। इंदिरा जी ने शहादत से एक दिन पूर्व 30 अक्तूबर 1984 के दिन भुवनेश्वर में अपने भाषण में कहा था कि ह्ममैं आज यहां हूं कल शायद न रहूं, मुझे चिंता नहीं, मैं रहूं या नहीं रहूं, मेरा लंबा जीवन रहा है और मुझे इस बात का गर्व है कि मैंने अपना पूरा जीवन अपने लोगों की सेवा में बिताया। मैं अपनी आखिरी सांस तक ऐसा करती रहूंगी, जब मैं मरूंगी तो मेरे खून का एक-एक कतरा भारत को मजबूत करने में लगेगा। उन्होंने ने यथार्थ जीवन में भी देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहीं यह जानते हुए भी अपने अंगरक्षकों को जाति, धर्म के आधार पर हटाने से इंकार कर दिया था। इंदिरा जी की देश सेवा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

भारत की राष्ट्रीय अखण्डता, एकता, अस्मिता और गर्व के लिए सतत संलग्न रहने वाली पूर्व प्रधानमंत्री जी के द्वारा किये गये कार्यों को हृदयगम्य करने के साथ आज संकल्प लें कि देश की अखण्डता एवं एकता के लिए सदा कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहेंगे यही हमारी अपनी राष्ट्रीय एकता की नेता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सूरदासजी ने राजा, मंत्री, सैनिक को कैसे पहचान लिया

प्रेरक-प्रसंग



एक बार महाराजा विक्रमादित्य को शिकार करने की इच्छा हुई। उन्होंने अपने कुछ सैनिकों और मंत्री को साथ में लिया और निकल पड़े जंगल की ओर। जंगल काफी घना था। कुछ देर भटकने के बाद एक शिकार पर उनकी नजर पड़ी। शिकार का पीछा करते-करते वे काफी दूर निकल गए। महाराजा विक्रमादित्य के सभी साथी पीछे छूट गए। उन्होंने साथियों की तलाश में सारा जंगल छान मारा, पर उन्हें निराशा ही हाथ लगी।अचानक कुछ दूरी पर उनकी नजर वृक्ष की छांव में बैठे एक वृद्ध पर पड़ी। समीप जाने पर उन्हें पता चला कि वृद्ध नेत्रहीन है। यह देख विक्रमादित्य कुछ निराश हुए, फिर कुछ सोच-विचार कर उस वृद्ध से उन्होंने पूछा, सूरसागरजी! क्या आप बता सकते हैं कि कोई राहगीर अभी-अभी यहां से निकला है? उस वृद्ध ने कहा, महाराज, सबसे पहले तो आपका सैनिक निकला था, उसके पीछे-पीछे आपका सेनानायक और उसके बाद आपके मंत्री अभी-अभी यहां से गए हैं। एक नेत्रहीन वृद्ध से ऐसा उत्तर पाकर विक्रमादित्य हैरान रह गए। उन्होंने जिज्ञासा भरे स्वर में कहा, सूरसागरजी! आपको तो आंखों से दिखता नहीं है, फिर आपने मुझे कैसे पहचाना? आप यह भी बता रहे हैं कि मेरे सैनिक, नायक और मंत्री यहां से अभी-अभी निकले हैं।वृद्ध ने कहा, महाराज! मैंने आपके सैनिक, नायक और मंत्री की बातें सुनीं और उसी से अनुमान लगा लिया। सबसे पहले आपके सैनिक ने आकर पूछा, क्यों रे अंधे, यहां से अभी-अभी कोई निकला है क्या? उसके बाद सेनानायक ने आकर मुझसे पूछा, सूरजी! यहां से अभी-अभी कोई गुजरा है? नायक के पीछे आपके मंत्रीजी ने आकर पूछा, सूरदासजी! यहां से अभी-अभी कोई निकला है? अंत में आपने स्वयं आकर कहा, सूरसागरजी! क्या यहां से कोई राहगीर अभी-अभी निकला है? महाराज! वाणी व्यक्ति की पद-प्रतिष्ठा, बड़प्पन और व्यक्तित्व की पहचान अपने आप करा देती है।

31 अक्टूबर जयन्ती पर विशेष

# नये भारत के निर्माता थे सरदार पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र-पत्रकार

**स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं।**

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था।

जानकारी

# ऊटी में घूमने की जगहें



आप ऊटी के बॉटनिकल गार्डन में हर साल आयोजित होने वाले फ्लावर फेस्टिवल में भी जा सकते हैं। मानसून की बारिश के बाद ऊटी की पूरी घाटी समृद्ध और उत्तम जीव-जंतुओं से जगमगा उठती है। इसलिए दक्षिण भारत की सुंदरता का भरपूर आनंद लेने के लिए जिस मौसम में आप यात्रा करना चाहते हैं उसके अनुसार अपनी बैंगलोर से ऊटी यात्रा कार्यक्रम पहले से ही बुक कर लें। शहर की एक-आयामी जीवनशैली से छुट्टी लेने के लिए, ऊटी वास्तव में प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। आप अपने दोस्तों या परिवार के साथ या अकेले यात्री के रूप में भी बैंगलोर से ऊटी तक यात्रा कर सकते हैं। यदि आप दक्षिण भारत की सुंदर और सुरम्य घाटियों का अनुभव करना चाहते हैं या विश्राम स्थल की तलाश में हैं तो आप ऊटी हनीमून पैकेज भी बुक कर सकते हैं। ऊटी को उधगमंडलम के नाम से भी जाना जाता है जिसका अर्थ है 'पहाड़ों में घर'। ऊटी में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है जो न केवल आंखों के लिए बल्कि आत्मा के लिए भी सुखद है। बैंगलोर से एक आदर्श ऊटी यात्रा के लिए ऊटी में घूमने के लिए कुछ बेहतरीन स्थान नीचे सूचीबद्ध हैं।

# Doogee Smini स्मार्टफोन लॉन्च, 8GB रैम



नई दिल्ली: स्मार्टफोन इंडस्ट्री बड़े डिस्प्ले वाली डिवाइसेज के इर्द-गिर्द प्रोडक्ट पेश कर रही है। 6.5 इंच डिस्प्ले स्टैंडर्ड बन गया है। हालांकि बहुत से लोग आज भी कॉम्पैक्ट डिवाइसेज पसंद करते हैं। लेकिन मार्केट में चुनिंदा मॉडल ही कॉम्पैक्ट फॉर्म फैक्टर को समेट रहे हैं। अब चीनी स्मार्टफोन मेकर Doogee ने एक कॉम्पैक्ट स्मार्टफोन को अनवील किया है। डिवाइस का नाम है- Doogee Smini (डूगी स्मिनी)। इसमें कई खूबियां हैं, जो लोगों को पसंद आ सकती हैं।

Doogee Smini Price


Doogee Smini को AliExpress के जरिए खरीदा जा सकता है। देशों के हिसाब से इसकी कीमत अलग है। यूजर्स को शिपिंग फीस, इम्पोर्ट टैक्स और अन्य शुल्क अलग से चुकाने पड़ सकते हैं। भारत में इसकी कीमत AliExpress पर 20,244 रुपये दिखाई जा रही है। Doogee Smini Specifications, features

Doogee Smini में 4.5 इंच का आईपीएस डिस्प्ले दिया गया है। यह 1170 ७ 480 पिक्सल रेजॉल्यूशन ऑफर करता है। इस डिवाइस का वजन सिर्फ 155 ग्राम है, जो इसकी बड़ी खूबी है। उदाहरण के लिए यह Apple iPhone 13 Mini से भी छोटा है और जेब में आराम से फीट हो सकता है। कंपनी ने इसकी बिल्ड क्वॉलिटी पर काफी मेहनत की है। Doogee Smini को IP68 और IP69K सर्टिफिकेशन मिला है यानी कि यह धूल और पानी से होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचा सकता है। कठिन मौसम में भी टिक सकता है।




Doogee Smini में 50 मेगापिक?सल का मेन रियर कैमरा दिया गया है। साथ में 2 मेगापिक्सल का एक और सेंसर है। इस फोन में 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। फींगरप्रिंट सेंसर भी मिलता है। बात करें परफॉर्मेंस की, तो कंपनी ने इस डिवाइस में मीडियाटेक का हीलियो G99 प्रोसेसर लगाया है।

टॉप ट्वीट



"मैं इस संबंध में पीड़ितों के परिवारों के साथ निकटता से समन्वय करुंगा।"

जयशंकर
विदेश मंत्री एस



"दो एकदम अलग-अलग किरदारों के बीच स्विच करना बहुत चैलेंजिग था।एनिमल के 65 साल के बलबीर से लेकर फाइटर के 45 वर्षीय रॉकी तक..मैंने जो प्रेस्टीजियस यूनिफॉर्म पहनी थी, उसके साथ न्याय करने के लिए मुझे सीरियस फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा।"

अनिल कपूर
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

### कांग्रेस भाजपा के वाद प्रतिवाद में फंसे आदिवासी

पांच राज्यो के चुनाव ज्यो ज्यो नजदीक आ रहे है ।माहौल त्यों त्यों गरमा रहा है ।हर राजनैतिक दल लोकलुभावन घोषणाएं करने में जुटा हुआ है ।पांच राज्यो के चुनाव में कांग्रेस भाजपा ने एक दूसरे दलो पर जमकर निशान साधा ।राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए छतीसगढ़ की सभा मे कहा कि भाजपा आदिवासियों का अपमान कर रही है ।भाजपा आदिवासियों को वनवासी बता रही है ।भाजपा ने कहा कि आदिवासियों ने भाजपा को बार बार आशीर्वाद दिया है ।प्रियंका वाड्रा ने मध्यप्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुये तीन वर्ष में 21 लोगो को नौकरी देने का तंज कसा । जबकि प्रियंका के 21 लोगो को नौकरी देने का आंकड़ा गलत है। कांग्रेस की कथनी करनी समान नही है ।बेबुनियाद आरोप लगाकर कांग्रेस खुश होती है तो कांग्रेस को ही नुकसान होगा ।कांग्रेस के पास कोई विकास की बात नही है ।प्रियंका जातिगत जनगणना की बात कर रही है ।वही राहुल आदिवासियों की बात कर वोटबैंक की राजनीति में मशगूल है ।विकास और गरीब तबबके के लोगो को रोजगार की जरूरत है ।उनके लिए रोजगार की बात करनी चाहिए ।लोकलुभावन वादा करके इनके साथ अन्याय किया जा रहा है ।शिक्षा, रोजगार और सामाजिक ढांचा को बदलने की बात पर कोई दल गंभीर नही है। बेबुनियाद आरोप लगाने के पूर्व कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकने की आवश्यकता है ।राजस्थान में सहरिया आदिम जाति के लोग मुट्ठीभर अनाज के लिए तरसते थे ।राजस्थान की आदिम जनजाति सहरिया सरकारी उपेक्षा का शिकार रही है ।सर्वोच्च अदालत ने भी राज्य सरकार को फटकार लगाई थी। ओवैसी जाति जनगणना की बात कर कांग्रेस का हाथ मजबूत कर रहे है ।देश मे इन जातियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जो दल आगे आएगा उसके साथ आदिवासियो का साथ मिल सकेगा ।टेम्परेरी घोषणाएं लम्बे समय तक लाभ नही दे सकती है ।चुनावी स्टंट को मतदाता भली भांति जान चुका है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### महिला की नदी में डूबने से मौत

**हजारीबाग:** इचाक थाना क्षेत्र के बरका कला गांव की मसोमात फुलेश्वरी देवी पति स्वर्गीय सेवा महतो उम्र लगभग 65 वर्ष की मृत्यु नदी में डूबने से हो गई। घटना दिन सोमवार समय 9 बजे सुबह का है। ग्रामीणों ने बताया कि मृत महिला अपना मायके बरवा गांव अपना निजी काम से जा रही थी। शॉर्टकट रास्ता को अपनाते हुए तेतरिया नदी बरका कला श्मसान घाट के समीप पार करना होता है।

## सिटी अपडेट्स >>

### कोलयारी मजदूर यूनियन का 16 सूत्री मांगों को लेकर बैठक



**हजारीबाग:** चरही झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन का एजेंडा बैठक चरही सीसीएल जीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। चरही हजारीबाग क्षेत्र जीएम केके सिंह के समक्ष 16 सूत्री मांगों को लेकर बैठक किया गया। वही जीएम के द्वारा भरोसा दिलाया कि आपलोगों का 16 सूत्री मांगो को बहुत जल्द ही पूरी की जाएगा। मुख्य रूप से जीएम केके सिन्हा, एस ओपी पल्लव चक्रवर्ती, कुर्बान अंसारी जेसीएमयू क्षेत्रीय अध्यक्ष, अकाल उरांव क्षेत्रीय सचिव, डालचंद महतो जोनल सहसचिव, रामकिशोर मुर्मू क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, मन्नू टुडू तापिन साउथ यूनिट सहसचिव, धीरज मांझी सचिव जीएम यूनिट, मो.अनवर क्षेत्रीय सहसचिव, सोमरा मुंडा जीएम यूनिट अध्यक्ष, अश्विनी कुमार कोषाध्यक्ष विवेक कुमार सह सचिव जीएम यूनिट, राजकुमार सचिव केदला वाशरी, महेश कुमार,देवी लाल मांझी एरिया कोषाध्यक्ष, दिनेश्वर रविदास सचिव तापिन साउथ, साथ यूनियन नेतागण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### माताजी आश्रम में योगेस्वरी मां की 161वीं जयंती मनाई गई

**हाता:** हर वर्ष की इस वर्ष भी आज दिनांक 29 अक्टूबर को माताजी आश्रम हाता में विजया सम्मेलन सह माताजी आश्रम की संस्थापिका योगेस्वरी मां की 161 वी जयंती भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर योगेस्वरी मां की बिशेष पूजा की गई। आश्रम के सचिव राजकुमार साहू ने उपस्थित भक्तजनों को स्वागत करते हुए विजयी दशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अबसर पर सुनील कुमार दे ने योगेस्वरी मां की महान और अलौकिक जीवनी पर प्रकाश डाला और विजया दशमी की शुभकामनाएं दी। बादल मामा ने विजया मिलन की तात्पर्य पर प्रकाश डाला। शंकर चंद्र गोप ने योगेस्वरी मां की महिमा पर प्रकाश डाला और कहा योगेस्वरी मां एक महान साधिका और आध्यात्मिक शक्ति की अधिकारिणी थी। करुणामण्डल मंडल ने कविता के माध्यम से विजया दशमी की शुभकामनाएं दी। सुजाता मरल ने भी अपना विचार रखे। इस अबसर पर भक्ति संगीत का कार्य क्रम हुआ जिसमें सुनील कुमार दे, शंकर चंद्र गोप, कमल कांति घोष, पतित पावन दास, तड़ित मंडल, यमुना मंडल, सहदेव मंडल, देसाई सोरेन आदि ने भाग लिया। इसके अलावे संध्या आरती, रामकृष्ण कथामृत पाठ, हरिनाम संगकीर्तन, हरिलुट हुआ। अंत मे उपस्थित भक्तजनों को मुह मीठा किया गया। इस अबसर पर नारायण चटर्जी, शक्ति पद रजक, रविंद्र नाथ दास, बलराम गोप, तपन मंडल, रघुनंदन बनर्जी, महितोष मंडल, हेम चंद्र पात्र, लोचना मंडल, झरना साहू, तरुण दे, बन्दना मंडल, कुंती मंडल, अंजली मंडल, रीना मंडल, रिता मंडल, सावित्री गोप, विश्वामित्र खंडायत, हिरन महतो, निवारण मोदी, स्वपन दे, शिशिर कर्जी,आलोक पाल, भवानी घोष, वीरेंद्र कुमार सिंह आदि अनेक भक्त उपस्थित थे।

**कार्यशाला** झारखंड राज्य फसल राहत योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित

# सरकार की महत्वपूर्ण योजनाः नैंसी सहाय

- खरीफ एवं रबी फसलों के लिए कृषकों को अलग-अलग निबंध करना
- स्टॉल तथा वास्तविक स्टॉल का सत्यापन करने का निर्देश दिया



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत कृषकों के पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, झारखंड फसल राहत योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत कृषकों को प्रकृतिक आपदा से फसलों के नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। खरीफ एवं रबी फसलों के लिए कृषकों को अलग-अलग निबंध करना होता है। वर्तमान रब्बी खेती के मद्देनजर निबंधन प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कृषकों को प्रोत्साहित करने को कहा। कृषकों की सही पहचान कर सत्यापन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों से करने एवं निबंध प्रक्रिया में राजस्व कर्मियों तथा प्रज्ञा केन्द्रों को क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही पैकस के माध्यम से गोदाम धान के स्टॉल तथा वास्तविक स्टॉल का सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने संबंधित आंचल एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि, खरीफ फसल मौसम 2023-24 हेतु निबंधन एवं आवेदन प्रारंभ है। योजना के तहत सी.एस.सी. के द्वारा आवेदन करने वाले पूर्व से निबंध किसानों को आवेदन हेतु 10/- मात्र एवं नए निबंध और आवेदन करने वाले किसानों को 40/- मात्र ही देना है। स्वयं ऑनलाइन निबंधन और आवेदन करने वाले किसानों एवं सीएससी के द्वारा आवेदन करने वाले किसानों को ई- केवाईसी के लिए सीएससी को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है। झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना फसल क्षति होने पर किसानों को प्रदान की जानेवाली एकि योजना है। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदा के कारण फसल क्षति के मामले में किसानों को एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस योजना से भू-स्वामी तथा भूमिहीन किसान यानि बटाईदार किसान दोनो लाभान्वित होगे। इस योजना के तहत किसानों से किसी भी प्रकार के फसली प्रिमियम नहीं लिया जाना है। इन्हें सीधे तौर पर सरकार द्वारा फसल क्षति होने की स्थिति में आर्थिक सहायता निम्नांकित प्रावधानों के तहत की जायेगी। योजना के अंतर्गत आवेदन करने की पात्रता भी तय कर दिया गया है। इसके पंजीकरण एवं आवेदन हेतु आवेदन वेवसाइट पर स्वयं अथवा नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में किया जा सकता है। इस हेतु सीएसी के द्वारा आवेदन करने वाले पूर्ण सेन किसानों को आवेदन दस रुपए मात्र एवं नये निबंधन और आवेदन करनेवाले किसानों को मात्र चालीस रुपये देना है। किसानों के आवेदन उपरांत अंचल उप निरीक्षक एवं अंचल शत-प्रतिशत आवेदन एवं विवरण सत्यापन करेंगे। अंचलाधिकारी रैंडम तरीके से पच्चीस प्रतिशत किसानों का सत्यापन करेंगे।

## विधायक ने किया पुल का शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बरकट्ठा प्रखंड के सलैया पंचायत के मनसिंघा स्थित बरसोती नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया इंद्रदेव प्रसाद के उपस्तिथि में की। पुल का निर्माण मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत दो करोड़ 55 लाख के लागत से बनेगा। इस मौके पर आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पुल निर्माण होने से सलैया, गंगपाचो समेत दर्जनों गांव सीधे जीटी रोड जुड़ जाएगा। पुल और सड़क के निर्माण से क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होता है। वहीं कुमकुम देवी ने कहा कि लंबे समय से लोगों का सपना पुल निर्माण का सच हुआ। समारोह में मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, समन ठाकुर, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, टिंकू प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, मो खलील अंसारी, जीवन यादव, विजय यादव, राजकुमार मंडल, मिथलेश भारती समेत आदि लोग मौजूद थे।

## सतर्कता जारूकता सप्ताह का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति के पथ में पड़ने वाला ऐसा रोड़ा है।जिसके कारण राष्ट्र की उन्नति प्रभावित होती है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन आयोग के बहुआयामी दृष्टिकोण का भाग है। जहां एक महत्वपूर्ण कार्यनीति के रूप में सभी हितधारकों को भ्रष्टाचार की रोकथाम और उसके खिलाफ संघर्ष में सामूहिक रूप से सहभागी होने के लिए प्रोत्साहित करना तथा भ्रष्टाचार के वजूद कारणों एवं गंभीरता तथा भ्रष्टाचार से उत्पन्न खतरों के संदर्भ में जनजागरूकता को बढ़ाना है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की थीम भ्रष्टाचार को ना कहें राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहे है। इसी क्रम में बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार मेरु कैंप हजारीबाग में महानिरीक्षक के एस बन्याल प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल मेरु कैंप में 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2022 तक श्रृखंलाबद्ध कडी के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस कडी के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ महानिरीक्षक के एस बन्याल प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग नें प्रशासनिक भवन में कैंप में उपस्थित समस्त अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियो व कार्मिकों को शपथ दिलाकर किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का पहला कदम लोगों को भ्रष्टाचार तथा उसके परिणामों के बारे में जागरूक करना है। बल मुख्यालय के दिशा निदेर्शों के तहत पूरे देश में सभी सीमा सुरक्षा बल कार्यालयों में इस शपथ का आयोजन किया जाना है। भारत सरकार ने वर्ष 1999 से प्रति वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर समाप्त होने वाले सप्ताह को सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने की जिम्मेवारी केन्द्रीय सर्तकता आयोग को दी है। ज्ञातव्य है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता, अखण्डता तथा भारत के पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिसका हम सभी को अनुकरण करना चाहिए।

## माताजी आश्रम के सहयोग से बांग्ला भाषा सिखाने को खोला जा रहा है स्कूल



राष्ट्रीय खबर

**हाता:** झरखण्ड में बंगला भाषा का अस्तित्व को बचाने के लिए माताजी आश्रम हाता के सहयोग से पोटका अंचल के विभिन्न गांव में बंगला भाषा शिखाने का स्कूल खोला जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे बड़ा भालकी गांव बंगला भाषा का स्कूल माताजी आश्रम के सहयोग से तथा सार्वजनिक हरि मंदिर कमिटी की ओर से खोला गया। स्कूल का उद्घाटन सुधांशु मिश्र ने धूप द्वीप प्रजवलित कर के तथा सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर के की। कमल कांति घोष ने सरस्वती वंदना की। शंकर चंद्र गोप ने बंगला भाषा को बचाने का आह्वान किया। सुनील कुमार दे कहा झरखंण्ड में 42% बंगला भाषी लोगो की मातृभाषा बंगला की बचाने के लिए माताजी आश्रम हाता के सहयोग से गांव गांव में बंगला भाषा शिखाने का स्कूल खोला जा रहा है जिसमें काफी उत्साह देखा जा रहा है। माताजी आश्रम की ओर से बच्चे को वर्ण परिचय निःशुल्क दिया गया तथा सुनील कुमार दे ने पहला क्लास लिया। प्रति रविवार को अंजली मंडल और विनय कृष्ण मंडल ने बंगला शिखाने का निःशुल्क सेवा देंगे। इस अबसर पर सुनील कुमार दे, कमल कांति घोष, सुधांशु मिश्र, शंकर चंद्र गोप के अलावे बलराम गोप, शिशिर मंडल, अंजली मंडल, विनय कृष्ण मंडल बंगला शिखनेवाले छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बड़कागांव प्रखंड सभागार भवन में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रमुख फुलवा देवी एंव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ,पंचायती राज प्रशिक्षक मिथलेश राणा, संजय कुमार पाण्डेय, सुनील ठाकुर, मारुति दास गुप्ता सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण की शुभारंभ की गई। प्रशिक्षण द्वारा सभी वार्ड सदस्यों को 73वें संविधान संशोधन द्वारा ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों एवं उनका उपयोग अधिकारों कर्तव्यों से अवगत कराते हुए ग्राम सभा से संबंधित सभी आवश्यक नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर वॉर्ड सदस्यों पंचायत में विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि प्रखंड के वार्ड सदस्यों का 6 बैच की प्रशिक्षण 8 नवंबर 2023 तक आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण वॉर्ड सदस्यों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा जिससे पंचायत के विकास कार्यों में तीव्रता आयेगी।

**आयोजन** गौतम बुद्ध प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय उमंग कार्यक्रम का समापन

# शिक्षकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेवारीः डॉ रीतू

- एंटी रैगिंग सेल, फैकल्टी, एकेडेमिक समेत विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी
- हर गतिविधियों में सहभागी बन विभिन्न विधाओं में पारंगत बनें




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के विवेकानंद सभागार में सोमवार को दो दिवसीय उमंग कार्यक्रम के अंतिम दिन बीएड सत्र-2023-25 के प्रशिक्षुओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। उन्हें कॉलेज के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। ओरिएंटेशन कम इंट्रोडक्शन सेरेमनी में प्रशिक्षुओं कॉलेज के गाइडलाइन, कोड ऑफ कंडक्टर, तकनीकी पहलुओं, एनएसएस की गतिविधियों, स्कॉलरशिप समेत कई जानकारियों से अवगत कराया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डीइओ उपेंद्र नारायण ने किया। मौके पर उन्होंने कॉलेज के अनुशासन और यहां प्रशिक्षुओं को मिलनेवाले गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण समेत विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर गतिविधियों में सहभागी बन विभिन्न विधाओं में पारंगत बनें। बेहतर शिक्षक में यह गुण समाहित होना चाहिए। बतौर विशिष्ट अतिथि देव कॉलेज ऑफ एजुकेशन हजारीबाग की प्राचार्या डॉ रीतू कुमारी ने कहा कि शिक्षक के कंधों पर बड़ी और चुनौतीपूर्ण जिम्मेवारी है। उस चुनौती को पार करते हुए शिक्षकों के प्रति समाज में बैठी आम अवधारणा को तोड़ने की जरूरत है। डॉ. एस. राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज लारी, रामगढ़ के प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा ने कहा कि प्रशिक्षु समर्पित भाव से प्रशिक्षण लें। शिक्षकों के कर्तव्यों को समझें।महाविद्यालय की पृष्ठभूमि बताते हुए प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने बताया कि यह कॉलेज वर्ष 2007 से संचालित और हजारीबाग का पहला स्ववित्त पोषक बीएड कॉलेज है।

यहां मिलनेवाला प्रशिक्षण और अनुशासन ही इस कॉलेज की पहचान है। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने ट्रेनिंग के बाद अवसर और इससे मिलनेवाले लाभ से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। वहीं आइक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी ने कोड ऑफ कंडक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया किसी भी हाल में अनुशासन बनाए रखना है। उन्होंने एंटी रैगिंग सेल, फैकल्टी, एकेडेमिक समेत विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक संदीप खलखो ने कॉलेज में आधुनिक तकनीक से दी जा रही शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यहां उपलब्ध बायोमीट्रिक्स सिस्टम, वाई-फाई से लैस कैंपस, आईसीटी रूम कम रिसोर्स सेंटर, ई-लाइब्रेरी, डिजिटल क्लास रूम आदि के बारे में प्रशिक्षुओं को अवगत कराया।मंच संचालन के साथ सहायक प्राध्यापिक कुमारी अंजलि ने एकेडेमिक के विभिन्न पहलुओं से प्रशिक्षुओं को रू-ब-रू कराया। सहायक प्राध्यापिक पुष्पा कुमारी ने एनएसएस के कर्तव्यों और मानवीय सेवाभाव में कार्यकताओं की महती भूमिका से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। सहायक प्राध्यापक जगेश्वर रजक ने प्रशिक्षुओं को मिलनेवाली छात्रवृत्ति और उसके नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा कुमारी ने दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड फॉउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष ने किया कई गांवो का दौरा



**हजारीबाग:** हजारीबाग नव झारखंड फॉउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा पतरातू प्रखंड के कई गाँव में भर्मण कर लोगो की जनसमस्याओं को सुना जाना एंव उसे हल करने का यथा संभव प्रयत्न करने की बात कही। किशोरी राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार प्रवासी मजदूरों पर ध्यान नहीं दे रही है। झारखंड के लोग दूसरे राज्यों की ओर काम करने के लिए पलायन कर रहे हैं। जबकि यहां खनिज संपदा से भरी पूरी धरती है। गांव गांव में लोग भ्रष्टाचार से जूझ रहे हैं ऐसे में नव झारखंड फाउंडेशन लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। साथ ही कहा कि बहुत ही मजबूती ढंग से नव झारखंड फाउंडेशन अपनी शाखा का विस्तार कर रही है। और कड़ी से कड़ी जोड़ कर योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अशरफ रजा खां, प्रेम विश्वकर्मा, चमन श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

### महाविद्यालय से सेवानिर्वित क्लर्क का निधन

**हजारीबाग:** बड़कागांव गोंदलपुरा निवासी जो लंबे समय से कर्णपुरा महाविद्यालय में किरानी पद पर सेवा देने के बाद सेवानिर्वित हुए और गृहस्थ जीवन गुजर रहे थे अचानक कल रात बड़कागांव गुरुचट्टी आवास मे तबीयत खराब हुई अनंन-फनन में रात्रि के समय डॉक्टर के पास ले जाने के बाद इलाज के कुछ देर बाद डॉक्टर के द्वारा उन्हें मृत घोषित किया गया और अपने पीछे भारा पूरा परिवार छोड़ गए जिसमें पत्नी नगिना देवी छः बेटियां दो बेटा एक बेटा, बेटी कुंवारा छोड़ गए। जिसके बाद आज गोंदलपुरा समशान घाट मे बड़े पुत्र सुदेश कुमार के द्वारा मुखाग्नि दी गई जिसमे आनन्द कुमार, अवधेश महतो, पंकज कुमार, अमित महतो, अमित कुमार, जेबीकेएसएस के राकेश मेहता, गोंदलपुरा के पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, सांढ पंचायत के पूर्व मुखिया भिखन महतो, शिबू मेहता, घनश्याम कुमार, सुधांशु शेखर, मनोज दांगी, किशोर कुमार, कर्णपुरा कॉलेज के प्रिंसिपल कृतिनाथ महतो, प्रोफेसर ज्योति जलधार, प्रोफेसर निरंजन महतो, प्रोफेसर मो. फजरूद्दीन, प्रोफेसर लालदेव महतो, देवनाथ महतो, चंदन कुमार,दीपक कुमार के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए सभी ने भगवान से उनके आत्मा को शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखे।

### आंचलिक कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह



**हजारीबाग:** हजारीबाग केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2023 के बीच सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय का चयन किया गया है। इस जागरूकता सप्ताह में लोक सेवकों के बीच सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने हेतू कई कार्यक्रमों का आयोजन कार्यालयों में किया जाता है। इसी के तहत बैंक ऑफ इंडिया, हजारीबाग अंचल में आज दिनांक 30.10.2023 को पूर्वाह्न 11: 00 बजे बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा बिरसामुंडा सभागार में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली गयी। जिसमें हम सभी ने यह प्रतिज्ञा ली कि हम जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और कानून के शासन का पालन करेंगे न रिश्वत देंगे और न रिश्वत लेंगे एवं व्यक्तिगत व्यवहार में सत्यनिष्ठा प्रस्तुत करते हुए उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। साथ ही हम सभी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के उदाहरण के रूप में खुद को स्थापित करेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में सहायक महाप्रबंधक श्री अमित बदानी के साथ समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें। इस अवसर सहायक महाप्रबंधक श्री अमित बदानी द्वारा राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के संदेश का वाचन किया गया एवं सुश्री इन्द्रा सिंह उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के संदेश का वाचन किया गया एवं वरिष्ठ प्रबंधक किशोर कुमार द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवीण के श्रीवास्तव के संदेश का वाचन किया। ततपश्चात सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा भ्रष्टाचार के विरोध के प्रतीकस्वरुप आकाश में गुब्बारा छोड़ा गया। साथ ही यह भी घोषणा की गयी कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत स्टाफ सदस्यों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। सभी स्टाफ सदस्यों ने प्रतिज्ञा ली कि हम सभी अपने अपने स्तर पर किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के आचरण में संलिप्त न हों।

### शिक्षण सामग्री वितरण समारोह का आयोजन



**हजारीबाग:** बड़कागांव आदर्श मध्य विद्यालय में शिक्षण सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, बड़कागांव मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार के हाथों बच्चों को शिक्षण सामग्री दी गई। 527 छात्र-छात्राओं को कॉपी ,बैग एवं स्वेटर दिया गया। बच्चे शिक्षण सामग्री पाकर काफी खुश नजर आए मौके पर मुखिया रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय में बच्चों का पठन-पाठन से लेकर अनुशासन तक बेहतर है। पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन उपस्थित बढ़ी है। बच्चे मन लगाकर पढ़ें आप ऑफिसर बने प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन नि:शुल्क पुस्तक, कॉपी बैग, स्वेटर, जूता मौजा दी जाती है। इतना ही नहीं हमारे विद्यालय में सभी प्रशिक्षित और टेट पास शिक्षक शिक्षिकाएं है। यहां अनुभवी शिक्षको द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है।

### अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मेटल आईओंस में सोनाली को मिला द्वितीय पुरूस्कार

**हजारीबाग:** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल की प्रशिक्षु सोनाली कुमारी ने मुंबई में आयोजित 18वीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मेटल आईओंस-2023 में पोस्टर प्रस्तुति की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड थेरेप्यूटिक्स श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार जीती। नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डेंटों मैक्सिलोफेशियल रेडियोलॉजी एवं एशियन एकेडमी ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल रेडियोलॉजी के सहयोग से आयोजित किया गया था। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हमें वास्तव में काफी गर्व है।

## प्रदेश >> अपडेट

**मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 01 नवंबर से**

**पाकुड़ :** निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता, 2023-24 के आयोजन किया जाना है। यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों भाग ले सकेंगे। आयोजन का स्तर: जिला के सभी पंचायतों में 01 नवंबर से 18 नवंबर, जिला स्तर पर 11 दिसंबर से 20 दिसंबर, 2023 तक आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**सिरजोन हो जनजातीय खेल महोत्सव को लेकर निकाली मोटरसाइकिल रैली**

**गुवा :** सिरजोन हो जनजातीय खेल महोत्सव तथा आदिवासी हो समाज महासभा का महाधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाईक रैली के माध्यम से कार्यक्रम के प्रचार में ओढ़िशा एवं झारखंड क्षेत्र का तूफानी दौरा किया गया। झारखंड और ओढ़िशा के सीमावर्ती क्षेत्रों में आदिवासी हो समाज युवा महासभा तथा खेल महोत्सव के आयोजन कमिटि के पदाधिकारियों ने गुवा, गंगदा,घाटकुड़ी,रोवाम,बुंडू,सागजुड़ी,किरीबुरू,मेघाहातुबुरू,बोलानी, बड़बिल और जोड़ा में प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम के विवरण और समय-सारणी के बारे में जगह-जगह पर पोस्टर चिपकाया गया। गाँव-गाँव के मानकी-मुण्डा,पंचायत प्रतिनिधि, दियुरी, सांस्कृतिक टीम तथा विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को निमंत्रण देकर 1,2 और 3 दिसम्बर को सिरजोन हो जनजातीय खेल महोत्सव नोवामुंडी और 25 एवं 26 नवंबर को आदिवासी हो समाज महासभा का महाधिवेशन चाईबासा दोनों अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील किया गया। आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बरसिंह हेम्ब्रम ने सांस्कृतिक विशेषता,धार्मिक एकरूपता और महाधिवेशन के महत्व के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**लोकसभा और विधानसभा के उम्मीदवार भी नए लोग हो: हंदू भगत**

**गुमला :**कांग्रेस पार्टी के गुमला जिला सचिव हंदू भगत ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में पूरे राज्य और भारत देश के सभी जिलों में एलडीएम की नियुक्ति की गई है। इसका उद्देश्य है कि नए नेतृत्व के लिए कार्य करना नया नेतृत्व का खोज करना और पार्टी संगठन में उन्हें शामिल करना। अगर पार्टी का यह सिद्धांत है तो विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भी नए उम्मीदवारों को मौका मिले। जिससे कि पार्टी संगठन में नए लोगों को मौका मिल सके। क्योंकि वह एपीएल सूची में आ गए हैं जो एक बार विधायक सांसद बन जाते हैं ।उन्हें पेंशन मिलता है। उन्होंने कहा है कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में सुखदेव भगत को घोषित किए जाने से गुमला लोहरदगा जिला कांग्रेस पार्टी संगठन में दरार आ गई है। लोग दो-तीन नेतृत्व में विभक्त होकर कार्य कर रहे हैं।

**राजद के चकला पंचायत अध्यक्ष चुने गए अंग्रेज खान**

**चंदवा :**राष्ट्रीय जनता दल की बैठक चकला में संपन्न हुई जिसमे पंचायत अध्यक्ष का चयन किया गया। सर्वसम्मति से अंग्रेज खान को पंचायत अध्यक्ष चुना गया वहीं सचिव पद के लिए अनिल लोहरा, कोषाध्यक्ष के लिए झमेन्द्र यादव का चयन किया गया। साथ ही इन पदधारियों को एक माह के अंदर पंचायत कमिटी का गठन कर प्रखंड कमिटी को सौंपने का निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता हारून रसीद ने की। बैठक में प्रखंड महासचिव तपवन कुमार यादव मौजूद थे। बैठक में रामचंद्र साव, महेश मुंडा, शमशेर खान, खलील मिंया, इंजमाम खान, सतलु अंसारी, राजा खान, दशरथ यादव, अक्षय यादव, शमशुल आलम, मो. जमशेद समेत कई लोग मौजूद थे।

**मांग** टोरी चंदवा में फ्लाई ओवर ब्रिज और फुट ब्रिज निर्माण शुरू कराने की मांग

# कफन लपेटकर सत्याग्रह पर बैठे पंचायत समिति सदस्य अयुब खान

- दो वर्ष पहले ही फ्लाई ओवरब्रिज की मंजूरी मिल चुकी है
- स्टेशन आने जाने के लिए रास्ता ही नहीं है
- विभाग ने कई बहाने बनाकर जान बूझकर इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रही है




राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** कफन सत्याग्रह पर अनिश्चितकालीन कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान अपने साथियों के साथ बैठ गए हैं, उनकी मांग है कि टोरी जंक्शन, एनएच 22 पर तत्काल फ्लाई ओवर ब्रिज और स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू की जाय साथ ही कार्य शुरू करने में दो वर्ष से अधिक समय का विलंब करने वाले नेशनल हाईवे के अधिकारीयों पर सख्त कार्रवाई की जाय। कफन में लिपटकर सत्याग्रह कर रहे पंसस अयुब खान ने कहा है कि रेलवे क्रासिंग जाम और स्टेशन की आवागमन की समस्या किसी को दिखाई नहीं दे रही है।

दो वर्ष पहले ही फ्लाई ओवरब्रिज की मंजूरी मिल चुकी है, इसका शिलान्यास भी दिनांक 03 अप्रैल 2021 को किया जा चुका है लेकिन नेशनल हाईवे (एनएच) विभाग ने कई बहाने बनाकर जान बूझकर इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रही है, लोकसभा क्षेत्र और पलामु प्रमंडल की सबसे बड़ी यह समस्या है इसके बावजूद भी इसका निर्माण अबतक नहीं हुआ। यह स्टेशन राजस्व के मामले में कई स्टेशनों से अव्वल है। क्रॉसिंग बंद रहने से वाहन चालकों को फाटक पर खड़े रहने को मजबूर होना पड़ रहा है वहीं जल्दबाजी में क्रॉसिंग पास होने के चलते हादसों की आशंका भी बनी हुई है। स्टेशन आने जाने के लिए रास्ता ही नहीं है जिसके कारण यात्रीयों को ट्रेन से कटकर मौत हो रही है। कफन सत्याग्रह में माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां, बैजनाथ ठाकुर, साजीद खान, द्वारीका ठाकुर, सोभन उरांव, हनुक लकड़ा, ललन राम, सनिका मुंडा, पैतू गझु, इदुल खान, संजय राम, बुटन गंझु, अशा देवी, मो इम्तियाज, पूर्व पंचायत समिति सदस्य फहमीदा बीबी, सुधन गंझु समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

## दर्जन भर ठिकानों पर आयकर विभाग ने की छापेमारी



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** देवघर में लगातार एड और आईटी विभाग की कार्यवाही चल रही है इस दौरान सोमवार के सुबह देवघर के कई चर्चित लोगों के कई ठिकानों पर एक साथ आईटी विभाग के छापेमारी की गई इस दौरान देवघर के पूर्व महापौर पूर्व उपमहापोर, बिल्डर और भू माफिया शामिल है आईटी विभाग की टीम ने ने सोमवार की सुबह बाबा मंदिर में पूजा करने के बाद अभियान में जुट गई सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आईटी विभाग देवघर में बड़े स्तर पर हुए भूमि खरीद बिक्री के मामले से जुड़ा हुआ है। टिम ने देवघर और जसीडीह के आधा दर्जन से ज्यादा जमीन कारोबारी के घर और प्रतिष्ठान पर छापेमारी शुरू की है जिनके घर और प्रतिष्ठान में छापेमारी की गई है उनमें प्रमुख नाम महेश लाठ, सुशील सुलतानिया, उमा शंकर सिंह, ब्रजेश राय, संजय मालवीय, राज नारायण खवाड़े,संज्यानंद झा,नंदकिशोर दास, महेश मिश्रा है इन सभी के घर और प्रतिष्ठान पर छापेमारी सोमवार सुबह 5 बजे से ही शुरू कर दी गई थी ।

## उपायुक्त ने नाईट लैंडिंग एवं एयरपोर्ट पर की समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में देवघर हवाई अड्डा में हवाई जहाज के नाइट लैंडिंग, टेक ऑफ एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने देवघर हवाई अड्डा में हवाई जहाज के नाईट लैंडिंग/टेक ओफ एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने एयरपोर्ट के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि देवघर एक तीर्थस्थल एवं पर्यटक स्थल होने के कारण एयरपोर्ट परिसर में प्रोटोकॉल के अनुसार भीआईपी लाउंज की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उपायुक्त ने अतिक्रमण व एप्रोच रोड से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व एयरपोर्ट के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कहा कि शेष बचे कार्यों को तय समय मे पुरा करें । इस दौरान अपर समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल देवघर, देवघर एयरपोर्ट के अधिकारी, अंचलाधिकारी देवीपुर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर मनरेगा कर्मी करेंगे हड़ताल मंत्री का आवास करेंगे घेराव

राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** सेवा नियमितीकरण सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मी हड़ताल पर रहे। मनरेगाकर्मी आज ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के रांची स्थित आवास का घेराव करेंगे। इस संबंध में झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ पाकुड़ के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार टुडू के द्वारा उपायुक्त पाकुड़ को दिए गए लिखित सूचना में उल्लेख किया गया है कि झारखंड राज्य में मनरेगा कर्मी वर्ष 2007 से अनवरत पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अल्प मानदेय पर राज्य के उत्थान के लिए ग्रामीण इलाकों में काम कर रहे हैं। मनरेगा कर्मियों को मानदेय के अलावा अन्य कोई सर्विस बेनिफिट प्राप्त नहीं है। प्राप्त मानदेय से परिवार का गुजारा ढंग से नहीं हो पता है। मनरेगा कर्मियों ने अपने हक अधिकार व उचित मांगों की पूर्ति के लिए सरकार के समक्ष समय-समय पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। मुख्यमंत्री के द्वारा संविदा संवाद, रात्रि चौपाल एवं अन्य चुनावी जनसभाओं में मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी करने का वचन दिया गया था। लेकिन तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थायी नहीं की गई और न ही वेतनमान दिया गया। ना ही अन्य कोई सर्विस बेनिफिट दिया गया। मुख्यमंत्री से संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता हेतु अनेकों बार आग्रह किया गया। लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय से समयादेश नहीं दिया गया। जिससे राजभर के मनरेगा कर्मियों में काफी आक्रोश है। फलतः मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों की पूर्ति के लिए 30 अक्टूबर 2023 से विभाग के मंत्री के आवास घेराव का निर्णय लिया है। जिसमें पाकुड़ जिला सहित राजभर के मनरेगा कर्मी जिसमें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक भाग लेंगे। जिसके कारण वह अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित नहीं रह पाएंगे। यदि सरकार की ओर से सकारात्मक पहल कर मंगू की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है तो घेराव कार्यक्रम अगले दिन भी जारी रहेगा। मनरेगाकर्मियों के आंदोलन और संभावित हड़ताल का असर राज्य में ग्रामीण विकास के साथ-साथ रोजगार पर पड़ना स्वभाविक है।

## दो बाइक की टक्कर में छात्र घायल



राष्ट्रीय खबर

**चंदवाः** मुख्य बाजार स्थित स्टेट बैंक के समीप दो बाइक सवारों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें चकला बाजारटांड़ निवासी स्कूली छात्र मो हम्जा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया जँहा डॉ के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने मरीज को रिम्स भेजने में मदद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मो हम्जा चकला से प्लस टू उच्च विद्यालय बाइक से चंदवा आ रहा था इसी दौरान स्टेट बैंक के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने सीधी टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद पुलिस बाइक को अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

**फास्ट फूड** आजकल बच्चे पोषक तत्वों के लिए नहीं बल्कि जीभ का स्वाद बढ़ाने के लिए भोजन करते हैं

# बच्चों में फास्ट फूड की लत है खतरनाक:डॉ उदय सिंह

- फास्ट फूड का सेवन करने से बच्चों में मोटापे की भी समस्या बढ़ रही है
- फास्ट फूड का सेवन करने से बच्चे का दिमाग कमजोर होने लगता है



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** आजकल बच्चे पोषक तत्वों के लिए नहीं बल्कि जीभ का स्वाद बढ़ाने के लिए भोजन करते हैं। यही वजह है कि फास्ट फूड उनकी पहली पसंद बनता जा रहा है।हाल ही में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर उदय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूली बच्चों में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। लड़कों में पेट के हिस्से का मोटापा अधिक देखने को मिल रहा है। वहीं लड़कियों को पूरे शरीर का मोटापा घेर रहा है।उन्होंने बताया कि फास्ट फूड का अत्याधिक सेवन और खेल-कूद में रुचि न दिखाने से यह समस्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि फास्ट फूड का का सेवन करने से लीवर कमजोर करता है।फास्ट फूड का सेवन करने से बच्चे का दिमाग कमजोर होने लगता है।फास्ट फूड का सेवन करने से बच्चों में मोटापे की भी समस्या बढ़ रही है।फास्ट फूड का अधिक सेवन करने से बच्चे में डायबिटिज का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने इससे बचने के लिए बच्चों के माता-पिता अभिभावकों को बताया कि बच्चे के खान-पान को लेकर एक सूची तैयार कर लें। सूची तैयार करते समय उसकी पसंद का ध्यान रखते हुए सभी पौष्टिक चीजों को लिस्ट में शामिल करें।योग या व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। घर पर बने खाने में ही कुछ बदलाव लाकर उसके स्वाद के साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंट करें।

डॉ उदय सिंह ने बताया कि प्लास्टिक लंच बॉक्स में रखा खाना बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक कैमिकल जेनोएस्ट्रोजेन खाने में मिलकर बच्चे के शरीर में पहुंचकर उसके हार्मोन के संतुलन को बिगाड़ सकता है। छोटे बच्चों के लिए कभी भी कांच वाला टिफिन बॉक्स ना खरीदकर दें। ऐसा टिफिन बॉक्स गिरने पर टूट जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि आप सॉलिड टिफिन बॉक्स खरीदें ताकि वह गिरने पर ना टूटें। ऐसा लंच बॉक्स खरीदने पर बच्चे को भी चोट लगने का खतरा भी नहीं होगा। अगर आप चाहते हैं कि अपके बच्चे का लंच डिब्बे से लीक न होने के साथ स्कूल में भी गर्म बना रहे तो उसके लिए इंसुलेटेड बैग वाला लंच बॉक्स खरीद सकते हैं। इस तरह के लंच बॉक्स में न सिर्फ काफी जगह होती है बल्कि आसानी से उसे धोए भी जा सकते हैं।

## न्यूज फटाफट

**सीएम हेमंत सोरेन आज युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र**



**मेदिनीनगर :** पलामू श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने बताया किबेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने हेतु सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है ।समय-समय पर भर्ती कैंप और रोजगार मेला के तहत युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है ।इसी कड़ी में पलामू जिले में प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन होने जा रहा है ।जहां 5000 युवक युवतियों को सीएम हेमंत सोरेन के हाथों जॉब लेटर दिया जायेगा। पलामू जिले के साथ गढ़वा और लातेहार जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को मेले में मिलेगा रोजगार। यह कार्यक्रम पलामू जिले के पुलिस लाइन स्टेडियम में 31 अक्टूबर को आयोजित होगी ।श्रम अधीक्षक इतवारी महतो ने बताया की 31 अक्टूबर को पलामू जिले में प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन होने जा रहा है। मेले में 5000 युवक युवतियों को जॉब लेटर मिलेगा ।कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौजूद होंगे। यह कार्यक्रम मेदिनीनगर शहर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होगा। इसके लिए युवक-युवतियों का चयन किया गया है। पलामू में बड़े पैमाने पर रोजगार देने को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चयनित युवक युवतियों को बड़ी बड़ी कंपनी, इंडस्ट्री, फैक्ट्री में भेजा जाएगा ।पलामू समेत लातेहार और गढ़वा के भी होंगे लाभुक ।उन्होंने बताया की रोजगार देने के लिए जिले भर में युवक युवतियों का चयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला नियोजनालय में पंजीकृत युवक युवती, आईटीआई पास आउट छात्र छात्रा के साथ सरकार की योजना कौशल विकास से पास आउट युवाओं का चयन किया जा रहा है। जिसमें आई टी आई से पास आउट 500 युवक युवतियों, जिला नियोजन में निबंधित 1500 युवक युवतियों और कौशल विकास मिशन से 3000 युवाओं को रोजगार मिलेगा।

**संत मरियम स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ**



**मेदिनीनगर :** शहर के प्रतिष्ठित संत मरियम स्कूल में सोमवार को अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई ।स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने परीक्षा का निरीक्षण किया ।मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में परीक्षा देने का अवसर अवश्य आता है। परीक्षा एक ऐसा अवसर है जब व्यक्ति की काबिलियत और मेहनत का पता चलता है। छात्र जीवन में परीक्षा का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है ।सत्र के प्रारंभ होने के पश्चात प्रत्येक वर्ष शिक्षा में सुधार हेतू पूरे मनोयोग से वे परिश्रम करते है। परीक्षा से हमें हमारी कमियों और हमारी ताकत के बारे में पता चलता है। यह एक मित्र की भांति हमें सच्चाई से अवगत कराती है ।आगे देव ने कहा की आप सभी बिना डर के पूरे धैर्य के साथ परीक्षा दे ।आपकी मेहनत से प्राप्त परिणाम आपको और बेहतर करने के लिए सदैव प्रेरित करेगा ।मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहें।

**भंडारे के साथ अखंड संकीर्तन संपन्न**

**पलामू :** न्यू युवा बाल मंडली समिति द्वारा अररुआ कला चरकेरिया के देवी मन्दिर प्रांगण में आयोजित 24 घंटे का अखंड संकीर्तन भव्य भंडारा के साथ ही सम्पन्न हो गया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धा भक्ति से दान देकर कार्यक्रम में सार्थक सहयोग दिया। इसके पहले सैकडों श्रद्धालु भक्त अखंड संकीर्तन में शामिल होकर हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण ,कृष्ण कृष्ण हरे हरे का अखंड पाठ किया। बता दें कि बीते कई साल से दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में अखंड संकीर्तन सह भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन होता आया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह,सचिव बीरेंद्र राम ,कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार,सुधीर पटेल,गोपाल यादव, वरिष्ठ समाजसेवी राजद नेता बुधन सिंह यादव के साथ ही सुरेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ पटेल जी,राजू सिंह,सुदामा यादव,संतोष कुमार,विकास कुमार सहित सैंकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

**विधायक ने किया पुलिया निर्माण का शिलान्यास**



**पलामू :** पांकी प्रखंड के माड़न पंचायत के ग्राम कंदाखाड़ एवं हुसैनी गुरहा के बीच पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार की दोपहर पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने गांव के बुजुर्ग व्यक्ति कनी महतो के हाथों करवाया , पुलिया निर्माण का शिलान्यास होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल, मौके पर पहुंचे सैकड़ो ग्रामीणों ने विधायक का गाजे - बाजे के साथ गर्मजोशी से किया स्वागत। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, निर्मल मेहता, विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, लाला यादव, दिलीप मेहता, विरेंद्र मेहता, अखिलेश चंद्रवंशी, सुधीर तिवारी,चंदन सोनी, सुमित कुमार, पिंटू यादव, उमेश यादव,चंदन मेहता, वशिष्ठ मेहता,कमेश यादव, प्रदीप मिश्रा,मंदीप मेहता,रंजय ठाकुर,पंकज यादव,कनी महितो, इंद्रदेव महतो, रघुराई महतो, देवकी महतो, कामेश्वर महतो, मुनी महतो, रामदेव महतो, महेश महतो, छेबर महतो, बच्चू महतो, नंदकिशोर,प्यारी देवी, रीता देवी, रीना देवी सहित गांवों के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

**विकास योजनाओं में मची लूट पर रोक के लिए बीडीओ को माले व जएनडी ने सौंपा ज्ञापन**

**गुमला :** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल, घाघरा द्वारा 15 वें वित्त आयोग फंड, प्रधानमंत्री आवास, वृक्षारोपण व कूप निर्माण इत्यादि योजनाओं में अनियमितता कर हो रही भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए पार्टी नेताओं ने घाघरा बीडीओ से मुलाकात कर ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। भाकपा माले नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह की उपस्थिति में सौंपी गई ज्ञापन में पार्टी के प्रभारी प्रकाश उरांव व जेएनडी नेता शंकर उरांव ने कहा है कि प्रखंड में 15 वें वित्त आयोग फंड से संचालित योजनाओं में भारी गड़बड़ी कर विकास की राशि से अपने जेब भरने का काम हो रहा है। उदाहरण स्वरूप घाघरा के वीरन मांझी व शांति कुजुर के घर के पास बन रही सोलर पानीटंकी में बगैर माफी पुस्तिका बनाए ही दो-दो लाख रुपये भुगतान कर दी गई है। वहीं रुकी, कुगांव व सेहल जैसे पंचायत में प्रधानमंत्री आवास निर्माण, कूप निर्माण व वृक्षारोपण कार्य में प्रखंड प्रशासन के मिली भगत से योजना की राशि को गबन किया गया है तथा घाघरा के सरांगो व चपका पंचायत में बने शौचालय निर्माण की भी भौतिक सत्यापन करने की मांग की गई है। पार्टी नेता विजय सिंह ने बीडीओ से कहा है कि प्रखंड में संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार की लगातार मिल रही शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है नहीं तो मजबूरन पार्टी को जनहित में आंदोलन की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस पर घाघरा बीडीओ ने सकारात्मक रूप अपनाते हुए कहा है कि जहां से भी शिकायत मिलती है उस पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## शहर >> अपडेट

### स्कार्पियों मोटरसाइकिल की भिडंत में तीन घायल

पलामू : छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र के सिलदाग गांव में मेदिनीनगर की ओर से आ रही स्कार्पियों और छत्तरपुर की ओर से जा रही मोटरसाइकिल में आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल हो गए घायलों को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने मेदिनीनगर रेफर दिया घायलो की पहचान इटको निवासी शलाहु अंसारी, रूमान अंसारी, ढुरकी अंसारी के रूप में हुई है।

## सिटी अपडेट्स >>

### युवक का शव बरामद

लोहरदगा : कुडू थाना क्षेत्र के बढकी चापी पंचायत अंतर्गत होटवार गांव के एक कुंवे से पुलिस ने एक सड़ा गला शव बरामद किया है। शव की पहचान किसको थाना क्षेत्र के हुटाप नाथपुर गांव निवासी लोकनाथ उरांव 45 पिता लक्षु उरांव के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे एसआई प्रेम प्रकाश और लवकुश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है।

### बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत केशो नदी के मसमोहना बालू घाट से पुलिस ने सोमवार को अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया हैं। इस बाबत नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि उक्त घाट से चोरी छिपे बालू उठाव करने की गुप्त सूचना मिली थी। उसी आधार पर सोमवार को छापेमारी के दौरान उक्त नदी से अवैध बालु लोड कर ट्रैक्टर जा रहा था। पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टर के चालक व मजदूर मौके से फरार हो गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कुत्ता के हमले में महिला घायल

**कोडरमा:** जिले के चंदवारा पानी टंकी के समीप सोमवार को घर के बाहर बैठी महिला पर अचानक एक पागल कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्ते के हमले से घायल महिला की पहचान ललिता देवी (उम्र 50, पति स्व अमृता साव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर के बाहर बैठी महिला पागल कुत्ते के द्वारा हमला करने पर महिला के द्वारा हल्ला करने के बाद स्थानीय लोगों ने उसे कुत्ते से बचाया और इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया। जहां का इलाज चल रहा है।

### तेनुघाट डैम का खोला गया दो फाटक

**एंकर** : आज तेनुघाट डैम के दो रेडियल गेट को खोला गया है। डैम मे अत्यधिक पानी आने के करण दो रेडियल फाटक खोला गया. विभाग के द्वारा पत्राचार के द्वारा बताया गया की दामोदर नदी पर स्थित तेनुघाट जलशय का पानी लगभग 856.35 फीट बढ़ने की संभावना है जिसको देखते हुऐ जलशय का दो रेडियल गेट खोला गया है। जबकि जलाशय मे 865फीट रखने की क्षमता है जबकि वर्तमान समय मे 852 फीट ही पानी को रखा जाता है वहीं 882 फीट खतरे की निशानी बताई गई है। वहीं दो गेट खोले जाने के बाद नदी मे पानी का बहाव लगभग 7579.036 /214.78 क्यूसेक/क्यूबीक मी प्रति सैकेंड की रफ़्तार से पानी नदी मे बहाव हो रहा है। वहीं नदी नहीं जाने की हिदायत दी गई है। अपने जानवरों सहित कोई भी व्यक्ति नदी मे न जाये जिससे कोई नुकशान हो। वहीं सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया कि डैम के पिछले भाग से अधिक पानी आने के कारण सुरक्षा को देखते हुए तत्काल दो गेट खोला गया है।

**विवाद** अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने किया अंचल कार्यालय का घेराव

# प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जाम हुआ खत्म

### सीओ ने ग्रामीणों को दी एफआईआर की चेतावनी

### आजसू नेता कर रहे थे जाम का नैतृत्व

राष्ट्रीय खबर



**लोहरदगा :** हेंजला में जितिया मेला टांड और ग्राम चन्दलासो में दशहरा मेला की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर सोमवार को सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण अंचल कार्यालय पहुंचे और प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन करने वालों में महिलाएं भी शामिल थी। ग्रामीणों की मांग थी कि दोनों गांव में कुछ लोगों द्वारा मेले की जमीन पर अवैध कब्जा कर किये गए निर्माण को हटाया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में कुडू सीओ को आवेदन भी दिया गया है लेकिन बीते 27 अक्टूबर को हटाने की बात होने के बावजूद भी कुछ लोगों का अतिक्रमण अभी तक नही हटाया गया है। अंचल कार्यालय मुख्य द्वार को जाम करने की सूचना पर बीडीओ प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह और भारी संख्या में पुलिस बल प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचा।

आजसू के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने भी ग्रामीणों को समझाने की पहल की। लेकिन ग्रामीण अड़े रहे। अधिकारियों द्वारा काफी समझने और कानूनी तरीके से अपनी मांग रखने की बात समझाने के बाद ग्रामीण माने और मुख्य द्वार से हटे। धरने पर बैठे लोगों में धनेस्वर महतो, रामचंद्र महती, मुरारी महतो, मुन्ना यादव, तेजपाल मुंडा, बबलू साहू, बादल महतो, राहुल महतो, नंदकिशोर राम, बिनोद उरांव, पचू उरांव, वार्ड सदस्य राम उरांव, मनोज महतो, अनिल उरांव, सुरेश मुंडा सहित सैकड़ों महिला पुरुष शमिल थे। आवास से कार्यालय पहुचे सीओ प्रवीण कुमार सिंह मुख्य द्वार पर बैठ रास्ता रोकने पर भड़क गए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी बाते है कानूनी तरीके से करें 24 घंटा प्रशासन आपके सहयोग के लिए खड़ा है।

लेकिन इस तरह मुख्य द्वार पर बैठ कर दबाव बनाकर और नजायज ढंग से मजमा लगाकर काम कराने की मंशा रखने वाले और सरकारी कार्य मे बाधा डालने वाले लोगों को बर्दाश्त नही किया जाएगा उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उंन्होने बताया कि फिलहाल किसी प्रकार की कोई लिखित सूचना ग्रामीणों द्वारा प्राप्त नही हुई है। चन्दलासो ग्राम में कुछ लोगों के बहकावे में आकर ग्रामीण भुईहरी - पहनई जमीन पर मेला लगाना चाहते हैं। जो नियम संगत नही है। जबकि हेंजला में पिछले माह अतिक्रमण हटाया गया था दुर्गा पूजा को लेकर नोटिस नही जा पाया था। छूटे हुए दो लोगों को भी नोटिस भेजा गया है। जल्द ही सभी अतिक्रमण हटाये जाएंगे।

## जानलेवा हमला करने वाली महिला गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** लोन के रुपए वापस दिलाने का झांसा देकर जलवाबाद निवासी एक महिला समीमा आजमी पर उनकी एक परिचित महिला फिरोजी खातून के द्वारा पथलडीहा में सुनसान स्थान पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में कोडरमा पुलिस ने सोमवार को आरोपी महिला फिरोजी खातून को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया। घटना को लेकर कोडरमा थाना में कांड संख्या 198/23 दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि समीमा आजमी ने बैंक से रुपए लोन पर लेकर अपनी परिचित महिला फिरोजी खातून को दिया था। इसके बाद महिला फिरोजी रुपए वापस करने में टालमटोल कर रही थी। बैंक रिकवरी एजेंट के द्वारा बार-बार लोन के रुपए को लेकर तगादा करने पर समीमा ने फिरोजी से रुपए की मांग किया था। जिसके बाद रुपये दिलाने के बहाने फिरोजी झांसे में लेकर समीमा को पथलडीहा लेकर गयी। जहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर फिरोजी ने समीमा पर हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गई। जिसके बाद घायल महिला पर स्थानीय लोगों की नजर पड़ने पर उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ पीड़ित महिला इलाजरत है। घटना के बाद कोडरमा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महिला को पकड़ कर सोमवार को जेल भेज दिया।

## सड़क हादसों में सात घायल, तीन रेफर

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** जिले में सोमवार को दो अलग सड़क हादसों में सात लोग घायल हो गए। जयनगर थाना के सोनपुरा के समीप सोमवार की दोपहर बिहार के नवादा से बच्चों को कार से लेकर तिलैया डैम स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में बच्चों को छोड़ने जा रहे व्यक्ति की कार कोडरमा थर्मल पावर प्लांट से कुछ दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो बच्चे और दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान बिहार के नवादा निवासी नीतीश कुमार सिंह (उम्र 35 वर्ष), अहम कुमार (उम्र 10 वर्ष), संस्कार कुमार (उम्र 10 वर्ष) एवं चिंटू कुमार (उम्र 35 वर्ष) शामिल है। कार केटीपीएस प्लांट के आगे अनियंत्रित होकर खेत में पलटी खाते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल नीतीश कुमार सिंह, संस्कार कुमार और अहम कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलटेक्स के समीप हुई। वहां एक वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में विशु कुमार उर्फ विष्णु भुईयां (उम्र 17 वर्ष पिता अशोक भुईयां, ग्राम जलवाबाद) शामिल है। दो युवक को हल्के-फुलकी चोट लगी है। बाइक सवार तीन युवक तिलैया से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। जो कोलटेक्स के समीप वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गए। बेहतर इलाज के लिए विष्णु भुईयां को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## डीवीसी ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड डीवीसी सीएसआर द्वारा प्राथमिक विद्यालय सिंगारडीह में निःशुल्क मच्छर जनित रोग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को इन रोगों से बचने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीवीसी के प्रभारी डीजीएम सह सीएसआर हेड हरिश्चंद्र सिंह ने कहा कि अपने घर व आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि घर हो या गौशाला नियमित उसकी सफाई करें ताकि मच्छर पनपे नहीं। मलेरिया डेंगू फाइलेरिया जैसी बीमारी मच्छरों से होती है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन लगातार प्रयासरत है कि पोषक क्षेत्र में कोई बीमार ना पड़े। मगर इसके लिए स्वयं भी जागरूक होना होगा। वहीं केटीपीएस स्वास्थ्य विभाग के डीजीएम एएम मिश्रा ने कहा कि बीमारी के प्रति पहले से सतर्क होना जरूरी है। अभी जगह-जगह पर जल जमाव है वहाँ मच्छर पनप रहे हैं। जिससे मलेरिया डेंगू फाइलेरिया जैसे रोग भी फैल रहे हैं। मच्छरों से बचाव जरूरी है इसके लिए घर के आसपास के जल जमाव वाले गढो को भर दें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ठीक हो या खराब समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करना चाहिए। वहीं डॉ. विकास कुमार, डॉ. रवि ने भी मच्छर से बचाव के उपाय की जानकारी दी। मौके पर सीएसआर सहायक कुलदीप कुमार, फार्मासिस्ट अरुण कुमार, एमपीएचडब्ल्यू अशोक कुमार, लैब टेक्नीशियन रूपेश कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि को सौंपा मांग पत्र



राष्ट्रीय खबर

**कुडूः** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति लोहरदगा के पदाधिकारी एवं सदस्यगन अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के नेतृत्व में विधायक कार्यालय पहुंच कर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल से मिल कर मांग पत्र सौंपी जिसमे झारखंड कुम्हार समन्वय समिति लोहरदगा द्वारा भंग की गई माटी कला बोर्ड को पुनः लागू करने की मांग की गई। जिससे कुम्हार समाज का उत्थान को सके। इस पर विधायक प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर पहल किया जाएगा एवं बोर्ड का गठन किया जाएगा सरकार इसके ऊपर संवेदनशील है। झारखंड कुम्हार समाज के विकास के प्रति लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भी हमेशा कुम्हार समाज के साथ है। मौके पर प्रेम किशोर प्रजापति, कमल महतो,वासुदेव महतो, राजू प्रजापति ,वीरेंद्र कुमार , राधेश्याम प्रजापति ,विनोद कुमार, राधेश्याम प्रजापति , विनोद कुमार महतो, रामदेव प्रजापति उपस्थित थे।

**आरोप** बिना ग्राम सभा के तोड़ा आंगनबाड़ी केंद्र लगा स्क्रैप बेचने का आरोप

# पंचायत समिति बोलगाम




### मुखिया और उप मुखिया के मुख्तारो ने लिया फैसला

### ग्रामिणों ने उपायुक्त से की शिकायत

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** आंगनबाड़ी केंद्र कटहाडीह के भवन बिना ग्राम सभा किए तोड़ने तथा भवन के स्क्रैप लोहा मुखिया पति तथा उपमुखिया पति द्वारा बेच देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सोपा है। ग्रामीणों ने आवेदन में कटहाडीह पंचायत के मुखिया पति वसी अहमद तथा उपमुखिया पति मुख्तार खान के द्वारा बिना ग्राम सभा के जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र को तोड़ देने तथा आंगनवाड़ी स्क्रैप लोहा सहित कई सामान को अपने निजी काम में लगाकर बेच देने का आरोप लगाया है। आवेदन में यह भी कहा है कि बिना विभाग के परमिशन लिए उसी जगह पर नए आंगनबाड़ी का निर्माण करने का भी प्रयास किया जा रहा है जिसमें किसी भी ग्रामीणों को इसकी सूचना नहीं दिया गया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि मुखिया पति आंगनबाड़ी केंद्र को तोड़कर अपने मर्जी से कार्य करना चाहते हैं। यह आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की किसी ग्रामीणों को सूचना नहीं है और तोड़े गए आंगनबाड़ी केंद्र के जितने भी खिड़की, दरवाजा व स्क्रैप लोहा सभी गोपनीय तरीके से बेच दिया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से शीघ्र उपरोक्त बातों को ध्यान देते हुए जांच पड़ताल कर आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम सभा के माध्यम से निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन में सफायत खान, अलाउद्दीन खान, शाहजहां खान, सलीम खान, शाह मोहम्मद, अलाउद्दीन खान, सिमताज खान, फिरोज खान, समशुनीश, राजेंद्र राम, नीरज राम, मन्नू कुमार, सरफराज खान, सिमताज खान, शाहनवाज खान, असरार खान सहित दर्जनों ग्रामीण का हस्ताक्षर शामिल है।



## न्यूज फटाफट

### डीएवी स्कूल में चला सफाई अभियान



**झुमरीतिलैया:** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में साप्ताहिक सफाई अभियान के अन्तर्गत भिन्न -भिन्न कक्षाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। अभियान के अन्तर्गत सर्वप्रथम प्रात:कालीन सभा में जिज्ञासा रानी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई फिर खुशी तिवारी एवं अभया श्री ने स्वच्छता पर सुंदर व मनमोहक कविता प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सारा खान के द्वारा क्वीज का आयोजन किया गया। अन्य गतिविधियों में कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका विषय स्वच्छ विद्यालय; जहाँ रहता है साफ-सफाई वहीं होती है अच्छे मन से पढ़ाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दयानंद व राजा राम मोहन राय सदन की निष्ठा गुप्ता व दिव्या कुमारी रही तो दूसरे स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन इष्या वर्मा व इकरा फातिमा रहीं। रामाकृष्णा सदन की प्रिया कुमारी व विकेकानंद सदन की अंजली प्रिया ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अपूर्वा सरकार ने निभाई।।अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन की सोनिका वर्मा रहीं। दूसरे स्थान पर रामाकृष्णा सदन की सृष्टि कुमारी एवं स्वीटी कुमारी रहीं वहीं तीसरे स्थान पर दयानंद व विकेकानन्द सदन के कुंदन राज व अर्पिता कुमारी रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विद्यालय की शिक्षिका ज्योति ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रामाकृष्णा सदन की जिज्ञासा रानी व हर्षित पाठक रहे द्वितीय स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन की सान्वी व दयानंद सदन की समृद्धि सिंह रहीं। वहीं तृतीय स्थान दयानंद सदन के शौर्य प्रताप सिंह व राजा राम मोहन राय सदन की रौशनी कुमारी रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के भूमिका में सीडी गर्ल्स हाई स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक सुनिल कुमार सिन्हा जो कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे एवं विद्यालय की शिक्षिका खुशबू कुमारी रही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुमार सतीश सिंह ने किया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने इस अभियान के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि साफ-सुथरे वातावरण में रहने से मानसिक शांति और सकारात्मकता का माहौल बनता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह व महजवीं प्रवीण एवं सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक एवं अमिता सिन्हा ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।


### महर्षि वाल्मीकि की जीवनी पर हुई चर्चा

**पलामू :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्त्वाधान में एक एक संक्षिप्त कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें कई प्रबुद्ध लोगों ने शरद पूर्णिमा की महत्ता और महर्षि वाल्मीकि जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपनी सभ्यता और संस्कृति का स्मरण किया। मौके पर कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि संजय पासवान के अलावा खंड वाहक कार्यकर्ता मोहन ठाकुर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद, खंड कार्यकारिणी के सदस्य विजय प्रजापति, प्रिय मुखदर्शी, शशि कुमार, रोबर्ट गुप्ता, बीनू जायसवाल, साकेत कुमार, रवि कुमार गुप्ता,सत्यनारायण शौंडिक आदि कई लोगों ने अपने विचार रखे।

### प्रवासी मजदूरों ने श्रम अधिकारी से की ठेकेदार की शिकायत

**लोहरदगा:** जिले कैरो एवं कुडु प्रखंड के इक्कीस प्रवासी मजदूर को बंगाल के नवीनगर चमातोला कलीयाचक मालदा बंगाल निवासी मजदूरों का ठेकेदार सेताबुद्दीन अहमद पिता शेराज्जूद्दीन अहमदम गुजरात के कक्ष में अडानी कंपनी में 2सितंबर से 27 सितंबर तक एवं महाराष्ट्र के 28 सितंबर से 15अक्टूबर तक कोल्हापुर केरली काम किया 12 घंटे की 900 रू राशि कंपनी और ठेकेदार की सहमति से तय हुए।जिसकी राशि 21मजदूरों 6,24000 हुए जिसकी भुगतान नहीं की गई। मजदूर के द्वारा बार-बार पैसे मांगले पर भी कई प्रकार के बहाने ठेकेदार द्वारा बनाया गया । मजदूरों के द्वारा कंपनी से पूछे जाने पर बताया कि ठेकेदार मजदूरों के नाम पैसा उठा लिया है। जिसके पश्चात हो मजदूरों ने किसी प्रकार से अपनी घर वापसी के लिए पैसे इकट्ठे किए और वह वापस घर पहुंचे।घर पहुंचने के बाद भाजपा अनुसूचित जनजातीय मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव से अपनी पीड़ा को बताया । तब बजरंग उरांव के नेतृत्व में जिला श्रमिक अधीक्षक दिनेश भगत से मिलकर लिखित आवेदन देकर कार्रवाई और मजदूरी राशि दिलाने की मांग की। बजरंग उरांव ने कहा झारखंड प्रवासी मजदूरों के साथ होने वाले घटना हेमंत सरकार के सत्ता में आने के बाद आम हो गया है।क्योंकि अन्य राज्यों के कंपनियों और ठेकेदार को पता झारखंड में रोजगार रहा नहीं ।किसान भी मजबूर है। वह मजबूरी में हमारे कार्य ही करेंगे चाहे शोषण ही क्यों न हो। परंतु हमारा झारखंड की सरकार चेंज की नींद सो रही है उन्हें शुरू से ही झारखंड के गरीब किसान अनुसूचित जाति, जनजाति से कोई खास दिलचस्पी नहीं रही है।सभी जगह केवल शोषण हो रहा है। लोगों की सुरक्षा स्वयं की जिम्मेवारी बन चुकी है। आज झारखंड में प्रतिदिन हजारों हजार की संख्या राज्य से बाहर जा रहे हैं।उसमें हमारे लोहरदगा से भारी संख्या जा रही है।परंतु राज्य की पूरी सिस्टम भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आगे कुछ देख नहीं पा रहा है। हम गरीब इर्द गिर्द भाग रहे हैं जिसके फल स्वरूप शोषण का शिकार हो रहे है।

### अवैध उत्खनन की जांच करने पहुंचे एसडीओ और डीएमओ



मरकच्चो: प्रखंड अंतर्गत उत्तरी पंचायत मरकच्चो के कारी पहाड़ी मरकच्चो में संचालित पत्थर खदान में अवैध उत्खनन की खबर सोमवार को समाचार पत्रों में छपने के बाद एसडीओ कोडरमा संदीप कुमार मीणा, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जयपाल सोय ने कारी पहाड़ी मरकच्चो पहुंच कर जांच पड़ताल की। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मरकच्चो पप्पु रज्जक, सीआई दिनेश राम भी मौजूद थे। इस दौरान लीज पर किये जा रहे कार्य की जानकारी ली व काफी समय तक जांच की।

### शहर के छठ घाटों की समुचित सफाई हो पिंकी जैन

**कोडरमा:** निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने आज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर शहर के सभी छठ घाट की सफाई एवं दीपावली से पहले शहर के सभी एलइडी लाइट की मरम्मत करवाने की बात कही पिंकी जैन ने कहा कि शहर में छठ पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है समय पूर्व ही साफ सफाई करने एवं गंदगी से मुक्ति होने पर व्रत धारीऔर श्रद्धालु भक्तों को परेशानी नहीं होगी शहर के चौक चौराहे गली मोहल्ले में खराब पड़े एलइडी लाइट को दीपावली के पहले ठीक कर दिया जाए।

## न्यूज फटाफट

### महिला लीग एमेच्योर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची जिला कि 14 सदस्य टीम 18 पदक प्राप्त किया



**रांची:** खेलो इंडिया विमेंस लीग एमेच्योर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची की टीम ने धनबाद के उत्सव भवन में सम्पन्न हुए दो दिवसीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए 18 पदक अपने नाम किया।इस अवसर पर रांची जिला किक बॉक्सिंग एडहॉक कमिटी के चेयरमैन विनय सिन्हा,मेंमबर विमल आनन्द नाग,गुलाम जावेद, सहित नौसाद खान,कमल किशोर कच्छप, गुलाम गौस कुरैशी,कलीम खान, सहजाद कुरैशी,मो.मुजीबुददीन एवं अन्य प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया। चेयरमैन विनय सिन्हा दीपू ने कहा रांची जिला के बच्चों ने 8 स्वर्ण 4 रजत 6 कांस्य पदक पर कब्जा किया इन खिलाड़ियों को रांची जिला कमिटी सम्मानित करने का कार्य करेगी।

टीम कोच में लालचंद लोहार सिंटू कुमार, टीम मैनेजर नेहा कुमारी,पदक प्राप्त खिलाड़ियों कि सूची शारदा होरो 2 स्वर्ण, प्रिया कुमारी 1रजत1कांस्य,राधिका स्वराज 1 स्वर्ण,मोनिका कुमारी 1 स्वर्ण 1रजत,अंशु लकड़ा 1 कांस्य,रिया कुमारी 1रजत 1 कांस्य,बेबी कुमारी 1रजत,साक्षी कुमारी 1 कांस्य,भारती कुमारी 2 कांस्य प्रिया कुमारी 1 स्वर्ण 1 रजत,रजनी कुमारी 1 स्वर्ण,कोमल सलोनी लकड़ा 1 स्वर्ण अपेक्षा उरांव 1 स्वर्ण,छोटी कशिश 1कास्य,साथ ही लोहरदगा की टीम भी भाग लेने धनबाद गई जिसमें टीम कोच शिवकुमार,अनन्या कुमारी 1 रजत 1 कांस्य श्रेयश्री 1 रजत 1 कांस्य,श्रेया उरांव 2 कांस्य शामिल है।

### बी डिवीजन क्रिकेट क्वालीफायर शुरू

**रांची :** रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आज से बी डिविजन क्रिकेट क्वालीफाई क्रिकेट लीग शुरू हुई इसके तहत आज 3 मैच खेल गया नेहरू स्टेडियम में खेल गया मैच में डीसेंसी क्रिकेट अकादमी ने साईं सी को 175 रनों से पराजित किया जबकि शाखा क्रिकेट मैदान में रातू सीसी ने एवरग्रीन क्रिकेट क्लब को 94 रनों से तथा गोल चक्कर मैदान में गैलेक्सी भी की टीम ने झारखंड सेक्रेटेरिएट को 53 रनों से पराजित किया संक्षिप्त स्कोर : डिफिशिएंसी क्रिकेट अकादमी डीसेंसी क्रिकेट अकादमी 217/6 30 ओवर (प्रिंस 77 अंकित 34 आमिर 18 अनुराग 2/47 ), र्ž ू 42 ˙´´ ङ्ग४३ (आमिर अंकित हरिहर और शुभम दो दो विकेट) रातू सीसी 248 /7, 28 ओवर (अनुराग कुमार 115 अंकित 29 आदित्य प्रसाद 25 नरेश 52 /2) एवरग्रीन 154 (रितेश 23 उज्जवल 22 रुपेश 22 अंकित श्रीवास्तव 3 बलराम दो) गैलेक्सी बी बी 171/10 , 32.3 ( समृद्धि 33 शाहिद 34 लखन 25 होम्थी तीन राजीव दो अवधेश दो ) झारखंड सचिवालय 118 ऑल आउट 23 ओवर (अमिताभ 32 राजीव 37 लखन 3 /19 साइट 2/17 विदेशी 2/37)।

### अनीश भानवाला को कांस्य पदक के साथ मिला ओलंपिक का कोटा

**चांगवोन :** भारतीय निशानेबाज अनीश भानवाला ने सोमवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल कर लिया। दक्षिण कोरिया के चांगवोन में चली रही स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेल 2018 के चैंपियन अनीश भानवाला ने आज फाइनल में जापान के दाई योशियोका से शूट-ऑफ हारने से पहले 28/35 का स्कोर किया। दाई योशियोका ने 33/40 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। दक्षिण कोरिया के ली गुन'ोक ने 34/40 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्वलिफिकेशन राउंड में अनीश भानवाला 588 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे और फाइनल के लिए जगह बनाई। भावेश शेखावत ने केवल रैंकिग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए 584 अंक हासिल करते हुए छठा स्थान हासिल किया। विजयवीर सिद्धू 581 के साथ 10वें स्थान पर रहे और उनके बाद गुरप्रीत सिह (577) और आदर्श सिह (570) क्रमश: 15वें और 25वें स्थान पर रहे।

37वां राष्ट्रीय खेल

### झारखंड एथलेटिक्स,महिला हॉकी, तैराकी,रॉल बॉल,तीरंदाजी के खिलाड़ियों का चमकदार प्रदर्शन

# गोवा में झारखंड दल को दो पदक, राणा प्रताप सिंह को रजत पदक, सपना को कांस्य पदक

▶▶ खेल निदेशक श्री सुशांत गौरव ने झारखंड के खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

▶▶ झारखंड ने अब तक 01रजत, 02कांस्य पदक जीता

राष्ट्रीय खबर

**गोवा:** भारतीय ओलंपिक संघ,नई दिल्ली एवम गोवा सरकार द्वारा 25 अक्टूबर से 09 नवम्बर तक गोवा के विभिन्न शहरों में आयोजित 37 वे राष्ट्रीय खेल,गोवा में दिनाँक 30 अक्टूबर को झारखंड के खिलाडियो ने चमकदार प्रदर्शन किया। राणा प्रताप सिंह ने 200 मीटर ब्रेथ स्ट्रोक में रजत पदक जीता एवम एथलेटिक्स में सपना कुमारी ने 100मी. हर्डल्स कांस्य पदक जीता।









#### महिला हॉकी

झारखंड महिला टीम ने अपने लीग मैच में गोवा को 4-0 से पराजित किया।

(अलबेला रानी टोप्पो,अल्का डुंगडुंग के 1- 1,निशा मिंज 2 गोल)

#### एथलेटिक्स

सुप्रिति कच्छप 10000 मीटर फाइनल में 6वे एवम बसंती कुमारी 9 वे स्थान पर रहीं।

#### रॉल बॉल

झारखंड पुरुष टीम अपने पहले लीग मैच में केरल को 5-4 से पराजित किया।
(श्रीकांत साहू -2, सुब्रत गोराई-1,मुकेश मुखी-1, दिव्यम मंडल -1 गोल)

#### रॉल बॉल

झारखंड महिला टीम ने गोवा को 8- 3 से पराजित किया।
(लबली कुमारी-3, उजमा खानाम -2, ईशा सोनकर -2, रायमुनी जमुदा -1 गोल)

#### तीरंदाजी

इंडियन राउंड पुरूष तीरंदाजी अन्तिम 32 में पहुंचे
चितरंजन टुडू, योगेंद्र हेस्सा, गुणा राम पूर्ति इंडियन राउंड महिला तीरंदाजी अन्तिम 32 में पहुंची वर्षा खलखो, आरती कुमारी, चांद मुनी, कुंकल

#### पदक के लिए कल से होगा मुकाबला

इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, माननीय खेल मंत्री श्री हफीजुल हसन, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव,
झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आर.के.आनंद,जे.ओ.ए.कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, हॉकी इण्डिया के भोला नाथ सिंह,चीफ द मिशन शिवेंन्द्र दुबे,डिप्टी चीफ द मिशन हरभजन सिंह,बिपीन सिंह,कांटिजेंट असिस्टेंट अरविंद कुमार,योगेश प्र.यादव , झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, कोच पप्पू सिंह,झारखंड हॉकी के महासचिव विजय शंकर सिंह, हॉकी टीम की कोच सुमराय टेटे, मैनेजर - हिमांशु कुमावत , झारखंड रॉल बॉल के अध्यक्ष मनोज यादव, संतोष यादव, झारखंड एथलेटिक्स संघ के महासचिव सी.डी.सिंह, कोच आशू भाटिया, प्रभात रंजन तिवारी समेत विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारीयों एवम खेल विभाग के अधिकारियों ने बधाई दी।

वही फटोरदा इंडोर स्टेडियम में सेपक टकरा की प्रतियोगिता प्रारम्भ हो गयी।इस दौरान सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के पदाधिकारी उदय साहू, मनोज साहू, शैलेन्द्र कुमार ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ज्ञातव्य हो देश के 28 राज्यों एवम 08 केंद्र शासित राज्यों के 43 खेलों में कुल 10000 से अधिक खिलाडियों एवम अधिकारियों का दल इस राष्ट्रीय खेल महापर्व में भाग ले रहे है।

## लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब को पराजित कर एस0 आर0 रुंगटा ग्रुप क्वार्टर फाईनल में

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एस आर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत आज खेले गए ग्रुप-डी के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में एस० आर० रुंगटा ग्रुप की टीम ने चक्रधरपुर के लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब को एक नजदीकी मुकाबले में 21 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। इस तरह एस आर रूंगटा ग्रुप की टीम जिला क्रिकेट लीग में क्वार्टर फाईनल में पहूँचने वाली पहली टीम बन गई है।

बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एस आर रूंगटा ग्रुप ने निर्धारित तीस ओवर में आठ विकेट खोकर 212 रन बनाए। कप्तान अभिषेक कच्छप ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए सात चौकों एवं छः छक्कों की सहायता से 82 रनों की बेहतरीन पारी खेली और अंत तक आउट नहीं हुआ।

विजय रोहित ने भी आठ चौकों एवं एक छक्का की मदद से 59 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में राहुल महतो ने 25 तथा सुरेंद्र सिंह ने 18 रन बनाए। लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब की ओर से पियुष कुमार ने 38 रन देकर तीन विकेट तथा अंजनी कुमार यादव ने 47 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान विवेक चौरसिया, समरेश महतो एवं अजय प्रधान को एक-एक विकेट मिला।

जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 213 रनों का पीछा करने उतरी लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब की टीम ने भी भरपूर प्रयास किया पर पूरी टीम 28.4 ओवर में 191 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस टीम की ओर से दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रोहित उरांव ने चार चौकों एवं चार छक्कों की सहायता से मात्र 22 गेंदों पर 51 रन ठोक कर मैच को रोमांचक मोड़ पर पहूँचा दिया था पर उसके आउट होते ही टीम का प्रतिरोध समाप्त हो गया।

### पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद के लिए बंगलादेश को होगा हराना

कोलकाता : पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद को जिदा रखने के लिए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के 31वें मुकाबले में बंगलादेश को हर हाल में हराना होगा।
कोलकाता के ईडन गार्डन क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को खेले जाने वाला मुकाबला पाकिस्तान और बंगलादेश के लिए अहम है। पाकिस्तान जहां अपनी सेमीफाइनल की उम्मीद तथा बंगलादेश तालिका में अपनी स्थिति में सुधार के लिए भिड़ेंगे। मौजूदा विश्वकप में पाकिस्तान दो मुकाबले जीतकर छठे स्थान पर हैं। वहीं बंगलादेश को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है और वह 9वें स्थान पर है। पाकिस्तान को लगातार चार मुकाबलों में गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के क्षेत्र में खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान का पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा था। सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिदा रखने के लिए उसे बल्ले और गेंद से बहतरीन प्रदर्शन करते हुए हर हाल में यह मुकाबला जीतना होगा।

## अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 241 रन पर रोका




एजेंसियां

**पुणे :** सटीक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को यहां विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 241 पर रोक दिया। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसियेशन स्टेडियम पर टॉस जीत कर पहले फील्डिग करते हुये अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करते हुये श्रीलंका के बल्लेबाजों को बांधे रखने में सफलता हासिल की। मुजीब उर रहमान ने अपने दस ओवर के स्पेल में सिर्फ 38 रन खर्च किये और दो विकेट चटकाये। उनके सामने श्रीलंका के बल्लेबाज सिर्फ दो बार ही गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा सके। दूसरी ओर फ़ज़लहक़ फ़ारूक़ी ने 34 रन देकर चार अहम बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। दिमुथ करुणारत्ने (15) को फारूकी ने पगबाधा आउट कर अपनी टीम को पहली सफलता दिलायी हालांकि अनुभवी पथुम निसंका (46) ने कप्तान कुसल मेंडिस (39) के साथ स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। दोनो बल्लेबाजों ने 19वें ओवर की शुरूआत तक स्कोर को 84 रन पहुंचा दिया था मगर इस बीच निसंका अज़मतउल्लाह ओमरज़ाई की गेंद को पंच करने के प्रयास में विकेट के पीछे लपके गये।

## अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'द लेडी किलर' का ट्रेलर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की आने वाली फिल्म 'द लेडी किलर'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय बहल निर्देशित फिल्म 'द लेडी किलर' की कहानी एक छोटे शहर के प्लेबॉय और एक खतरनाक लड़की के इर्द-गिर्द बुनी गई है। ट्रेलर की शुरुआत में अर्जुन एक महाराजा के रॉयल बंगले में किसी से मुलाकात करने पहुंचे हैं। यहां उनकी मुलाकात भूमि से होती है, जिससे बाद में वो प्यार करने लगते हैं। कहानी में मोड़ तब आता है जब भूमि एक खतरनाक महिला के तौर पर सामने आती हैं। फिल्म 'द लेडी किलर' 03 नवंबर को रिलीज होगी।

## मधुर संगीत से श्रोताओं को भाव विभोर किया सचिन देव वर्मन ने

एजेंसियां



..पुण्यतिथि 31 अक्टूबर के अवसर पर..

**मुंबई:** हर दिल अजीज संगीतकार सचिन देव बर्मन का मधुर संगीत आज भी श्रोताओं को भाव विभोर करता है। सचिन देव बर्मन का जन्म 01 अक्टूबर 1906 में त्रिपुरा के शाही परिवार में हुआ। उनके पिता जाने-माने सितार वादक और ध्रुपद गायक थे। बचपन के दिनों से ही सचिन देव बर्मन का रूझान संगीत की ओर था और वह अपने पिता से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लिया करते थे। इसके साथ ही उन्होनें उस्ताद बादल खान और भीष्मदेव चट्टोपाध्याय से भी शास्त्रीय संगीत की तालीम ली।अपने जीवन के शुरूआती दौर में सचिन देव बर्मन ने रेडियो से प्रसारित पूर्वोतर लोकसंगीत के कार्यक्रमो में काम किया । वर्ष 1930 तक वह लोकगायक के रूप मे अपनी पहचान बना चुके थे। बतौर गायक उन्हें वर्ष 1933 मेप्रदर्शित फिल्म यहूदी की लड़की में गाने का मौका मिला लेकिन बाद मे उस फिल्म से उनके गाये गीत को हटा दिया गया। उन्होंने 1935 मे प्रदर्शित फिल्म ..सांझेर पिदम.. में भी अपना स्वर दिया लेकिन वह पार्श्वगायक के रुप में कुछ खास पहचान नहीं बना सके। वर्ष 1944 मे संगीतकार बनने का सपना लिये सचिन देव बर्मन मुंबई आ गये जहां सबसे पहले उन्हें 1946 मे फिल्मिस्तान फिल्म ..एट डेज.. में बतौर संगीतकार काम करने का मौका मिला लेकिन इस फिल्म के जरिये वह कुछ खास पहचान नहीं बना पाये। इसके बाद 1947 में उनके संगीत से सजी फिल्म ..दो भाई.. के पार्श्वगायिका गीतादत्त के गाये गीत ..मेरा सुंदर सपना बीत गया.. की कामयाबी के बाद वह कुछ हद तक बतौर संगीतकार अपनी पहचान बनाने में सफल हो गये । इसके कुछ समय बाद सचिन देव बर्मन को मायानगरी मुंबई की चकाचौंध कुछ अजीब सी लगने लगी और वह सब कुछ छोड़कर वापस कलकत्ता चले आये। हांलाकि उनका मन वहां भी नहीं लगा और वह अपने आपको मुबई आने से रोक नहीं पाये। सचिन देव बर्मन ने करीब तीन दशक के सिने करियर में लगभग नब्बे फिल्मों के लिये संगीत दिया। उनके फिल्मी सफर पर नजर डालने पर पता लगता है कि उन्होंने सबसे ज्यादा फिल्में गीतकार साहिर लुधियानवी के साथ ही की है।सबसे पहले इस जोड़ी ने 1951 में फिल्म नौजवान के गीत ..ठंडी हवाएं लहरा के आये .. के जरिये लोगों का मन मोहा। वर्ष 195। में ही गुरूदत्त की पहली निर्देशित फिल्म ..बाजी.. के गीत ..तदबीर से बिगड़ी हुयी तकदीर बना दे.. में एस.डी.बर्मन और साहिर की जोड़ी ने संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया।

## एनिमल और फाइटर के लिए अनिल कपूर ने किया फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म एनिमल और फाइटर के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। अनिल कपूर फिल्म 'एनिमल' में रणबीर कपूर के 65 साल के पिता बलबीर सिंह का रोल निभा रहे हैं। वहीं फिल्म फाइटर में अनिल 45 साल के इंडियन एयर फोर्स ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं। इन दोनों ही किरदारों के लिए अनिल कपूर ने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा,दो एकदम अलग-अलग किरदारों के बीच स्विच करना बहुत चैलेंजिग था। एनिमल के 65 साल के बलबीर से लेकर फाइटर के 45 वर्षीय रॉकी तक..मैंने जो प्रेस्टीजियस यूनिफॉर्म पहनी थी, उसके साथ न्याय करने के लिए मुझे सीरियस फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा। अब जब मैंने दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी कर ली है, तो मैं ऑडियंस के रिएक्शन का इंतजार नहीं कर पा रहा है। अनिल कपूर की इस पोस्ट पर फैंस और कई बॉलीवुड सेलेब्स ने रिएक्शन दिया है।

## सिंघम अगेन से रणवीर सिंह का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी जल्द ही अपनी फेमस कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट ह्यसिंघम अगेनह्व लेकर आने वाले हैं। सिंघम अगेन में अजय देवगन की मुख्य भूमिका होगी।फिल्म सिंघम अगेन में रणवीर सिंह की कैमियो भूमिका है।इस फिल्म से रणवीर सिंह का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। रणवीर सिंह पुलिस की यूनिफॉर्म पहने एक्शन मोड में दिख रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में एक तरफ उनकी गाड़ी और दूसरी तरफ बजरंगबली की मूर्ति दिख रही है। फिल्म ह्यसिंघम 3ह्व में अजय देवगन,करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। वहीं, इस फिल्म में रणवीर सिंह और अक्षय कुमार कैमियो रोल में नजर आएंगे।

## यश कुमार की फिल्म कुरुक्षेत्र का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म कुरुक्षेत्र का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। यश कुमार एंटरटेनमेंट एवं निधि मिश्रा निर्मित फिल्म कुरुक्षेत्र के निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। इस फिल्म में यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता लीड रोल में होंगी।फिल्म कुरुक्षेत्र को लेकर यश कुमार ने बताया कि फिल्म का फर्स्ट लुक बेहद आकर्षक है। फिल्म इससे भी जानदार और रोमांच वाली होगी। अधर्म के खिलाफ जिस तरह से धर्म की लड़ाई लड़ी गयी थी, उसी तरह जीवन के इस कुरुक्षेत्र की यह कहानी है। कहानी के बारे में अभी जिक्र करना सही नहीं रहेगा। लेकिन इतना जरुर कहूंगा कि हमारी यह फिल्म दर्शकों का हर मायने में मनोरंजन करेगी।

## प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म विवाह 3 का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की आने वाली फिल्म विवाह 3 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म विवाह सीरिज की तीसरी फिल्म विवाह 3 का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में एक बार फिर से प्रदीप पांडेय चिंटू मुख्य भूमिका में नज़र आने वाले हैं, वहीं आम्रपाली दुबे फिल्म विवाह 3 चिंटू के अपोजिट मुख्य भूमिका के लिए चुनी गयी है। यह फिल्म यशी फिल्म्स ,अभय सिन्हा और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और निशांत उज्ज्वल निर्मित है।इस फिल्म का निर्देशन रजनीश मिश्रा ने किया है। चिंटू ने कहा कि हमारी फिल्म क्लास के साथ-साथ मास ओरिएंटेड भी है।

## प्रदेश >> अपडेट

### ममता ने की आंध्र ट्रेन हादसे की जांच की मांग

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में रेल हादसे पर जांच की मांग की और सवाल उठाया कि रेलवे कब 'नींद' से बाहर आएगा। सु बनर्जी ने एक्स पर कहा, एक और विनाशकारी रेल टक्कर। इस बार आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में हुयी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### केंद्रीय मंत्री यादव ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल:** भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज चुनाव आयोग में एक ज्ञापन सौंपा। यादव के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुचंकर चुनाव आयोग में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के निजी वाहनों एवं घरों पर उनकी इच्छा से लगाए गए पार्टी के झंडों :प्रतीकों को हटाने से रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद यादव ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि पिछले कुछ दिन से देखने में आ रहा था कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर जो कमल निशान और झंडे लगाए थे, कुछ अधिकारी जानबूझकर उन्हें हटा रहे हैं। ये आचार संहिता के खिलाफ है।

### आज नामांकन पत्र भरने का अंतिम दिन, शिवराज भरेंगे पर्चा

**भोपाल:** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का आज आखिरी दिन है। आज ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र भरेंगे। भाजपा के अनुसार चौहान दोपहर में लगभग दो बजे बुधनी में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पहले वे सपरिवार अपने गृह गांव जैत पहुंचेंगे। वे जैत में नर्मदा पूजन, हनुमान मंदिर में पूजन और पैतृक घर में कुल देवी देवताओं का पूजन करेंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी का निधन, धामी ने जताया शोक

**देहरादून:** उत्तराखंड में हरिद्वार जिले के मंगलौर के विधायक सरवत करीम अंसारी का सोमवार को निधन हो गया। अंसारी लम्बे समय से अस्वस्थ थे और दिल्ली के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही मंगलौर स्थित उनके आवास पर समर्थकों का हुजूम उमड़ गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंसारी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत नेता की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने अंसारी के पुत्र से फोन पर बात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

### मायावती मध्य प्रदेश चुनाव में पांच दिन करेंगी धुआंधार प्रचार

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती छह नवंबर से मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार में जुटेंगी और पांच दिनों में नौ चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल ने बताया कि बसपा प्रमुख छह से आठ नवंबर के बीच हर रोज दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी जबकि वह दस नवंबर को दतिया (सेवड़) और 14 नवंबर को भिड,मुरैना में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार करेंगी।

---

**तैयारी**

## हाइब्रिड सिस्टम यूक्रेन की वायु सुरक्षा में महत्वपूर्ण

# शीतकाल से पहले यूक्रेन की युद्ध तैयारियां जारी

▶▶ हॉक मिसाइल प्रणाली का तीसरा संस्करण यूक्रेनी धरती पर



राष्ट्रीय खबर

**कियेब:** यूक्रेन अब हाइब्रिड वायु रक्षा प्रणालियों के निर्माण में अमेरिकी सहायता का उपयोग करता है। जैसे-जैसे सर्दियाँ आ रही हैं, यूक्रेन, जिसे अपने पावर ग्रिड को रूसी हमलों से बचाने के लिए और अधिक हवाई सुरक्षा की आवश्यकता है। इसलिए ऐसी तैयारी पहले से कर ली गयी है। इस किस्म के परिवर्तित वायु रक्षा प्रणाली बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम किया है। अमेरिकी अधिकारी इस कार्यक्रम को फ्रेंकेन एसएएम के रूप में संदर्भित करते हैं; यह पश्चिमी-कैलिबर, उन्नत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को सोवियत-युग के लॉन्चर या रडार के साथ जोड़ती है जिन्हें पहले ही नवीनीकृत किया जा चुका है और अभी भी यूक्रेनी बलों के द्वारा संचालित है। ये तात्कालिक वायु सुरक्षा दो प्रकार में आती है, एक जो सोवियत बुक लांचरों को अमेरिकी सी स्पैरो मिसाइलों के साथ जोड़ती है और दूसरी जो सोवियत युग के राडार को अमेरिकी साइडवाइंडर मिसाइलों के साथ जोड़ती है। दोनों संस्करणों का पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर परीक्षण किया गया है और इस शरद ऋतु में इन्हें यूक्रेन भेजा जाएगा। इस सप्ताह में पहली बार शीत युद्ध की हॉक मिसाइल प्रणाली का तीसरा संस्करण यूक्रेनी धरती पर कार्रवाई में देखा गया। ये हाइब्रिड सिस्टम यूक्रेन की वायु सुरक्षा में महत्वपूर्ण अंतराल को भरने में योगदान देते हैं। डीपीएसयू के प्रवक्ता एंड्री डेमचेंको ने 29 अक्टूबर को बताया कि यूक्रेन की राज्य सीमा रक्षक सेवा (डीपीएसयू) के सदस्यों ने देश की सेना के साथ मिलकर डोनेट्स्क ओब्लास्ट में अवदीवका के पास संभवतः एक रूसी ए४-25 लड़ाकू-बमवर्षक विमान को मार गिराया। डेमचेंको के अनुसार, एक पोर्टेबल कॉम्प्लेक्स से सीमा रक्षकों द्वारा दागी गई एक विमान भेदी मिसाइल एक हवाई लक्ष्य पर गिरी। उन्होंने कहा, दुश्मन के विमान से धुआं निकलना शुरू हो गया, ऊंचाई कम होने लगी और क्षितिज के ऊपर गायब हो गया। राज्य सीमा रक्षक सेवा ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

जनरल स्टाफ के अनुमान के मुताबिक, यूक्रेन में मार गिराया गया 321वां रूसी विमान कौन सा होगा, इसके बारे में रिपोर्ट तब आई है जब मॉस्को ने अवदीवका पर अपना आक्रमण तेज कर दिया है। अन्य धुरी क्षेत्रों में यूक्रेन के जवाबी हमले को पांच महीने से अधिक समय बीत चुका है, ऐसा प्रतीत होता है कि रूस कब्जे वाले डोनेट्स्क के पास लंबे समय से लड़े गए रणनीतिक शहर पर कब्जा करने के लिए पूरी तरह से अवदीवका को घेरने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हालाँकि अवदीका पर नए सिरे से रूस की प्रगति उसके भारी नुकसान की तुलना में न्यूनतम बनी हुई है, लेकिन यह पहले से ही फैली हुई यूक्रेनी सेनाओं को जटिल बना देती है, जिन्हें अब अपने जवाबी हमले को जारी रखते हुए इस मोर्चे पर और अधिक सैनिकों और उपकरणों को तैनात करना होगा।

## संघर्ष के बीच गाजा के अस्पतालों से मरीजों को निकालना असंभव: डब्ल्यूएचओ



एजेंसियां

**गाजा:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में यहां चल रहे संघर्ष के बीच तत्काल आवश्यकता के बावजूद गाजा के अस्पतालों से मरीजों को सुरक्षित निकालना असंभव है। गाजा के उत्तरी क्षेत्र में अस्पतालों से निकासी के आदेश मिलते रहते हैं। डब्ल्यूएचओ ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म 'एक्स 'पर दोहराया कि मरीजों के जीवन को खतरे में डाले बिना अस्पतालों को खाली कराना असंभव है,। साथ ही संगठन ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा आपूर्ति खत्म हो रही है। डब्ल्यूएचओ कार्यालय ने कहा, ईंधन की कमी पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं और एम्बुलेंस की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इज़राइल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किये थे और इज़रायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण किया था। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और बीस लाख से अधिक आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी थी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

## मान मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कर रहे बहस का नाटक: जाखड़



एजेंसियां

**लुधियाना:** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सोमवार को कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राज्य के असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए एक नवंबर को बहस का नाटक कर रहे हैं। जाखड़ ने यहां 'मेरी मिट्टी मेरा देश' के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने ले लिये पहुंचे थे। मान द्वारा सतलुज यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) के मुद्दे पर एक नवंबर को खुली बहस करने पर प्रतिक्रिया देते हुए जाखड़ ने कहा कि सभी को साथ लेकर चलना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी राज्य के हितों की रक्षा करना है, लेकिन मुख्यमंत्री इससे भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के मुताबिक एसवाईएल नहर बनी तो ज्यादा पानी हरियाणा को जाएगा, जिससे पंजाब के मालवा क्षेत्र बसे ज्यादा प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि हमें इसकी चिंता है, लेकिन मुख्यमंत्री चिंता करने की बजाय लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के हितों की रक्षा करना पंजाब सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन मान इस जिम्मेदारी से भाग रहे हैं और लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटका रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा लोगों की रोजी:रोटी का सवाल है। उन्होंने कहा कि एक नवंबर की प्रस्तावित बहस दिल्ली से निर्देशित की जा रही है। उन्होंने कहा, जब उन्होंने पार्टी नेताओं और मीडिया टीम की व्यवस्था के संबंध में जिला प्रशासन से बात की, तो उन्होंने कहा कि हमें कुछ नहीं पता, यह व्यवस्था राज्य द्वारा की जा रही है, जब मैंने राज्य से जानकारी ली, तो उन्होंने कहा कि यह सारी व्यवस्था दिल्ली से की जा रही है। ये सब दिल्ली चला रही है। जाखड़ ने कहा कि बहस के लिए लुधियाना को छावनी में तब्दील किया जा रहा है, इससे लोगों को परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि अगर बहस ही करनी है तो स्टूडियो में बैठकर की जा सकती है, जहां से सब देख रहे होंगे।

## चीन के विदेश मंत्री ने अमेरिकी व्यापार समुदाय के प्रतिनिधियों से की मुलाकात



एजेंसियां

**वाशिंगटन:** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अमेरिकी व्यापारिक समुदाय को चीन के 'उच्च-गुणवत्ता वाले विकास और उच्च-स्तरीय खुलेपन' से नए अवसरों को पाने और चीन-अमेरिका के सुधार में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया है। वाशिंगटन में अमेरिकी व्यापार समुदाय और अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक के दौरान वांग ने कहा कि चीन दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति का सही मायने में पालन करने और द्विपक्षीय संबंधों के सकारात्मक एजेंडे का विस्तार करने तथा नकारात्मक एजेंडे को कम करने के लिए ठोस कार्रवाई करने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में दोनों राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात के लिए रास्ता साफ करने और बाधाओं को दूर करने के लिए दोनों पक्षों से मिलकर काम करने का आग्रह किया। वांग ने अमेरिका की अपनी यात्रा तथा दोनों देशों के बीच हालिया संचार के संदर्भ पर भी चर्चा की। उनकी यात्रा का मुख्य विषय 'बाली की ओर लौटना' और 'सैन फ्रांसिस्को की ओर ले जाना' है। वांग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए तीसरे बेल्ट एंड रोड फोरम में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा घोषित प्रमुख कदमों की एक श्रृंखला ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और चीन:अमेरिका की आर्थिक और व्यापारिक आदान:प्रदान को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण लाभ लाए हैं। उन्होंने कहा कि चीन द्विपक्षीय संबंधों में उथल:पुथल पर काबू पाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने में दृढ़ रहने के लिए अमेरिकी व्यापार समुदाय की सराहना करता है। वांग ने अमेरिकी व्यापार समुदाय से आर्थिक और व्यापार सहयोग की भूमिका को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार समुदाय चीन के उच्च गुणवत्ता वाले विकास में परिवर्तन को बहुत महत्व देता है।

## अमेरिका ने इजरायल पर गाजा में संचार बहाल करने के लिए दबाव बनाया

एजेंसियां

**वाशिंगटन:** अमेरिका ने गाजा पट्टी में संचार बहाल करने के लिए इजरायल की सरकार पर दबाव बनाया है। वाशिंगटन पोस्ट ने एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि फिलिस्तीनी एक्सक्लेव में शुक्रवार रात से संचार ब्लैकआउट की सूचना मिली है जब इजरायल रक्षा बलों ने गाजा में जमीनी अभियानों के विस्तार की घोषणा की। संचार में खराबी के कारण आपातकालीन सेवाएं बाधित हो गईं और गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने वाले संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों से संपर्क टूट गया। रविवार को, गाजा पट्टी की नागरिक सुरक्षा ने क्षेत्र में संचार की आंशिक बहाली की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमने स्पष्ट कर दिया कि उन्हें वापस चालू करना होगा। उन्होंने कहा कि इजरायल ने अमेरिका को यह नहीं बताया कि उन्होंने गाजा पट्टी में संचार क्यों काट दिया। बाद में, अमेरिकी सरकार ने गाजा में संचार बहाल करने के लिए इजरायली पक्ष के साथ काम किया है। व्हाइट हाउस ने एक्स पर कहा, गाजा में संचार की बहाली महत्वपूर्ण थी, क्योंकि सहायता कर्मियों, नागरिकों और पत्रकारों को एक-दूसरे तथा अन्य दुनिया से संवाद करने में सक्षम होने की आवश्यकता है। हमारे प्रशासन ने इसकी परवाह की। इस पर काम किया और इसे बहाल होते देखकर खुशी हुई। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया।

**नेटवर्क**

## अस्पताल के बाहर से भूमिगत बेस तक जाने के लिए कई सुरंगें

# शिफा अस्पताल हमास आतंकवादियों का ठिकाना: इजरायल

▶▶ गाजा पट्टी का सबसे बड़ा अस्पताल है

▶▶ आतंकवादी शिफा अस्पताल और गाजा के अन्य अस्पतालों में खुलेआम घूम रहे



राष्ट्रीय खबर

**तेल अवीव:** इजराइल रक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि हमास आतंकवादी समूह के संचालन का मुख्य आधार गाजा शहर में शिफा अस्पताल के अंतर्गत है। आतंकवादी संगठन की गतिविधियों के सबूत के रूप में दृश्य और इंटरसेप्टेड ऑडियो जारी किये गये हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट्स के पत्रकारों के लिए एक ब्रीफिंग में, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हमास के पास शिफा के तहत कई भूमिगत परिसर हैं। यह गाजा पट्टी का सबसे बड़ा अस्पताल है, जिसका उपयोग आतंकवादी समूह के नेताओं द्वारा इजराइल के खिलाफ हमलों को निर्देशित करने के लिए किया जाता है। हगारी ने कहा कि इजराइल के पास खुफिया जानकारी है कि अस्पताल के बाहर से भूमिगत बेस तक जाने के लिए कई सुरंगें हैं ताकि हमास के अधिकारियों को अस्पताल तक पहुंचने के लिए अंदर जाने की जरूरत न पड़े। लेकिन हगारी ने कहा कि एक वार्ड के भीतर से भूमिगत परिसर का प्रवेश द्वार भी है। हगारी ने कहा, फिलहाल, आतंकवादी शिफा अस्पताल और गाजा के अन्य अस्पतालों में खुलेआम घूम रहे हैं। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि इजराइल के पास ठोस सबूत हैं कि 7 अक्टूबर के नरसंहार के बाद सैकड़ों आतंकवादी छिपने के लिए अस्पताल में घुस गए, जिसमें लगभग 2,500 आतंकवादी रॉकेटों की बाढ़ की आड़ में सीमा पार कर गए, और अधिक से अधिक लोगों पर हमला किया। गाजा पट्टी के पास 20 समुदाय। उन्होंने लगभग 1,400 लोगों को मार डाला, जिनमें से अधिकांश नागरिक थे, उन्हें उनके घरों में और एक बाहरी संगीत समारोह में नरसंहार किया। उन्होंने पट्टी के 220 से अधिक लोगों को बंधकों के रूप में अपहरण भी कर लिया। वैसे इन दावों के बीच इजरायल ने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या इस अस्पताल पर हमला उसके द्वारा किया गया था। इससे पहले इजरायली सेना ने कहा था कि दरअसल इस अस्पताल पर जो हमला हुआ था, वह हमास की ही करतूत थी।

---

## न्यूज फटाफट

### हमास के नौ नेताओं की संपत्ति जब्त करेगा जापान

**टोक्यो:** जापान ने अपने देश के समूह की फंडिग में बाधा डालने के मामले में हमास के नौ नेताओं और वित्तीय मामलों का प्रबंधन करने वाले उसके सदस्यों की संपत्ति जब्त करने की योजना बनायी है। जापानी प्रसारक एनएचके ने सोमवार को सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया कि जापानी सरकार संपत्ति के अलावा गाजा पट्टी से जुड़े क्रिप्टोकोर्रेंसी फंड और एक्सचेंजों को भी फ्रीज करने की योजना बना रही है। उम्मीद है कि जापानी सरकार 31 अक्टूबर को आगामी सत्र में प्रतिबंधों की सूची को मंजूरी दे देगी। एनएचके ने बताया कि यह मुद्दा चर्चा के अंतिम चरण में है।

### इजरायल ने सीरिया में मिसाइल से जवाबी हमला किया

**दमिश्क:** सीरिया द्वारा कथित रूप से रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दक्षिणी प्रांत दारा के कई इलाकों को निशाना बनाकर रविवार रात मिसाइल से हमला किया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर 'मन राइट्स ने दारा के ग्रामीण इलाकों में इजरायली मिसाइल हमलों की पुष्टि की, जहां से इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट से हमला किया गया था। आधिकारिक पुष्टि की कमी के करण इजरायली हमले से हुए नुकसान का विवरण प्राप्त नहीं हो सका है। इस बीच, सीरिया के उत्तरपूर्वी हसाका प्रांत के शद्दादी इलाके में रविवार को एक अमेरिकी ठिकाने पर विस्फोट होने की खबर हैं। ये घटनाएं गाजा में हमास के खिलाफ चल रहे इजरायली सैन्य अभियानों से जुड़ी हुई हैं। ऑब्जर्वेटरी ने संकेत दिया कि 07 अक्टूबर को इजरायल :हमास संघर्ष की शुरुआत होने के बाद से, सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर कुल 14 हमले हुए हैं।

### फिलिस्तीन का मामला सुलझने तक इजरायल के साथ संबंध सामान्य नहीं: कुवैत

**कुवैत सिटी:** कुवैत के विदेश मंत्री शेख सलेम अब्दुल्ला अल :जबर अल :सबा ने रविवार को कहा कि कुवैत इजरायल के साथ संबंधों को तब तक सामान्य नहीं करेगा जब तक कि अंतरराष्ट्रीय संकल्पों के अनुरूप फिलिस्तीन राज्य स्थापित नहीं हो जाता है। उन्होंने विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। मंत्री ने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह मैत्रीपूर्ण, भाईचारे और संबद्ध देशों के साथ संबंध स्थापित करते हुए विदेशों में कुवैत की सुरक्षा और हितों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि स्पष्टता के साथ फिलिस्तीन का मुद्दा हमारा पहला मुद्दा है और कुवैत कभी भी अपने रास्ते से नहीं भटका है। उन्होंने कहा कि गाजा के खिलाफ इजरायल ने जो युद्ध छेड़ा है, वह रक्षात्मक नहीं बल्कि जवाबी है। कुवैती विदेश मंत्री ने गाजा में शत्रुता को तत्काल समाप्त करने, घिरे हुए क्षेत्र को सहायता प्रदान करने और 1967 की सीमाओं पर एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के साथ फिलिस्तीनी मुद्दे का समाधान करने का आान किया।

### दक्षिणी मेक्सिको में ओटिस तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 43 हुई

**मेक्सिको सिटी:** मेक्सिको के गुएरेरो राज्य में ओटिस तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 43 हो गई है, जबकि 36 लोग अभी भी लापता हैं। यह जानकारी राज्य के गवर्नर एवलिन सालगाडो ने दी। गवर्नर ने राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से फोन बातचीत की और कहा कि यह शुरुआती आंकड़ा है। श्रेणी पांच का तूफान ओटिस बुधवार को गुएरेरो के प्रशांत तट से टकराया था, जिससे मैक्सिको के मुख्य पर्यटन स्थलों में से एक अकापुल्को के समुद्र तटीय रिसॉर्ट को गंभीर नुकसान पहुंचा। राष्ट्रपति ओब्राडोर ने कहा कि देश के स्वामित्व वाले संघीय विद्युत आयोग ने अकापुल्को बंदरगाह में गिरे हुए 10,000 में से 3,211 बिजली के खंभे वापस लगा दिया है। उन्होंने अनुमान लगाया कि गैसोलीन, डीजल और घरेलू गैस जैसे ईंधन की आपूर्ति के लिए सोमवार रात तक अकापुल्को में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से बहाल कर ली जाएगी।

### खदान दुर्घटना में 45 लोगों की मौत

**अस्ताना:** कजाकिस्तान के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने रविवार को कहा कि मध्य कजाकिस्तान में एक कोयला खदान में हुई दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कारागांडा शहर में आर्सेलर मित्तल तेमिरटौ कंपनी की खदान में शनिवार को आग लग गई, एक लापता खनिक की तलाश अभी भी जारी है। इससे पहले शनिवार को कजाकिस्तान सरकार ने पीड़ितों के लिए रविवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया था। जब आग लगी तब खदान में 252 लोग काम कर रहे थे, जिनमें से 200 से ज्यादा लोगों को बाद में निकाल लिया गया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### आज का इतिहास

- ▶▶ 1517 : मार्टिन लूथर ने विटेनबर्ग चर्च के दरवाजे पर अपनी 95 थीसिस पोस्ट की। इसके साथ ही जर्मनी में प्रोटेस्टेंट सुधार की शुरुआत हुई।
- ▶▶ 1759 : फिलीस्तीन के साफेद में भूकंप से 100 लोग मारे गये।
- ▶▶ 1863 : ग्रेट ब्रिटेन ने वाइकाटो, न्यूजीलैंड पर हमला किया
- ▶▶ 1864 : नेवादा अमेरिका का 36वां प्रांत बना।
- ▶▶ 1875 : स्वतन्त्रता सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ पटेल का जन्म हुआ।
- ▶▶ 1876 : भारत में विनाशकारी चक्रवात में 2,00,000 से अधिक लोग मारे गए
- ▶▶ 1905 : अमेरिका के सेंट पीटर्सबर्ग में क्रांतिकारी प्रदर्शन।
- ▶▶ 1908 : चौथे ओलंपिक खेलों का लंदन में समापन।
- ▶▶ 1914 : ब्रिटेन तथा फ्रांस ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- ▶▶ 1917 : प्रथम विश्व युद्ध : बेर्शेबा की लड़ाई
- ▶▶ 1920 : मध्य यूरोपीय देश रोमानिया ने पूर्वी यूरोप के बेसाराबिया पर कब्जा किया।
- ▶▶ 1920 : भारत का सबसे पुराना ट्रेड यूनियन, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का गठन
- ▶▶ 1953 : बेल्जियम में टेलीविजन का प्रसारण शुरू हुआ।
- ▶▶ 1956 : स्वेज नहर को फिर से खोलने के लिए ब्रिटेन तथा फ्रांस ने मिस्र पर बमबारी शुरू की।
- ▶▶ 1959 : सोवियत संघ तथा मिस्र ने नील नदी पर अस्वान बांध बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- ▶▶ 1960 : बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से लगभग दस हजार लोगों की मौत।
- ▶▶ 1966 : भारत के मशहूर तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।
- ▶▶ 1978 : ईरान में तेल कर्मचारियों की हड़ताल शुरू।
- ▶▶ 1978 : यमन ने अपना संविधान अंगीकार किया।
- ▶▶ 1982 : पोप जॉन पॉल द्वितीय स्पेन जाने वाले पहले बिशप बने।
- ▶▶ 1984 : भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके अंगरक्षकों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके पश्चात राजीव गांधी भारत के 9वें प्रधानमंत्री बनें।
- ▶▶ 1989 : तुर्गत ओजल तुर्की के राष्ट्रपति चुने गये।
- ▶▶ 1996 : रासायनिक अस्त्र प्रतिबंध संधि को लागू करने के लिए आवशयक 65 देशों की मंजूरी मिली।
- ▶▶ 1999 : जेसी मार्टिन एक सीडबोट में अकेले दुनिया की परिक्रमा करने के 11 महीने बाद मेलबर्न लौटे
- ▶▶ 2003 : हैदराबाद में आयोजित अफ़्रोएशियन हॉकी चैम्पियनशिप में भारत ने पाकिस्तान को 3:1 से हराकर स्वर्ण प्राप्त किया। मलेशिया के प्रधानमंत्री मोहतिर मोहम्मद ने शासन की बागडोर उपप्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद को सौंपी।
- ▶▶ 2003 : मलेशियाई प्रधानमंत्री महाथिर मुहम्मद के 22 वर्ष लंबे शासन का अंत हुआ।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर

शिक्षा/धर्म

web : www.rashtriyakhabar.net

epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय: प्राचार्य

**रांची:** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय रांची के तत्वावधान में सोमवार को जिले के पिस्का नगडी प्रखंड स्थित सीक्रेट मिशन उच्च विद्यालय में स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस ह अभियान के तहत चित्रांकन निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम हुआ। इस मौके उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती बबीता कुमारी ने कहा कि आज हमलोग भाई पटेल की जयंती के अवसर पर स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम किया। जिससे हम सभी को स्वच्छता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के प्रति जानकारी छात्र/छात्राओं को इस विभाग की ओर से मिला । जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हुई । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई करनी चाहिए ताकि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का स्वच्छ एवं कचरा मुक्त भारत का सपना पूरा होगा और हमारा देश स्वच्छ और सुन्दर बनेगा।

**नियम** कर्मियों ने कहा- पहले वेतन फिर मशीन से हाजिरी की व्यवस्था होगी चालू

# एचईसी कर्मचारी बायोमैट्रिक्स पंचिंग की बाध्यता से हुए मुक्त

- एचईसी अपने कर्मचारियों को कैंटीन की सुविधा नहीं दे पा रहा है
- वेतन नहीं मिलने की वजह से कर्मियों की माली हालत तो खराब हो गई है




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राजधानी के धुर्वा स्थित एचईसी में अव्यवस्था जगजाहिर है। पिछले 20 महीने से वेतन नहीं मिलने की वजह से कर्मियों की माली हालत तो खराब हो गई है। अब एचईसी प्रबंधन के द्वारा बनाए गए नियमों की वजह से भी कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। इन नियमों का कर्मचारी विरोध कर रहे हैं।एचईसी की माली हालत खराब होने की वजह से एचईसी अपने कर्मचारियों को कैंटीन की सुविधा नहीं दे पा रहा है। ऐसे में कर्मचारियों के लिए सबसे बड़ी परेशानी यह बन रही है कि पंचिंग के बाद भी कार्यालय से नहीं निकल सकते हैं। अब कर्मचारियों को चाय नाश्ता करने के लिए बाहर निकालना पड़ता है तो उन्हें पंच करना ही होगा।

जब कैंटीन की सुविधा हुआ करती थी तो परिसर के अंदर में ही कर्मचारी चाय नाश्ता कर लेते थे। जिससे उन्हें बार-बार पंच करने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। कर्मचारी सिर्फ एंट्री और एग्जिट के समय ही पंचिंग करते थे और उनकी पूरी हाजिरी बन जाती थी।

अब कर्मचारियों को चाय नाश्ता करने के लिए भी बाहर निकालना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें पंच करना होत है। जो कर्मचारी दूर रहते हैं वह लंच टाइम में पंचिंग के समय पर वापस नहीं लौट पाते हैं। इसलिए बायोमैट्रिक्स पंचिंग की बाध्यता को समाप्त करने के लिए एचईसी के कर्मचारियों ने मांग की है। उनका कहना है कि जब तक कर्मचारियों के बकाये वेतन का भुगतान किया जाता तब तक पंचिंग की व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाए। जिसके बाद प्रबंधन ने एचईसी के कर्मचारियों की मांग को मानते हुए पंचिंग की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। इससे कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है।हालांकि एचईसी कर्मचारियों की मांग पर प्रबंधन ने पहले इनकार किया और उन्हें पंच करने का आदेश दिया था। लेकिन कर्मचारियों ने जब प्रदर्शन करने की बात कही तो प्रबंधन अपने निर्णय को वापस ले लिया। इसके बाद जब तक बकाए वेतन भुगतान नहीं हो जाता तब तक कर्मचारियों को पंचिंग की बाध्यता से मुक्त कर दिया है। बता दें कि एचईसी के कर्मचारियों को पिछले 20 महीने से वेतन नहीं मिला है। ऐसे में कई कर्मचारी भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं तो कई कर्मचारी दूसरे काम की तलाश रहे हैं।

जगन्नाथपुर और पुंदाग थाना

## पुलिसकर्मियों को दिलायी गयी बाल विवाह मुक्त अभियान शपथ



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत जगन्नाथपुर और पुंदाग ओपी परिसर में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत सभी पुलिसकर्मियों और समाजसेवियों को शपथ दिलवायी गयी। सभी ने शपथ लिया कि वो अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया।गौरतलब है कि झारखंड के पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलवाने में सहयोग करने का निर्देश दिया है। इसे लेकर सीआईडी ने सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को पत्र लिखा है।

## स्मार्ट मीटर के कारण उपभोक्ताओं को सौ यूनिट फ्री बिजली और सब्सिडी का नहीं मिल रहा लाभ



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से राजधानी रांची में पिछले कई महीनों से स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगाये जाने के साथ ही उपभोक्ताओं को प्रति माह सौ यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है या नहीं। इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि नियमित रूप से बिजली मीटरों की रिडींग नहीं हो रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं की ओर से इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी शुरू हो गया है। उपभोक्ताओं के मुताबिक स्मार्ट मीटर लगने के पहले उन्हें सौ यूनिट फ्री बिजली का लाभ मिलता था। लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद वह इसका लाभ नहीं ले पा रहे है। इस संबंध में रातु रोड, हिंदपीढ़ी, हरमू, अपर बाजार, किशोरगंज, मेन रोड के कुछ उपभोक्ताओं से बात की गयी।नामक उपभोक्ताओं से बात करने से जानकारी हुई कि पहले एक निश्चित समय में बिलिंग किया जाता था। इसमें कई बार बिलिंग में वक्त लगता था, लेकिन समय पर बिलिंग होती थी। कलीम के मुताबिक कई बार मीटर रीडिंग में सौ यूनिट बिजली खपत होती थी। ऐसे में 2022 जुलाई के बाद से फ्री बिजली मिली। लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिलिंग में त्रुटियां आने लगी। अब स्थिति ये है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद चार महीने बाद बिलिंग हुई। जहां बिल हजारों रुपए आयें। इतना ही नहीं, इसमें 400 यूनिट तक बिजली बिल खपत में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ भी नहीं मिल पा रहा। बता दें विद्युत उपभोक्ता मंच को पिछले दिनों मो। कलीम ने इस संबध में आवेदन भी सौंपा था।एक अन्य उपभोक्ता से बात करने से जानकारी हुई कि पहले इनके घर में बिजली की खपत दो सौ से तीन सौ यूनिट थी। कई बार सौ यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ भी मिला। लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद से न ही मुफ्त बिजली और न ही सब्सिडी का लाभ मिल पा रहा है। वहीं, विद्युत उपभोक्ता मंच के नदीम खान ने बताया कि मंच की ओर से जनसुनवाई का आयोजन किया गया था। जहां हजारों ऐसे आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें स्मार्ट मीटर के बिलिंग व्यवस्था पर अंसतोष व्यक्त किया गया है।

## चांडिल डैम के 84 मौजा के विस्थापितों का धैर्य टूटा, अनशन करने फिर पहुंचे राजभवन

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर चांडिल डैम के 84 मौजा के विस्थापितों का धैर्ट टूटता जा रहा है। अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के तत्वावधान में वे लोग आमरण अनशन करने फिर राजभवन पहुंचे हैं। सोमवार को सभी चांडिल से नामकुम रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से राजभवन तक अधिकार पदयात्रा निकाली। विस्थापितों द्वारा जाकिर हुसैन पार्क के पास अनिश्चितकालीन आमरण अनशन करने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि 17 अक्टूबर को इन्होंने राजभवन को ज्ञापन सौंपा था। इससे पहले गत 3 अक्टूबर को चांडिल से पदयात्रा करते हुए ये लोग राजभवन पहुंचे थे। एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के दौरान राजभवन द्वारा कहा गया था कि चार दिन के उपरांत राज्यपाल विस्थापितों की समस्या सुनेंगे। परंतु 28 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सूचना नहीं मिलने पर ये विस्थापित फिर राजभवन पहुंचे हैं।मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने कहा कि चांडिल डैम के 84 मौजा के 116 गांवों के विस्थापित 16 जून 2023 से चांडिल डैम स्थित पुराना अधीक्षक कार्यालय परिसर में 122 दिनों से अधिक दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे थे। परंतु अभी तक विस्थापितों की मांगों को लेकर विभाग एवं सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी है। वहीं नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन महतो ने कहा कि झारखंड के लिए सबसे अहम मुद्दा विस्थापन नीति है। यहां के लोग विस्थापित हो जाते हैं, लेकिन उन्हें उनका मुआवजा नहीं मिलता है। पार्टी चाहती है कि झारखंड में स्पष्ट विस्थापन नीति और स्थानीय नीति बने। साथ ही विस्थापन आयोग का गठन हो।

## जैक बोर्ड का डिजि-लॉकर नवंबर से ऑनलाइन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** जैक बोर्ड ने डिजि-लॉकर बना लिया है। नवंबर से इसे स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन कर दिया जाएगा। इसमें 2023 तक की परीक्षा के मार्कशीट और सर्टिफिकेट अपलोड कर दिये गये हैं। अब अगर आपके ओरिजिनल प्रमाणपत्र खो भी जाते हैं तो आप यहां से डुप्लिकेट सर्टिफिकेट और मार्कशीट निकाल पाएंगे। इसमें एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड जाने वाले विद्यार्थियों का माइग्रेशन सर्टिफिकेट भी अपलोड कर दिया गया है। जैक ने ऑनलाइन वेरिफिकेशन सिस्टम भी डेलवप किया है। बता दें कि जैक के स्थापना दिवस पर इसकी घोषणा की गई थी। सारी डिटेल को पब्लिक डोमेन पर रखा जाएगा।

**वेट उत्सव** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में

# तीन दिवसीय वेट उत्सव 2023 का समापन

- कार्यक्रम का समन्वयन कॉलेज के वार्डन डॉ प्रवीण कुमार ने किया
- छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वेट उत्सव 2023 सोमवार को संपन्न हो गया कबड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया। बीएयू के कुलसचिव डॉ एमएस मलिक तथा निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया क अध्यक्षता पशु चिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने की। कार्यक्रम का समन्वयन कॉलेज के वार्डन डॉ प्रवीण कुमार ने किया। क्विज प्रतियोगिता में विंकल, अंजना कुमारी (दोनों चतुर्थ वर्ष), अंशिका सिसोदिया (तृतीय वर्ष) तथा सरफराज उस्मानी (द्वितीय वर्ष) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया क अंशु कुणाल, मो जाहिद उल हक, शशांक कुमार शिवम तथा सचिन कुमार की टीम द्वितीय स्थान पर रही जबकि गौरव रंजन, प्रियांशु कुमार, जय किशन और सुखदेव कुमार की टीम तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कॉलेज में इसी वर्ष प्रवेश लेनेवाले विद्यार्थियों- सिद्धार्थ, निशा रवानी और पंकज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग एंड फोटोग्राफी में निशा रवानी- प्रथम, अदिति वर्मा- द्वितीय, अनन्या कुमारी,तृतीय तथा सत्यजीत प्रसाद और हर्ष दर्शन सांत्वना पुरस्कार तथा रंगोली प्रतियोगिता में रिमिल एंड ग्रुप प्रथम, दीप्ति गाड़ी एंड ग्रुप द्वितीय तथा नम्रता एंड ग्रुप तृतीयक ऑन द स्पॉट पेंटिंग: रिमिल बोदरा प्रथम, अलीशा खलखो द्वितीय, प्रतिभा आर टोप्पो तृतीय तथा साईका सोनल सांत्वना दिया गया। एकल गायन प्रतियोगिता में अंकिता गुप्ता प्रथम, आकांक्षा कुमारी द्वितीय तथा गौरव तृतीय क एकल नृत्य: ममता प्रथम, सोनल द्वितीय तथा एवं जेलिन तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष युगल- मो आरिफ अली और बिश्वास बिरुली विजेता तथा विवेक कुमार मेहता एवं शीतल उरांव रनर क बैडमिंटन: मिश्रित युगल- आकांक्षा श्रीवास्तव एवं अमर चंद विजेता तथा विवेक कुमार मेहता और श्रुति मिश्र रनर क टग ऑफ वार में बैच 2021 के विद्यार्थी प्रथम 2022 के द्वितीय तथा 2023 के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। मिनी मैराथन (5 किमी रेस) में लड़कों के वर्ग में रिंकू कुमार पंडित प्रथम, अचिन्त्य सुमन सिंकू द्वितीय और विकास कुमार पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे जबकि लड़कियों के वर्ग में खुशबु सोरेंग प्रथम, नूतन द्वितीय तथा अदिति मुर्मू तृतीय स्थान पर रहीं। आयोजन की सफलता में विभिन्न समितियों से जुड़े शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### मोराबादी, दिव्यायन बूथ नंबर 386 में बीएलओ नदारद

**रांची:** रांची में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर प्रत्येक बीएलओ को क्षेत्र में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया था। ताकि वोटरों के समस्याओं की निष्पत्ति हो सके परन्तु मोरबादी के स्थित दिव्यायन (बूथनंबर 386) की बीएलओ अपने क्षेत्र में विगत 4 दिनों से अनुपस्थित है। स्थानीय गार्ड को पूछने पर इस संबंध में गार्ड कोई जानकारी नहीं दे पाए। स्कूल जाकर पूछने पर वहां के पदाधिकारियों ने बताया कि बीएलओ बूथ में गई है। बीएलओ पूनम देवी से स्कूल से संपर्क करने पर कहा कि आज नहीं जा पाई हूं जबकि गार्ड और उनके बयान में कोई सामंजस्य नहीं है। इससे लोगों में आक्रोश है। साथ ही उन्होंने बैनर भी अपने बूथ पर नहीं लगाए है ताकि संबंधित लोगों को जानकारी मिल सके। जबकि बैनर लगाना अनिवार्य है ।

## न्यूज फटाफट

### राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

**रांची:** आज राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय रांची की एनएसएस इकाई के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शपथ तथा संगोष्ठि का आयोजन किया गया । मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के महत्व के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी । वहीं डॉ स्मित किरण टोप्पो ने सरदार वल्लवभभाई पटेल की दूरदर्शिता के बारे में बताया तथा राष्ट्रीय एकता दिवस की प्रासंगिकता को भी बताया ।कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ मनीष चंद्र टुडू ने किया । इस अवसर पर नीतू कुमारी, डॉ नेंसी तिर्की, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनीष चंद्र टुडू, सुनील कुमार, डॉ अजीत मुण्डा, डॉ राम कुमार, डॉ सुरेश महतो, डॉ भुवनेश्वर, डॉ अहिल्या कुमारी, नीलू कुमारी, डॉ संजय हेमब्रम, सरोज खलखो, सुषमा मिंज, लवलीन होरो तथा अन्य शिक्षक, एनएसएस स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी मौजूद थे ।

### रांची के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदक जीत

**रांची:** खेलो इंडिया विमेंस लीग एमेच्योर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची की टीम ने धनबाद के उत्सव भवन में सम्पन्न हुए दो दिवसीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए 18 पदक अपने नाम किया। इस अवसर पर रांची जिला किक बॉक्सिंग एडहॉक कमिटी के चेयरमैन विनय सिन्हा, मेंमबर विमल आनन्द नाग, गुलाम जावेद, नौसाद खान, कमल किशोर कच्छप, गुलाम गौस कुरैशी, कलीम खान, सहजाद कुरैशी, मो.मुजीबुददीन एवं अन्य प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया। चेयरमैन विनय सिन्हा दीपू ने कहा रांची जिला के बच्चों ने 8 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदक पर कब्जा किया। इन खिलाड़ियों को रांची जिला कमिटी सम्मानित करेगी।

### प्रिंसिपल की नियुक्ति पर जांच की मांग किया गया

**रांची:** एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रोहित पांडे ने निर्मला कॉलेज के प्रिंसिपल पद पर सिस्टर ज्योति किस्पोट्टा की नियुक्ति और उनकी नियुक्ति की सहमति के मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल सह कुलाधिपति कार्यालय में ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया है कि सिस्टर ज्योति किस्पोट्टा को अनिवार्य अनुभव के स्थान पर महज साढ़े छह साल के अनुभव के साथ निर्मला कॉलेज रांची के प्राचार्य पद पर नियुक्त किया गया था। जबकि यूजीसी मानदंडों और झारखंड राज्य विश्वविद्यालयों के अनुसार व्याख्याता के रूप में न्यूनतम दस वर्षों का शिक्षण अनुभव अनिवार्य था। इसके अलावा, जब डॉ ज्योति किस्पोट्टा एसोसिएट प्रोफेसर भी नहीं थीं, तब नियुक्ति को जेपीएससी द्वारा सहमति दी गई थी और प्रोफेसर स्केल में प्रिंसिपल के रूप में सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था। यह किसी उच्च स्तरीय भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। गौरतलब है कि रोहित पांडे ने पहले भी इसी तरह का एक ज्ञापन रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति को सौंपा था।

### सोनाहातू में करम मिलन समारोह में मैट्रिक-इंटर के छात्र हुए सम्मानित

**रांची:** आदिवासी विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान विद्या ज्योति स्कूल मैदान, सोनाहातू में करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पाहन लक्ष्मण सिंह मुंडा, सोमन पुरान, मेघनाथ सिंह मुंडा आदि पाहन के द्वारा विधिवत करम डाली गाड़कर पूजा अर्चना किया गया। जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा ने कहा कि ऐसे समारोह में लोग कार्यक्रम के माध्यम से समाज में संदेश दिया जाता है कि शिक्षा को महत्व देते हुए अपने परंपरा को जीवित रखें। इस दौरान समिति के द्वारा प्रखंड में समाज के छात्र-छात्राएं जो मैट्रिक और इंटर में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए थे सभी को सम्मानित किया गया। मिलन समारोह में प्रखंड के हर पंचायत से सांस्कतिक दल पहुंचे और लोक सांस्कृतिक पर आधारित गीत और नृत्य प्रस्तुत किये। समारोह भोलेश्वर सिंह मुंडा, मुखिया मनोज सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा, दीनबंधु सिंह मुंडा, अवनी सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय खेलो झारखंड में एलईबीबी स्कूल के छात्र सुमेर मुंडा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची:** राज्य स्तरीय खेलो झारखण्ड में एलईबीबी उच्च विद्यालय रांची के वर्ग आठ के छात्र सुमेर मुंडा ने लॉन्ग जंप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उसने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा से विद्यालय और रांची जिले का नाम रौशन किया है। सुमेर मुंडा के इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विद्यालय द्वारा उसे सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार महतो ने कहा कि छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा को पहचान कर जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए। शिक्षा के साथ साथ खेलकूद में भी अपनी प्रतिभा दिखाना चाहिए। शारीरिक शिक्षा के शिक्षक नितेश कुमार ने भी इस मौके पर कहा कि खेलकूद और शारीरिक गतिविधि से जीवन में अनुशासन आता है। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षाकर्मी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

**रांची:** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा का 52वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक सी पी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सी पी सिंह जी ने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके राम राज्य में सभी प्रजा खुशहाल थे। उसी को हमें वापस लाना है। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि त्याग की भावना अगर सीखनी हो तो हमें भरत से सीखनी चाहिए। भरत जैसा भाई कलयुग में मिलना बहुत मुश्किल है। दरबार सजाकर हटिया के विधायक नवीन जायसवाल के द्वारा राज्याभिषेक किया गया। कार्यक्रम में रामाकांत महतो, संतोष साहू, अमित चौधरी, गुरविंदर सिंह शेट्टी, अध्यक्ष रोहित शारदा, महामंत्री अमित गुप्ता, संरक्षक सरदार अशोक सिंह, सुरेश प्रसाद, जयनारायण विजय, स्वामी दिव्यानंद, कुणाल अजमानी, दिलीप सोनी, रोहित नारायण सिंह, आशुतोष गिरी, विवेक जोशी, अर्जुन सिंघानिया, अजीत शर्मा, शालिनी चटर्जी, रिंकू तमांग, नम्रता सोनी, निरूपा देवी, प्रिया सिन्हा, रेखा पासवान, मीनू देवी, जितेंद्र बरनवाल, अनिल विजय, विनय ठाकुर, देवराज बर्मन, निरंजन वर्मा, देवराज बर्मन, प्रकाश बर्मन, ऋषि शारदा, जीतन राम, किशन राम, विकास गुप्ता, बिट्टू घोष, अंकित सोनी, मनीष कुमार तथा आशीष कुमार आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में मंच का संचालन रोहित शारदा ने किया। श्री राम भरत मिलाप का मंचन नित्यांजलि के ग्रुप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फेंटेसी ग्रुप के गणेश वंदना से किया गया। इस दौरान रेगुलेशन 2023 की डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका पुरस्कार का वितरण आज 30 अक्टूबर संध्या 5:00 बजे से किया जाएगा।

### मरहबा ह्यूमन सोसाइटी ने जरूरतमंदों के बीच बांटा भोजन

**रांची:** मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के द्वारा चलाए जा रहे एक कोशिश कोई भूखा न रहे अभियान के तहत राहगीरों, रिक्शा चालकों, ठेला लगाने वाले और जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के सामने भोजन का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि मरहबा ह्यूमन सोसायटी के द्वारा पिछले सात सप्ताह से जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच भोजन भोजन का वितरण करते आ रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि औरंगजेब खान ने कहा कि एक कोशिश, कोई भूखा ना रहे का संकल्प लेकर मरहबा की टीम भूखों को खाना खिलाने और जरूरतमंदो के काम आने का जो काम कर रही है। ये मानव सेवा की बेहतरीन मिसाल है। मरहबा के सदर हाजी नूर अहमद ने कहा कि किसी भूखे को खाना मुहैया कराना बहुत नेक काम है। कार्यक्रम में नायब सदर हाजी शाहिद आदि शामिल थे।